CMYK

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, रविवार 31 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 16 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 7 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



चीन से सतर्क रहने की जरूरत: अखिलेश यादव

पेज 2



आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स से अलग हुए राहुल द्रविड़

खेल टाइम्स




सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा ट्रम्प इज डेड

पेज 11



संजना सांघी बनी प्रतिष्ठित जज पैनल का हिस्सा

बॉलीवुड

# वोट चोरी देशवासियों के अधिकार व भविष्य की भी चोरी: राहुल

## कहा: बिहार से शुरू हुई वोटर अधिकार यात्रा की क्रांति अब पूरे देश में फैलने जा रही

आरा, वार्ता

**लोकसभा में** नेता विपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को 'वोट चोरी' को देशवासियों के अधिकार और भविष्य की भी चोरी बताते हुए कहा कि बिहार से शुरू हुई 'वोटर अधिकार यात्रा' की क्रांति अब पूरे देश में फैलने जा रही है।

श्री गांधी ने 'वोटर अधिकार यात्रा' के 14वें दिन बिहार के आरा में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के



**■ भाजपा ने लोकसभा चुनाव के साथ-साथ महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव भी चोरी किए**

साथ-साथ महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव भी चोरी किए। उन्होंने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का ज़िक्र करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन बिहार में वोट चोरी नहीं होने देगा। कांग्रेस नेता श्री गांधी ने कहा कि बिहार से क्रांति शुरू होती है और जनता ने दिखाया कि इस बार भी बिहार से ही 'वोटर अधिकार यात्रा' की क्रांति शुरू हुई और अब यह पूरे देश में फैलने जा रही है। श्री गांधी ने कहा कि यह सरकार पब्लिक सेक्टर का निजीकरण करके और अग्निवीर जैसी योजनाएं लाकर युवाओं से अवसर छीन रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी की सरकार अडानी-अंबानी की सरकार है। इसीलिए वह चाहती है कि गरीबों की आवाज़ देश में न सुनी जाए। लेकिन इंडिया गठबंधन ऐसा नहीं होने देगा। पूरे देश में गरीबों की आवाज़ गूंजेगी और सुनी जाएगी। बिहार में एक वोट भी चोरी नहीं होने दिया जाएगा।

# ह्यूमन GPS नाम से मशहूर आतंकी बागू खान ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षाबलों ने ह्यूमन जीपीएस के नाम से मशहूर आतंकी बागू खान को मार गिराया है। बागू खान समंदर चाचा के नाम से भी जाना जाता था। अधिकारियों को उसका पहचान पत्र भी मिला है।

सूत्रों के अनुसार, बागू खान 1995 से पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में रह रहा था। वह 25 सालों से आतंकी गतिविधियों में एक्टिव था और घुसपैठ के सबसे पुराने मददगारों में से एक था। वह



**■ 25 सालों में 100+ घुसपैठ में कराई थी मदद, गुरेज में दो दिन पहले एनकाउंटर**

100 से ज्यादा घुसपैठ की घटनाओं में शामिल था। बागू खान जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ के सभी रास्तों से वाकिफ था और पकड़े जाने से बचने के तरीके भी पता थे। इसलिए उसे ह्यूमन जीपीएस नाम दिया गया। वह सुरक्षा एजेंसियों की लिस्ट में हिजबुल मुजाहिदीन का मोस्ट वांटेड आतंकी था। सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की 28 अगस्त को बागू खान के साथ गुरेज सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश के दौरान मुठभेड़ हुई थी। इसमें वह अपने एक साथी के साथ मारा गया। दूसरे आतंकी की पहचान नहीं हुई है। हालांकि, दोनों के शव बरामद हो गए हैं।

### आरसीबी ने भगदड़ पीड़ितों को 25-25 लाख रुपये दिए

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शनिवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ में मारे गए ग्यारह पीड़ितों के परिवारों के लिए 25-25 लाख रुपये के वित्तीय पैकेज की घोषणा की। फ्रैंचाइजी ने आरसीबी केयर्स नामक एक नई दीर्घकालिक पहल का भी अनावरण किया, जिसका उद्देश्य निरंतर सामुदायिक सहायता प्रदान करना है। आरसीबी के अनुसार, यह वित्तीय सहायता शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़े होने की दिशा में पहला कदम है। बयान में कहा गया है कि यह केवल वित्तीय सहायता नहीं है, बल्कि करुणा, एकता और निरंतर देखभाल का वादा है। यह दुखद घटना 4 जून, 2025 को हुई थी, जब चिन्नास्वामी स्टेडियम के गेट के बाहर अत्यधिक भीड़ और अनियंत्रित भीड़ के कारण भगदड़ मच गई, जिसके परिणामस्वरूप आरसीबी परिवार के 11 सदस्यों की मौत हो गई।

### रिश्वत मांगने पर पीएनबी के एजेंट को 23 महीने की जेल

**नई दिल्ली।** गाजियाबाद में केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के एक रिकवरी एजेंट धर्मवीर सिंह को रिश्वत मांगने के आरोप में 23 महीने की जेल की सजा सुनाई है। एजेंट ने शाखा प्रबंधक को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने के लिए रिश्वत की मांग की थी। अदालत ने दोषी एजेंट धर्मवीर पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। सीबीआई ने 14 सितम्बर, 2022 को यह मामला दर्ज किया था।

### तियांजिन पहुंचे मोदी, एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे

**तियांजिन/नई दिल्ली।** पीएम मोदी चीन और जापान की चार दिन की यात्रा के दूसरे पड़ाव में शनिवार शाम चीन के शहर तियांजिन पहुंच गए, जहां वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। तियांजिन पहुंचने पर श्री मोदी का हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। श्री मोदी की चीन यात्रा राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर हो रही है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि चीन के तियांजिन पहुंच गया हूं। एससीओ शिखर सम्मेलन में चर्चा और विभिन्न वैश्विक नेताओं के साथ मिलने के लिए उत्सुक हूं।

# ट्रम्प के बेतुके टैरिफ पर अमेरिकी कोर्ट ने लगाई रोक

## 11 में से 7 न्यायाधीशों ने अपने राष्ट्रपति के फैसलों को बताया गैरकानूनी

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका** के आर्थिक आपातकाल संबंधी कानूनी प्रावधानों का इस्तेमाल कर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शासकीय आदेशों से तमाम देशों के माल पर लगाए गए तरह-तरह के आयात शुल्क (टैरिफ) को अमेरिका की एक संघीय अपीलीय अदालत ने अधिकारों का उल्लंघन करार देते हुए शुक्रवार को उन्हें गैरकानूनी करार दिया।

श्री ट्रम्प ने अधिकतर शुल्क अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लगाए थे। विभाजित निर्णय में न्यायालय के सात न्यायाधीशों ने राष्ट्रपति के आदेशों के विरुद्ध और चार ने पक्ष में निर्णय दिया। न्यायालय ने इस्पात और एल्युमीनियम पर लगे शुल्कों को छोड़ कर ट्रम्प द्वारा लगाए गए अन्य शुल्कों के बारे में कहा कि देश में कोई ऐसी आपदा नहीं है कि इन शुल्कों को उचित करार दिया जाए,



**■ अमेरिकी अदालत ने कहा राष्ट्रपति ट्रम्प ने किया अपने अधिकारों का उल्लंघन**

**■ ट्रम्प सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकें, फैसले को अक्टूबर तक लागू करने से रोका**

जिनसे अरबों डॉलर का आयात प्रभावित हो रहा है। अदालत ने आयात शुल्क को 'कानून के विपरीत होने के कारण अमान्य' घोषित किया है। अदालत ने हालांकि आयात शुल्क को अस्थायी रूप से लागू रहने दिया, जिससे प्रशासन को इस फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने का समय मिल गया है। कैलिफोर्निया राज्य ने इन शुल्कों के खिलाफ अदालत में मुकदमा दायर किया है। श्री ट्रम्प ने इस निर्णय के विरुद्ध अपील करने की घोषणा -**शेष पृष्ठ दो पर**

### अमेरिका के ऊंचे आयात शुल्क के खिलाफ व्यापारियों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** अमेरिका में भारत के सामान पर भारी आयात शुल्क लगाने की डोनाल्ड ट्रम्प सरकार की कार्रवाई को मनमानी बताते हुए दिल्ली के व्यापारियों ने फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन (फेस्टा) के बैनर तले शनिवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया और साथ ही सरकार से कर में कमी और ब्याज दर में राहत की अपील की।

प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी प्रशासन से आयात शुल्क वापस लेने और वार्ता के जरिए मसलों के समाधान का आह्वान किया है। सदर बाजार के कुतुब चौक पर

**■ ट्रम्प सरकार से कर में कमी व ब्याज दर में राहत की अपील की**

आयोजित विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे फेस्टा के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा और अध्यक्ष राकेश यादव ट्रम्प की व्यापार शुल्क नीति को भारत और अमेरिका के व्यापारिक संबंधों के लिए अहितकर बताया। प्रदर्शनकारी व्यापारी अपने हाथों में बैनर लिए हुए थे। वे ट्रम्प टैरिफ नीति वापस को वापस लो, अमेरिका तानाशाही बंद करें, जैसे नारे भी लगा रहे थे।

### जम्मू-कश्मीर के रियासी में लैंडस्लाइड सात शव बरामद

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के बदर गांव में शनिवार सुबह लैंडस्लाइड हुई। मलबे से अब तक 7 शव बरामद किए गए हैं। यहां और भी लोगों के फंसे होने की आशंका है। अन्य लोगों की तलाश जारी है। वहीं, रामबन के राजगढ़ में बादल फटने से 4 लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति लापता है। उसकी तलाश जारी है। हिमाचल प्रदेश में मंडी के गोहर में शुक्रवार देर रात बादल फटा था। नांडी पंचायत में नसेंणी नाला में कई गाड़ियां बह गईं। शिमला के जतोग कैंट में लैंडस्लाइड हुई। सेना की रेसिडेंशियल बिल्डिंगों को खाली कराया गया। पंजाब के अमृतसर, पठानकोट समेत 8 जिलों में बाढ़ के हालात बने हैं। 250 से ज्यादा गांवों में 5 से 15 फीट तक पानी भरा हुआ है। बाढ़ में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। 3 लोग लापता हैं। उत्तराखंड के चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी और बागेश्वर में शुक्रवार को बादल फटने की घटनाएं हुईं। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और 11 लापता हैं। बागेश्वर के कपकोट में कई घरों को भी नुकसान हुआ है। यूपी के 18 जिले बाढ़ की चपेट में है। राज्य में अब तक 774 मकान बारिश-बाढ़ में ढह चुके हैं। वाराणसी में सभी 84 घाटों का आपसी संपर्क टूटा है।

# आत्मनिर्भरता: सिर्फ विकल्प नहीं, अस्तित्व की शर्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आतंकवाद, महामारी और क्षेत्रीय संघर्षों के इस दौर में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता केवल एक विकल्प नहीं बल्कि अस्तित्व, सुरक्षा, संप्रभुता और प्रगति का रोडमैप है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत न केवल अपनी ज़रूरतें पूरी करेगा बल्कि दुनिया का एक विश्वसनीय साझेदार भी बनेगा।

यह विज़न भारत को 21वीं सदी में एक निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित करेगा। श्री सिंह ने शुक्रवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि आत्मनिर्भरता संरक्षणवाद का नहीं बल्कि संप्रभुता और राष्ट्रीय स्वायत्तता से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि संघर्ष, व्यापार युद्ध और अस्थिरता के कारण दुनिया भर में स्थिति निरंतर बदल रही हैं और भू-राजनीतिक बदलावों ने साबित कर दिया है कि रक्षा के लिए दूसरों पर निर्भरता अब कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का हमेशा से मानना रहा है कि आत्मनिर्भर भारत ही अपनी सामरिक स्वायत्तता की रक्षा कर



**■ कहा: आत्मनिर्भर भारत दुनिया का एक विश्वसनीय साझेदार भी बनेगा**

सकता है। रक्षा मंत्री ने अमेरिका का नाम लिए बिना कहा कि कई विकसित देश संरक्षणवादी उपायों का सहारा ले रहे हैं जिससे 'व्यापार युद्ध' और 'टैरिफ युद्ध' की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही हैं। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को अलग तरीके से नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि यह संरक्षणवाद नहीं है। यह संप्रभुता का मामला है। उन्होंने कहा कि जब युवा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और संभावनाओं से भरपूर एक राष्ट्र आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता है, तो विश्व रुककर उस पर ध्यान देता है।

### कर्नाटक: 9वीं की छात्रा की स्कूल टॉयलेट में डिलीवरी

**यादगीर।** कर्नाटक के यादगीर जिले के शाहपुर तालुक में एक सरकारी रेसिडेंशियल स्कूल की 9वीं क्लास की स्टूडेंट ने स्कूल टॉयलेट में बच्चे को जन्म दिया। घटना 27 अगस्त की है। पुलिस एफआईआर के मुताबिक लड़की 9 महीने की प्रेग्नेंट थी। मामला तब सामने आया जब उसके साथ पढ़ने वाली दूसरी लड़कियों ने पीड़ित को दर्द में देखा। इसके बाद स्कूल मैनेजमेंट को बताया। लड़की और बच्चे दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि स्कूल प्रबंधन और पीड़ित के भाई ने उन्हें घटना की जानकारी नहीं दी। जांच के दौरान 28 साल के एक व्यक्ति पर पोक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस घटना के बाद कर्नाटक आवासीय शैक्षणिक संस्थान सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक कंथाराजू ने भी स्कूल के 2 टीचर्स को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है।

# आरोपी बदनाम हो, रेप विक्टिम नहीं: हाईकोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक रेप केस की सुनवाई करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में आरोपी की बदनामी होनी चाहिए, रेप विक्टिम की नहीं। समाज को अपनी सोच बदलनी चाहिए।

कोर्ट ने यह टिप्पणी आरोपी की याचिका पर सुनवाई करते हुए की थी। आरोपी ने दलील दी थी कि अगर आप मेरे ऊपर चल रहे केस

**■ कहा: समाज को सोच बदलनी चाहिए**

को रद्द कर दें, तो इससे पीड़ित को सामजिक कलंक और बदनामी से राहत मिलेगी। हालांकि कोर्ट ने दलील को खारिज करते हुए आरोपी पर 10000 रुपये का जुर्माना लगा दिया। कोर्ट ने कहा कि बदनामी पीड़ित की नहीं, बल्कि गुनाह करने वाले पर होनी चाहिए। समाज को सोच बदलनी चाहिए। शर्म उस लड़के या आदमी को आनी चाहिए जिसने बलात्कार किया, न कि उस लड़की को जिसे इतनी बड़ी तकलीफ झेलनी पड़ी। यह दलील बिल्कुल गलत है, क्योंकि अन्याय लड़की के साथ हुआ, उसके माता-पिता के साथ नहीं। सिर्फ वही पीड़ित ही अपराधी को माफ कर सकती थी, वह भी कुछ खास परिस्थितियों में। जैसा ऊपर बताया गया, पीड़ित अभी भी नाबालिग है। मामला साल 2024 का है।

# असम में मुस्लिम बस्तियों को नहीं, संविधान को किया जा रहा बुल्डोज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जमीयत उलमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति की एक अहम सभा अध्यक्ष जमीयत उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी की अध्यक्षता में जमीयत उलमा-ए-हिंद के मुख्यालय में आयोजित हुई।

सभा में भाग लेने वालों ने देश की वर्तमान स्थिति पर विचार करते हुए देश में बढ़ती सांप्रदायिकता, कट्टरता, अशांति, अल्पसंख्यकों और विशेष रूप से मुसलमानों के साथ धर्म के आधार पर भेदभाव, पूजा-स्थल एक्ट के बावजूद मदरसों और मस्जिदों के खिलाफ सांप्रदायिकों की जारी मुहिम और खासतौर



**■ अब ऐसा लगता है देश में अदालतों की कोई आवश्यकता नहीं है: जमीयत उलमा-ए-हिंद**

**■ हमारी लड़ाई किसी समुदाय से नहीं, सरकार और उसकी गलत नीतियों से है**

पर असम में जारी निष्कासन और पचास हज़ार से अधिक मुस्लिम परिवारों को केवल धर्म के आधार पर बुल्डोज़ करने की कार्रवाई और फलिस्तीन में इज़रायल के आक्रामक आतंक पर कड़ी चिंता व्यक्त की गई, और इन जैसे बहुत सारे मुद्दों पर चर्चा हुई। जमीयत उलमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति की इस अहम सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जमीयत उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी ने देश की वर्तमान राजनीतिक एवं सामाजिक स्थिति पर कड़ी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मुसलमानों की एक दो समस्याएं हों, तो उन्हें बयान किया जाए, यहां तो समस्याओं का एक ढेर है। एक समस्या समाप्त नहीं होती कि दूसरी पैदा कर दी जाती है। एक विवाद ठंडा नहीं होता कि दूसरा विवाद खड़ा कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि चारों ओर से मुसलमानों पर हमले हो रहे हैं और यह सब कुछ योजनाबद्ध तरीक़े से हो रहा है। ऐसा लगता है कि हिंदू-मुसलमान करने के अतिरिक्त सरकार और सांप्रदायिकता के हामियों के पास कोई अन्य मुद्दा ही नहीं रह गया है। इस समय देश की स्थिति जितनी चिंताजनक है इसका अतीत में उदाहरण नहीं मिलता, -**शेष पृष्ठ दो पर**

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

# पुल निर्माण की मांग पर अड़े ग्रामीण

## पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने आंदोलन को दिया समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के गांव सरदारपुर छायली में पहाड़ा नदी पर पुल निर्माण की मांग वर्षों से अधूरी पड़ी है। आवागमन की इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीण पिछले चार दिनों से धरने पर डटे हुए हैं। आंदोलनरत ग्रामीणों का हौसला तब और बढ़ गया, जब पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह मौके पर पहुंचे और आंदोलन को अपना समर्थन दिया।



गांव सरदारपुर छायली के समीप बहने वाली पहाड़ा नदी बरसात के मौसम में विकराल रूप धारण कर लेती है। पुल न होने के कारण गांव पूरी तरह से कट जाता है और ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। बच्चों की शिक्षा, बीमारों की अस्पताल तक पहुंच, कृषि उपज की निकासी और दैनिक जीवन की गतिविधियाँ प्रभावित हो जाती हैं। कई बार ग्रामीण नदी पार करने में अपनी जान तक जोखिम में डालते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि पुल निर्माण की मांग कोई नई नहीं है। पिछले अठारह वर्षों से यह मुद्दा बार-बार उठाया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्र में चार विधायक और सांसद बदल चुके हैं, लेकिन किसी ने भी इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया।

धरने पर पहुंचे पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने ग्रामीणों की समस्या को जायज ठहराते हुए कहा कि पुल निर्माण बेहद आवश्यक है। पूर्व में इतनी धनराशि उपलब्ध नहीं हो पाती थी, लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को जिला प्रशासन से लेकर प्रदेश सरकार तक उठाएंगे और तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक इस पुल के निर्माण की स्वीकृति नहीं मिल जाती।

धरने पर मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि वे वर्षों से इसी समस्या से जूझ रहे हैं। हर चुनाव में पुल निर्माण का वादा तो होता है, लेकिन आज तक काम शुरू नहीं हुआ। ग्रामीणों ने साफ कहा कि जब तक शासन स्तर से पुल निर्माण की ठोस घोषणा नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल बनने से न केवल गांव के लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि आस-पास के दर्जनों गांवों को भी फायदा होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि कारोबार सब आसान हो जाएगा।

# वेब शुगर मिल धनौरा के गन्ना सेंटर का विरोध

## बिंदल शुगर मिल का गन्ना सेंटर स्थापित करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ग्राम मिर्जापुर बेला के किसानों ने गन्ना समिति में पहुंच कर वेब शुगर मिल धनौरा के गांव मिर्जापुर बेला में स्थित गन्ना सेंटर विरोध करते हुए कहा कि पर गन्ना सेंटर पर समय-समय पर पर तौल बंद रहने और अत्यधिक भीड़ होने के कारण गन्ना सीजन में होने वाली परेशानी से बचने के लिए धनौरा की जगह बिंदल शुगर मिल चांगीपुर के केंद्र को स्थापित किए जाने के लिए एक मांग पत्र दिया।

गन्ना किसानों ने कहा कि उन्हें गन्ना डालने मे परेशानी होती है। साथ ही किसानों का गन्ना सूख जाता है, जिससे किसानों को आर्थिक हानि भी होती है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव ककराला में बिन्दल शुगर मिल चांगीपुर के दो गन्ना क्रय केंद्र स्थापित है। ग्रामीणों ने कहा कि एक गन्ना सेंटर चांगीपुर मिल का ग्राम मिर्जापुर बेला मे स्थापित किया जाये ताकि गन्ना किसानों का गन्ना समय पर डल जाये। चांदपुर गन्ना विकास समिति पहुंचने वाले ग्रामीणों ने ग्राम मिर्जापुर बेला में चांगीपुर मिल के गन्ना क्रय केंद्र को स्थापित करने की मांग की। गन्ना समिति सचिव के नाम लिखे प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने कहा है कि ग्राम मिर्जापुर बेला मे वेब शुगर इंडस्ट्रीज धनौरा मिल का केंद्र पिछले कई वर्षों से लगा हुआ है, लेकिन गन्ना सेंटर पर भारी अनियमितताएं रहने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सहकारी गन्ना समिति सचिव के नाम लिखे प्रार्थना पत्र पर सईदा खातून सदस्य क्षेत्र पंचायत मिर्जापुर, नरेश कुमार, संदीप कुमार, अश्वनी कुमार, संजय कुमार, ऋषभ कुमार, रवि कुमार, शशि बाला, गीता देवी, जसवंत सिंह आदि के नाम व हस्ताक्षर हैं।

## एक नजर

### विवादित मकान निर्माण की जांच



**स्योहारा।** ग्राम पित्थापुर में करीब 350 गज भूमि पर चल रहे मकान निर्माण को लेकर की गई शिकायत पर तहसील प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। कानूनगो चंद्रपाल तथा पटवारी राजमोहन ने मौके की स्थिति का जायजा लिया। शिकायतकर्ता पूर्व प्रधान नफीस अंसारी एवं दूसरे पूर्व प्रधान अनु उर्फ अनवर का आरोप है कि जिस भूमि पर मकान निर्माण किया जा रहा है। वह विवादित है और बिना नियमों का पालन किए उस पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य महबूब पुत्र हाजी यूनुस द्वारा कराया जा रहा था। तहसील प्रशासन की जांच के दौरान चार बैनामों की चौहद्दी खुलवाई गई। इस दौरान कई बिंदुओं पर सवालिया निशान खड़े हो गए। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यदि जमीन की चौहद्दी सही नहीं बैठती है, तो यह निर्माण अवैध माना जाएगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उक्त भूमि कृषि योग्य है और इस पर मकान निर्माण कराने से पहले धारा 80 की अनुमति आवश्यक होती है। टीम ने निर्देश दिए कि जब तक इस मामले की जांच पूरी नहीं हो जाती है। तब तक किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा। वही इस संबंध में मकान निर्माण कर रहे स्वामी का कहना है कि हमारा बैनामा सीधा संपत्ति है यह किसी तरह से भी गलत नहीं है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**नहटौर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला की बिजनौर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि चार दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितयों में उसकी हालत बिगड़ गई थी। परिजनों ने उसे बिजनौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई को जाएगी।

### कामरेड अल्ताफ का निधन

**नांगल सोती।** नांगल सोती ब्रांच के मोहल्ला कैथवाड़ा निवासी कामरेड अल्ताफ बीते कुछ दिनों से कैंसर की बीमारी से पीड़ित चल रहे थे। उनके परिजन उनका इलाज चंडीगढ़ में करा रहे थे। कैंसर से पीड़ित होने के चलते उनका लगभग (65 वर्ष) की उम्र में निधन घर पर ही हो गया। उनके निधन की सूचना से नांगल क्षेत्र के कम्युनिस्टों में शोक व्याप्त हो गया। माकपा के जिला मंत्री विजेंद्र सिन्हा, जिला कमेटी सदस्य सुनील कुमार, मुकेश शर्मा, सुरेन्द्र सिन्हा, पेमा, शमशाद अहमद, प्रमोद कुमार, विजय सिंह, संतराम सिंह, मोमिन अहमद आदि उनके घर पहुंच गए। माकपा कार्यकर्ताओं ने उनके पार्थिक शरीर पर पार्टी का लाल झंडा डालकर कामरेड अल्ताफ को लाल सलाम के नारों से श्रद्धांजलि दी। जिलामंत्री विजेंद्र सिन्हा ने बताया कि अल्ताफ अहमद बीते 35 वर्षों से माकपा की विचार से जुड़े थे और बीते 25 वर्षों से सक्रिय सदस्य के रूप में पार्टी के लिए कार्य कर रहे है, उनका निधन नांगल क्षेत्र के बड़ी क्षति है।

### सीएचसी पर मासिक समीक्षा बैठक



**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा में अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त स्वास्थ्यकर्मियों एवं स्टाफ ने भाग लिया। बैठक के दौरान विभाग से जुड़े सभी कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा प्रगति रिपोर्ट ली गई। अधीक्षक डॉ. स्नेही ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सभी कार्यक्रमों को गंभीरता से लिया जाए और निर्धारित समय पर पूर्ण किया जाए। सभी कर्मचारी शासन की मंशा के अनुरूप समय से ड्यूटी पर ड्रेस कोड में उपस्थित होकर जिम्मेदारी और ईमानदारी से कार्य करें। दूर दराज से आने वाले मरीजों को परेशानी न हो, इसके लिए उन्हें सौहार्दपूर्ण माहौल और समुचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं जो सेवाएं सीएचसी पर उपलब्ध नहीं हैं उनके लिए मरीजों को समय पर जिला अस्पताल के लिए संदर्भित किया जाए। नियमित टीकाकरण के बाद उसी दिन ई-कवच व यू-विन पोर्टल पर सभी डाटा फीड किया जाए। सभी सुपरवाइजर अपनी-अपनी एएनएम की गति. विधियों पर सतत निगरानी रखें। बरसात के मौसम में संक्रामक रोगों की संभावना पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की संक्रामक आपदा की स्थिति में तत्काल निरोधात्मक कार्रवाई की जाए और इसकी सूचना केंद्र को दी जाए। साथ ही ग्रामीणों को साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल और मच्छर जनित रोगों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया जाए। आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से ओआरएस व जिंक की उपलब्धता घर-घर तक सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, राजेश कुमार, धीरेंद्र सिंह, फार्मासिस्ट योगेश कुमार, प्रदीप रावत, हरीश कुमार, देवेंद्र सिंह, पवन पुरुषार्थी, डॉ. श्वेता, राकेश कुमार, स्नेह लता, अमित कुमार, तुषार चंद्रा, शिवम, मौहम्मद फारुख, मुकेश शर्मा, अनीता, अल्का अमृता, नीरज, बीपीएम शालिनी बिश्नोई, राशि, अनम सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# अनियंत्रित होकर पेट्रोल व डीजल से भरा टैंकर सड़क किनारे पलटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कोतवाली देहात मार्ग पर गांव महमूदपुर के पास स्थित पैट्रोल पंप के सामने पेट्रोल व डीजल से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार बीती सायं करीब साढ़े पांच बजे नजीबाबाद आयल डिपो से पेट्रोल व डीजल लेकर फीना जाने के दौरान एक टैंकर कोतवाली देहात मार्ग पर गांव महमूदपुर के पास स्थित पेट्रोल पंप के सामने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। जिसमें रिसाव शुरू होने पर हड़कंप मच गया। चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खतरे को देखते हुए आवाजाही रोक दी। नजदीक पेट्रोल पंप होने पर पेट्रोल पंप वालों ने भी पेट्रोल व डीजल देना बंद कर दिया। सूचना पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची।

## गुलदार के हमले से गोवंश की मौत

**नांगल सोती।** ग्राम नाईवाला निवासी सुनील कुमार की रेलवे लाइन से उत्तर की दिशा में पशुशाला है। पशुशाला में कई पशु बंध रहे थे। बीती रात्रि में गुलदार किसी समय गोवंश को उठा ले गया। सुबह जब ग्रामीणों ने गोवंश की तलाश की तो पशुशाला से सौ डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर एक गन्ने के खेत में गोवंश मृत अवस्था में मिला। गुलदार ने गोवंश के काफी हिस्से को निवाला बना लिया था। क्षेत्र में आये दिन गुलदार की दस्तक से ग्रामीण चिंतित है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़वाने की मांग की है।

# एजुकोल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

## ओलिविया हाउस बना विजेता




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में कक्षा छह से ग्यारहवीं तक की छात्राओं ने इंटर हाउस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्या मिस प्रीति अग्रवाल ने मां सरस्वती की वंदना व दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रतियोगिता में ओलिविया हाउस से ख्याति चौहान, जिज्ञाशा आर्य, डिम्पल राणा, पलक सैनी, पोर्सिया हाउस से तस्कीन, अदिति, मदीहा रहमानी, समीक्षा, कोडिल्या हाउस से सिद्धि चौहान, कनक, स्नवी, काव्या और क्लोपैटरा हाउस से अदीबा सलीम, अक्षरा, कनिका ,लक्षिता ने प्रतिभाग किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के तीन राउंड थे। पहले राउंड में छात्राओं ने 10 प्रश्नों के उत्तर उत्साहपूर्वक दिए। दूसरा राउंड 07 प्रश्नों पर आधारित था, जिसमें नेगेटिव मार्किंग थी। नेगेटिव मार्किंग के कारण कॉर्डिलिया हाउस और क्लोपैटरा हाउस प्रतियोगिता से बाहर हो गया। तीसरे राउंड में द्रुत गति से निगेटिव मार्किंग के साथ 05 प्रश्नों के उत्तर देते हुए ओलिविया हाउस से ख्याति चौहान, जिज्ञाशा आर्य, डिम्पल राणा, पलक सैनी विजयी रहे। हाउस इंचार्ज साक्षी दुआ व अन्य सदस्य रीता कुमारी, तनु गुप्ता, आंचल चौहान का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11वीं की छात्रा कृतिका राज और कक्षा नवीं से फातमा रब ने किया। निर्णायक मंडल में पारुल चौहान और मनोज कुमार रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्या मिस प्रीति अग्रवाल ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल प्रतिस्पर्धा नहीं है, बल्कि सभी को कुछ नया सीखने का अवसर प्रदान करना भी है। क्योंकि आज का युग प्रतियोगिता का युग है, इसलिए हर बच्चे को प्रतियोगी बनाना आवश्यक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में उषा रानी, जागृति ठाकुर, पारुल गोयल, लीना चौहान, साक्षी चौहान, शीरीन बरी, अरुण शर्मा के साथ समस्त स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प के...** की है। श्री ट्रम्प ने शुल्कों को अपनी कूट नीति का हथियार बना रखा है। उन्होंने भारत और ब्राजील पर सबसे अधिक 50 प्रतिशत कर लगाया है। अदालत ने कहा है कि राष्ट्रपति ने बहुत से शुल्कों के मामले में अपने अधिकारों का उल्लंघन किया है। श्री ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ' सोशल पर एक पोस्ट में चेतावनी देते हुए लिखा कि सभी आयात शुल्क अब भी लागू हैं। उन्होंने अपीलीय न्यायालय को अत्यधिक पक्षपातपूर्ण बताया और कहा कि उसने गलत तरीके से इन शुल्कों को हटाने को कहा है। उन्होंने कहा कि लेकिन वह जानते हैं कि अंत में अमेरिका की ही जीत होगी। अगर ये शुल्क कभी हटा दिए गए, तो यह देश के लिए पूरी तरह से विनाशकारी होगा। यह हमें आर्थिक रूप से कमज़ोर बना देगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका अब भारी व्यापार घाटे और दूसरे देशों, चाहे वे मित्र हों या शत्रु, द्वारा लगाए गए अनुचित शुल्कीय और गैर-शुल्कीय व्यापार बाधाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा, जो हमारे निर्माताओं, किसानों और अन्य सभी को कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा कि ये शुल्क हमारे श्रमिकों की मदद करने और उन कंपनियों का समर्थन करने का सबसे अच्छा साधन हैं, जो बेहत. रीन 'मेड इन अमेरिका' उत्पाद बनाती हैं। उन्होंने कहा कि कई वर्षों तक, हमारे बेपरवाह और नासमझ राजने. ताओं ने शुल्क को हमारे खिलाफ इस्तेमाल करने दिया। अब, अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय की मदद से, हम उनका उपयोग अपने राष्ट्र के लाभ के लिए करेंगे और अमेरिका को फिर से समृद्ध, मजबूत और शक्तिशाली बनाएंगे।

**असम में...** सत्ता परिवर्तन के बाद एक के बाद एक जो घटनाएं हो रही हैं उससे अब इसमें कोई आशंका नहीं रह गई है कि भारत फ़ासीवाद की चपेट में चला गया है। सांप्रदायिकता और अराजकतावादी शक्तियों का बोलबाला हो गया है। इतिहास गवाह है कि जो समुदाय अपनी पहचान, संस्कृति और धर्म के साथ जिंदा रहना चाहता है उसे बलिदान देना पड़ता है, आज देश ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां नफ़रत को देश-भक्ति कहा जा रहा है और अत्याचारियों को कानून की पकड़ से बचाया जा रहा है, बल्कि देश में सांप्रदायिकता की आग में केवल मुसलमान ही नहीं बल्कि देश का अस्तित्व झुलस रहा है, मौलाना मदनी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आज़ादी के बाद ही से सांप्रदायिक मानसिकता को खुला मैदान मिल गया, सरकार ने इस मानसिकता को समाप्त करने के लिए कभी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की, ऐसे में केवल जमीयत उलमा-ए- हिंद एक ऐसा धर्मनिरपेक्ष संगठन था और है, जो हर स्तर पर सांप्रदायिक मानसि. कता का मुक़ाबला कर रही थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी लड़ाई किसी व्यक्ति या संगठन से नहीं बल्कि सरकार से है, क्योंकि देश में प्रशासनिक स्थिति को बरक़रार रखना और देश के हर नागरिक को सुरक्षा देना उसी की ज़िम्मेदारी है, इस लिए देश में जब-जब मुसलमानों के खिलाफ कोई समस्या खड़ी की जाती है हम उसके खिलाफ क़ानूनी लड़ाई लड़ने को प्राथमिकता देते हैं जिसमें पक्ष सरकार ही होता है। उन्होंने आगे कहा कि देश की आज़ादी के बाद जब हमारे कुछ बड़ों ने अपनी समस्याएं लेकर सड़कों पर उतरने की बात कही, तो कुछ लोगों ने इस का विरोध किया। उनका मत था कि हमें इस रणनीति को अपनाना चाहिए कि मुस्लिम अवाम का मुकाबला सांप्रदायिकों से नहीं सरकार से हो। अगर हम सड़कों पर उतरे, तो टकराव की स्थिति पैदा हो सकती है और यह बात हमारे लिए ही नहीं देश के लिए भी हानिकारक हो सकती है। उन्होंने कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद अपने बड़ों के बताए हुए रास्ते पर पूरी दृढ़ता और सफलता के साथ चल रही है। टकराव की राजनीति की जगह हम क़ानूनी तौर पर लड़ाई लड़ रहे हैं और इसमें हमें सफलता भी मिल रही है। मौलाना मदनी ने अन्य अहम समस्याओं के साथ असम का विशेष रूप से ज़िक्र किया और कहा कि असम में पिछले कुछ समय से मुस्लिम आबादियों को निशाना बनाकर उसमें रहने वालों को बेघर कर देने का योजनाबद्ध अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा करके मुस्लिम बस्तियों को ही नहीं असम में देश के संविधान और क़ानून को बुल्डोज़ किया जा रहा है। यह केवल राजनीति और धर्म के आधार पर की जाने वाली निंदनीय कार्रवाई है, मुसलमानों के साथ दूसरे दर्जे के नागरिकों जैसा व्यवहार हो रहा है, जिसकी निंदा देश का हर न्याय-प्रिय नागरिक कर रहा है, मगर राज्य के मुख्यमंत्री को न संविधान की और ना क़ानून की परवाह है और न ही न्यायालय का भय है, यही कारण है कि जब कुछ मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने बुल्डोज़र कार्रवाई पर रोक लगा दी, तो दूसरी मुस्लिम बस्तियों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि असम में शांति व्यवस्था स्थापित करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से जमीयत उलमा-ए-हिंद एकमात्र ऐसा संगठन है, जो शुरू ही से क़ानूनी संघर्ष करती आई है, जिसमें उसे हर अवसर पर सफलता मिली है, इसलिए अब ताज़ा अभियान के अंतर्गत जिस तरह धर्म के आधार पर लगभग पचास हज़ार परिवारों को बेघर कर दिया गया, जमीयत उलमा-ए-हिंद को न केवल गंभीर चिंता है बल्कि वो चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया से यह अनुरोध भी करती है कि वो इस मुआमले का स्वयं नोटिस ले और जो लोग भी इस असंवैधानिक कार्रवाई में शामिल हैं उनके खिलाफ क़ानूनी क़दम उठाए, बल्कि राज्य के मुख्यमंत्री जिस तरह मुसलमानों के खिलाफ लगातार ज़हरीले बयान दे रहे हैं उनके खिलाफ भी मुक़दमा होना चाहिए ताकि राज्य में शांति व्यवस्था का वर्चस्व बाक़ी रखा जा सके। सत्ता में बैठे हुए लोगों के नफ़रती बयानों पर रोक लग सके। उन्होंने यह भी कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद किसी भी सरकारी ज़मीन पर अवैध क़ब्ज़े का समर्थन नहीं करती है, लेकिन सच्चाई यह है कि जिन मुस्लिम बस्तियों को अवैध कह कर बुल्डोज़ किया जा रहा है वो आज की नहीं बहुत पुरानी बस्तियां हैं, अगर वो बस्तियां अवैध थीं तो इस से पहले की सरकारों ने वहां सारवजनिक सुविधाएं क्यों उपलब्ध कीं, लेकिन अफसोस कानून और न्याय को ताक़ पर रखकर केवल मुस्लिम बस्तियों को ही निशाना बनाया जा रहा है। वहां के मुख्यमंत्री ने अपने हालिया बयान में कहा कि हम केवल मियां मुस्लिम लोगों को निष्कासित कर रहे हैं, यह इस बात का खुला प्रमाण है कि यह कार्रवाई मुस्लिम दुश्मनी पर अधारित है और अवैध कार्रवाई है, मुख्यमंत्री यह भी कहता है कि जिन लोगों को हटाया गया है अब उनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिया जाएगा अर्थात उन्हें वोट देने के अधिकार से वंचित कर दिया जाएगा। सवाल यह है कि क्या अब देश में कोई कानून नहीं रह गया ? क्या किसी मुख्यमंत्री का फरमान ही अब कानून है, न्यायालय की अब कोई आवश्यकता नहीं रह गई, क्या एक मुख्यमंत्री किसी नागरिक को वोट के अधिकार से वंचित कर देने का अधिकार रखता है। मौलाना मदनी ने आगे कहा कि जब देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ही मुसलमानों के खिलाफ गैर-ज़िम्मेदाराना बयान दें, तो फिर दूसरे लोगों को प्रोत्साहन मिलेगा ही। असम के मुख्यमंत्री की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह व्यक्ति जब से मुख्यमंत्री बना है जहां जाता है ज़हरीला भाषण देता है, मुसलमानों को खुले आम घुसपैठिया कहता है। वास्तव में ऐसा करके राज्य के हिंदूओं और मुसलमानों के बीच नफ़रत की ऐसी खाई पैदा कर रहे हैं, जिसे आसानी से पाटा न जा सके और यह बात संविधान के अपमान के समान है, जिसमें देश के सभी नागरिकों को बराबर के अधिकार दिए गए हैं। मौलाना मदनी ने यह भी कहा कि यह व्यक्ति असम के लाखों मुसलमानों की नागरिकता छीन लेने का सपना देखता था इसी लिए 1951 की जनगणना को नागरिकता के आधार की मांग सामने आई थी मगर जमीयत उलमा-ए-हिंद के समय पर क़ानूनी संघर्ष के कारण जो निर्णय आया उसने सभी सांप्रदायिकों के नापाक इरादों पर पानी फेर दिया जो इस उम्मीद में पागल हुए जा रहे थे कि धारा 6-ए के निरस्त होने के बाद विदेशी क़रार देकर करोड़ों लोगों को राज्य से बाहर निकाल देंगे। उन्होंने कहा कि एनआरसी के बाद घुसपैठ और विदेशी नागरिकों का मामला बिलकुल स्पष्ट हो गया है मगर सांप्रदायिक गोलबंदी के लिए सां. प्रदायिक ताकतें राज्य में इस समस्या को पुनः जीवित रखना चाहती हैं, मुसलमानों को बेघर कर देने का अभियान इसी योजना का एक हिस्सा है। जमीयत उलमा असम के अध्यक्ष मौलाना मुश्ताक अनफर और आमसू के अध्यक्ष रज़ाउल करीम अन्य लोगों के साथ दिल्ली में मौजूद हैं और सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के साथ मीटिंगों का सिलसिला चल रहा है। जमीयत उलमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति के फैसले के अनुसार जल्द ही सुप्रीम कोर्ट में इसके खिलाफ पटीशन दाख़िल कर दी जाएगी। कार्यकारी समिति ग़ज़ा में जारी नरसंहार और अमानवीय अत्याचारों की कड़ी निंदा करती है। लगभग एक लाख मनुष्यों की हत्या और आम नागरिकों को भूख प्यास से मारना आतंक की बदतरीन मिसाल है, इसके अतिरिक्त ग्रेटर इज़रायल की अराजकता और ग़ज़ा पर पूर्ण क़ब्ज़े की घोषणा, फलस्तीनियों को मिटाने और बाक़ी बची भूमि हड़पने की बदतरीन साज़िश है। कार्यकारी समिति जमीयत उलमा-ए-हिंद गाजा में युद्धविराम के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ताक़तों से मांग करती है कि वो ग़ासिब इजरायल के खिलाफ निर्णायक कदम उठाएं। इसके साथ ख़ुराक, ईंधन और तुरंत मेडिकल सहायता के लिए रास्तों को खुलवाएं और भारत सरकार से भी यह मांग करती है कि इज़राईल के आक्रामक एवं अत्याचारी क़दम की निंदा करते हुए उसके साथ सभी फौजी और इस्ट्रैटजिक संबंध को तोड़ दे। जमीयत उलमा-ए-हिंद सभी नागरिकों और संगठनों से भी अपील करती है कि वो पीड़ित फिलिस्तीनियों के अधिकारों का समर्थन करें और पीड़ितों की आवाज़ बनें। जमीयत उलमा-ए-हिंद का यह मानना है कि इस तबाही व बर्बादी में अमरीका का हाथ है और फिलिस्तीन में अरबों के नरसंहार में वो प्रथम भागीदार है और वो यह चाहता है कि गाजा को इंसानी आबादी से खाली करके यहां यहूदीयों को बसाया जाए, लेकिन कदापि ऐसा नहीं होगा। जमीयत उलमा-ए-हिंद का शुरू ही से यह मत रहा है कि एक आज़ाद और स्वंतंत्र राज्य की स्थापना ही फलस्तीन समस्या का स्थायी समाधान है। इस गंभीर और ख़तरनाक स्थिति में अमरीका और उसके अध्यक्ष की गासिब और ज़ालिम इज़राईल का अनुचित समर्थन बहुत निंदनीय है। कार्यकारी समिति गाजा के मुजाहिदीन के साहस को सलाम प्रस्तुत करते हुए कहा कि अमरीका, इजरायल और वह सभी देश जो हमास का पूर्ण समापन चाहते हैं आज बुरी तरह असफल हैं, इस परिदृश्य को क़ायम रखने के लिए निःसंदेह गाजा के एक लाख शहीदों ने अपना खून दिया है। जमीयत उलमा-ए-हिंद स्वतंत्रता प्रेमी फलस्तीनियों को अपनी हार्दिक सहानुभूति का आश्वासन दिलाती है और उनकी स्वतंत्रता की मांग का दिलो-जान से समर्थन करती है। अल्लाह तआला फलस्तीनियों के साहस और उनकी हिम्मत को बुलंद रखते हुए उनकी सहायता करे अथवा उनके दुश्मनों को नष्ट और बर्बाद कर दे, आमीन।

# एलएलएम द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



**बिजनौर।** एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा एलएल.एम. द्वितीय सेमेस्टर के घोषित परिणांम में कृष्णा कालेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि छात्र अज़ीम परवेज़ ने प्रथम, आर्यन शर्मा ने द्वितीय तथा कनिका गोयल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान ने बताया कि कृष्णा कालेज ऑफ लॉ बिजनौर रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय का प्रथम स्ववित्तपोषित विधि महाविद्यालय है एवं जनपद बिजनौर में एलएल.एम की शिक्षा प्रदान करने वाला एकमात्र महाविद्यालय है। पूर्व में भी महविद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। कालेज के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कालेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खा. तथा विधि विभाग के प्रवक्तागणों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अमेरिका की टैरिफ नीति को लेकर सपा प्रमुख ने चेताया

# चीन से सतर्क रहने की जरूरतः अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अमेरिका की टैरिफ नीति के बाद भारत की चीन के साथ बढ़ती नजदीकी पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सलाह दी है कि चीन से केंद्र की भाजपा सरकार को 24 घण्टे सतर्क रहने की जरूरत है। द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है।



शनिवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर उन्होंने कहा कि जापान से संबंध बनाएं और वहां जा रहे हैं तो क्योटो भी होकर आएं। लेकिन जो चीन हमारे देश की भूमि और बाज़ार हड़प रहा है, उससे चौबीसों घंटे सतर्क रहें। विदेश नीति वैश्विक शांति और वैकासिक साझेदारी को बढ़ावा दे, तो अच्छा है, टकराहट को नहीं। कोई भी वैदेशिक समझौता देश की सुरक्षा और समृद्धि से समझौता नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि जापान दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान के पीएम शिगेरु इशिबा के साथ द्विपक्षीय व्यापार को बघवा देने के उद्देश्य से 13 अहम समझौते किए हैं। इनमें दोनों देशों ने रक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद से जंग, एआई, सेमी कंडक्टर समेत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में साझेदारी के 13 समझौते किए हैं। वहीं अखिलेश ने भाजपा को 'इस्तेमाली' पार्टी की संज्ञा देते हुए आरोप लगाया कि सांप्रदायिक राजनीति की घुट्टी पिलाने वाली भाजपा किसी की सगी नहीं है। यादव ने शनिवार को एक्स पर खाद की लाइन में लगे लोगों का वीडियो साझा करते हुए लिखा- ये वीडियो भाजपा के उन कार्यकर्ताओं और समर्थकों को देखकर अपने ऊपर शर्मिंदा होना चाहिए, जो भाजपा राज में 'अमृतकाल' की बात कर रहे हैं। दरअसल भाजपा अपने भोले भाले समर्थकों के भोलेपन का भी दुरुपयोग, अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए, दुष्प्रचार के लिए करती है। वो पढ़े-लिखे लोग भी एक बार दिल पर हाथ रखकर सोचें कि साम्प्रदायिक राजनीति की घुट्टी पिलाकर भाजपा व उनके संगी-साथियों ने किस तरह उनके ज्ञान और विवेक को बंधक बना लिया है।

भाजपा ऐसे लोगों को भी अपने झूठ के प्रचार की खेती में, नफ़रती व्हाट्सएप मैसेज और मिथ्या-संदेशों को आगे बढ़ाने के लिए खाद की तरह इस्तेमाल करती है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि सबसे पहले तो भाजपाई ही ये याद रखें कि 'भाजपा किसी की सगी नहीं है' और भाजपा 'इस्तेमाली' पार्टी है। भाजपा एक दिन उनको भी इस्तेमाल करके छोड़ देगी, तब वो कहीं के नहीं रहेंगे। भाजपा का साज़िशन फ़ार्मूला ही है 'पहले इस्तेमाल करें, फिर बर्बाद करें। भाजपा जाए, तो खाद आए। किसान कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार में व्यस्त सपा अध्यक्ष शनिवार को इंडिया गठबंधन की वोटर अधिक. र यात्रा में शामिल होने बिहार के दौरे पर हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नजीबाबाद में युवक ने लगाई फांसी

## ब्लैकमेलिंग से तंग आ कर उठाया खतरनाक कदम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** ब्लैकमेलिंग से तंग युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय मौहल्ला पठानपुरा में बीती रात्रि नवेद इकबाल खां नाम के युवक द्वारा घर की छत पर केबिल से फंदा लगा कर फांसी लगा ली। आवाज सुनकर घर के सदस्य छत पर पहुंचे। परिजनों द्वारा नवेद इकबाल खां को नगर के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। उसके फांसी लगाने की खबर पूरे शहर में फैल गई। सुबह-सवेरे ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चाचा मशकूर अहमद द्वारा जानकारी दी गई की शादी कराने वाले मौलवी अताउर्रहमान और मौलवी की माता के द्वारा नावेद इकबाल को अपने जाल में फंसा कर किरतपुर निवासी नाजिया से शादी करा दी गई थी। नवेद इकबाल खां को उसकी पत्नी नाजिया व मौलवी के द्वारा लगातार ब्लैकमेल किया जा रहा था। जिससे वह टूट गया था। आखिरकार उसने जान देने की ठान ली। नवेद इकबाल खां ने परेशान होकर मोबाइल पर पहले तो वीडियो बनाई और बाद में आत्महत्या की घटना को अंजाम दे दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

वीडियो में मृतक नवेद इकबाल खां द्वारा अपनी मौत का जिम्मेदार किरतपुर निवासी नाजिया व उसकी मां को ठहराया गया है। मृतक नवेद के परिजनों ने ऐसे फर्जी लोगों से सावधान रहने की अपील की है, जो भोले-भाले परिवार को अपने जाल में फंसा कर लड़कों की शादी करा देते हैं और बाद में ब्लैकमेल करते हैं।

# डीसीएम की टक्कर से व्यक्ति की मौत

## बच्चे के जन्मदिन के लिए टॉफी लेने जाते समय हादसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** बच्चे के जन्मदिन के लिए दुकान से टॉफी लेने सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति की अफजलगढ़ की ओर से आ रही डीसीएम की टक्कर लगने से मौत हो जाने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात प्रेम सिंह अपने पुत्र मनीष के जन्मदिन पर बच्चों के लिए टॉफी लेने दुकान पर जा रहा था। जब वह हाईवे पार कर रहा था, तभी अफजलगढ़ की ओर से धामपुर की ओर जा रही डीसीएम ने उसे टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल प्रेम सिंह को सीएचसी भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की खबर मिलते ही लोगों की भीड़ हाईवे पर जमा हो गई, जिससे जाम की स्थिति बन गई। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने भीड़ को तितर-बितर कर यातायात को सुचारू कराया। प्रेम सिंह की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया और जन्मदिन की खुशियां गम में बदल गई। मृतक सिंचाई विभाग बिजनौर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात था और अपने पीछे एक पुत्र व तीन पुत्रियों सहित पूरे परिवार को रोता-बिलखता छोड़ गया।

# गोवंश की हत्या के मामले में शेरकोट पुलिस का दोहरा मापदंड

## गाय का पोस्टमार्टम कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** भले ही स्थानीय पुलिस ने कुछ दिन पूर्व गौवंश की हत्या के मामले को गम्भीरता से लेकर तुरंत मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को एनकाउंटर कर गिरफ्तार कर वाहवाही लूटी हो, लेकिन सरे राह गौवंश की बंछी मारकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस द्वारा अभयदान देने व गौरक्षक व समाजसेवी संगठन के चुप्पी साधने से जनमानस में गाय की हत्या से आक्रोश देखा जा रहा है। जबकि पुलिस गाय की मौत का कारण दुर्घटना में घायल होना बता रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गाय का पोस्टमार्टम कराने की मांग की है, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

गौरतलब हो कि क्षेत्र के ग्राम कंदला शाहकोट में बुधवार की रात सरेराह एक गाय को एक व्यक्ति द्वारा बंछी मारकर घायल कर दिया गया था तथा चिकित्सा के अभाव में गाय ने कुछ ही देर में दम तोड़ दिया था। जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया ओर तुरंत डायल100 को सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी थी। लेकिन उक्त प्रकरण में गाय के हत्यारे को अभयदान देते हुए मामले को रफा-दफा कर दिया गया। सूत्रों का कहना है कि मामले को रफा दफा कराने में ग्राम के ही एक तथाकथित नेता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मामले को दबाते हुए गाय के हत्यारे को बचाने के लिए उसके शव को दबा दिया गया। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ की महत्वाकांक्षी योजना गौ संरक्षण को किस प्रकार जिम्मेदारों द्वारा पलीता लगाया जा रहा है, यह सोचनीय है। एक ओर गौकशी को लेकर पुलिस प्रशासन गम्भीर दिखाई दे रहा है और आरोपियों की धरपकड़ के लिए हाफ एनकाउंटर तक हो रहे है। वहीं गाय के हत्यारे को अभयदान दिया जाना चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों ने एसपी से उक्त गाय प्रकरण में अन्य किसी अधिकारी से जांच कराकर गाय के शव का पोस्टमार्टम कराने के साथ-साथ आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता का मुकदमा दर्ज कराये जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सीधे-सीधे हत्या का मामला है। जिस नेता के द्वारा हत्यारे को बचवाया गया है, उसका भी एनकाउंटर होना चाहिए। ताकि फिर कभी कोई गौवंश की हत्या न कर सके। जाति व धर्म देख कर कार्यवाही नहीं होनी चाहिए। बल्कि पूरी निष्पक्षता के साथ कार्यवाही होनी चाहिए।

# पहाड़ा नदी पुल निर्माण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना जारी

## छात्राओं ने नदी के पानी में खड़े होकर की पुल की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** बढ़ापुर-सरदारपुर छायली मार्ग स्थित पहाड़ा नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्राम पंचायत चक उदयचंद व सरदारपुर छायली के ग्रामीणों का बुधवार से चल रहा अनिश्चितकालीन धरना चौथे दिन भी जारी रहा। कॉलेज की छात्राओं ने छुट्टी के बाद नदी के पानी में खड़े होकर पुल निर्माण की मांग की।

बढ़ापुर-सरदारपुर छायली संपर्क मार्ग पर स्थित पहाड़ा नदी का जल स्तर बढ़ने पर ग्राम पंचायत सरदारपुर छायली, चकउदयचंद, काशीवाला व ग्राम बहेड़ी आदि का बढ़ापुर कस्बे से संपर्क कट जाता है। ग्रामीण लगातार पुल निर्माण की मांग कर रहे है। लंबे समय से की जा रही मांग पुरी न होने से नाराज ग्रामीण एकजुट होकर पहाड़ा नदी के पास अनिश्चितकालीन धरना दे रहे है। ग्रामीणों का धरना शनिवार को चौथे दिन भी जारी रहा। उधर राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की ग्रामीण छात्राओं ने नदी के पानी में खड़े होकर पहाड़ा नदी का पुल बनाने की मांग की। इस दौरान पूर्व प्रधान फतेह सिंह, मोहम्मद दिलशाद, नवीन कुमार सैनी, रिंकू कश्यप, मोहम्मद नौशद, शाहवेज, नृपेंद्र सिंह, विजय सिंह आदि की मुख्य उपस्थित रही।

# कारगिल युद्ध में अपंग सेना का जवान मांग रहा मदद

## अधिकारों के लिए भटक रहा दर-दर



**शेख मौहम्मद युसूफ**

**अफजलगढ़।** कारगिल युद्ध में घायल होकर 50 प्रतिशत अपंग होने की वजह से सेवानिवृत्त किया गया सेना का जवान अपने परिवार के जीवन यापन के लिए राज्य व भारत सरकार से अपने अधिकारों के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। लेकिन कहीं पर भी उसकी सुनवाई नहीं हो रही है। जबकि भाजपा सरकार कहती है कि वह सेना के बहादुर जवानों का पूरा ख्याल रखती है।

कारगिल युद्ध में अपनी जान की बाजी लगाकर दुश्मनों के दांत खट्टे कर उन्हें वापस लौटने के लिए मजबूर करने वाले सेना के बहादुर जवान अपने हक की लड़ाई के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। पड़ोसी देश से कारगिल युद्ध की लड़ाई में अपनी जान की बाजी लगाने वाले सैनिक ग्राम भिक्कावाला निवासी विनोद सिंह नेगी पुत्र केदार सिंह नेगी ने 25 जून 1999 को घायल हो गए थे। 50 प्रतिशत अपंग हो कर 2017 तक सेना में 24 वर्षों तक सेवाएं प्रदान करने वाले इस सैनिक को अब अपने अधिकारों के लिए व्यवस्था से लड़ाई लड़नी पड़ रही है। उन्हें परिवार के सदस्यों के जीवन यापन के लिए राज्य सरकार से किसी भी प्रकार का लाभ या सहायता प्राप्त नहीं हुई है। सेना में सेवा के दौरान जिला सैनिक कल्याण विभाग को जनवरी 2006 से लगातार पत्र व्यवहार किया, परंतु पीड़ित को कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिल पाया।

सेवानिवृत होने के बाद आठ फरवरी 2024 को पीड़ित ने पुनः जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सहायता की गुहार लगाई थी, परंतु तब से आज तक कहीं से भी कोई उत्तर नहीं मिला है। जबकि प्रार्थना पत्र के साथ कारगिल युद्ध के दौरान घायल हुए प्रमाण पत्र, रिपोर्टिंग आफ बैटल कैसुअल्टी प्रमाण पत्र, 11 जून 1999 को घायल होने की सूचना यूनिट द्वारा उसकी पत्नी बीना नेगी को भेजा पत्र आदि तमाम दस्तावेज संलग्न होने के बावजूद देश के लिए जान की बाजी लगाने वाले सैनिक की भी सुनवाई नहीं हो रही है। इसे देश का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि यहां पर सेना के जवानों को न तो सम्मान मिल पाता है और न ही आवश्यक सुविधाएं मिल पाती है।

## एक नजर

### करंट से बॉबी की मौत



**बरुकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम शादीपुर निवासी हिमांशु मोर्य चौधरी उर्फ बॉबी (41 वर्ष) बीती रात्रि अपने घर पर पंखा चला रहा था। अचानक पंखे का तार बॉबी के शरीर से स्पर्श हो गया। करंट लगने से वह गिर पड़ा। गिरने के दौरान बिजली का तार फिर से बॉबी के शरीर को छू गया। परिजन बॉबी को बिजनौर में निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बॉबी की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### सांप ने मां व बेटी को डंसा

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में लगातार सांपों द्वारा डंसने की घटनाएं सामने आ रही है। तीन माह पूर्व ग्राम गढ़वावाला में धर्मपाल की पुत्री को जहरीले सांप ने डंस लिया था। परिवार द्वारा झाड़-फूंक चक्कर में किशोरी की मौत हो गई थी। धर्मपाल की पत्नी नीना उसी कमरे में किसी काम से गई थी, जिसमें उसकी पुत्री को सांप ने डंसा था। इसी बीच घर में छिपे बैठे सांप ने महिला को भी डंस लिया। परिजन पहले महिला को कासमपुर गढ़ी स्थित एक निजी वैद्य के यहां ले गए। इसके बाद शेरकोट क्षेत्र के एक झाड़-फूंक करने वाले के पास ले गए। फिलहाल महिला की हालत में सुधार बताया गया है।

### गन्ने के रोग की दी जानकारी

**बिजनौर।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने गन्ना उत्पादक किसानों से कहा कि इस समय जनपद में गन्ने की फसल में लाल सड़न रोग का प्रकोप देखा जा रहा है। इस रोग से ग्रसित पौधों की पत्तियों पर लाल रंग के धब्बे पड़ने लगते हैं। पत्तियां पीली होकर सूख जाती हैं और गन्ने को बीच में से चीरने पर लाल रंग दिखाई देने लगता है। जिससे एल्कोहल जैसी गंध आती है। इस रोग के नियंत्रण के लिए रोग ग्रसित पौधों को उखाड़ कर गहरे गड्ढे में दबा दें एवं उखाड़े गये पौधे के स्थान पर ब्लीचिंग पाउडर का बुरकाव करें। साथ ही एजोक्सीस्ट्रोबिन 11 प्रतिशत + टेबुकोनाजोल 18.3 प्रतिशत एससी का एक मिली को एक लीटर पानी की दर के हिसाब से छिड़काव करें। या थायोफिनेट मिथाइल 70 प्रतिशत की 500 ग्राम मात्रा प्रति एकड़ की दर से प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि किसान अपनी फसल में कीट व रोग की समस्या के निदान के लिए कृषि विभाग में अपना पंजीकरण नम्बर अथवा अपना नाम, ग्राम का नाम, विकास खण्ड, जनपद का नाम लिखते हुए मोबाईल नम्बर 9452247111 एवं 9452257111 पर एसएमएस व व्हॉटसएप के माध्यम से फोटो भेजते हुए अपनी समस्या का समाधान 48 घंटे के अन्दर पा सकते है।

# मॉडर्न एरा ने जीती वाद-विवाद प्रतियोगिता

## जनपद के नौ विद्यालयों ने किया था प्रतिभाग




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल ने आर. आर. मोरारका पब्लिक स्कूल नजीबाबाद में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके विजय प्राप्त की है।

प्रतियोगिता का मुख्य विषय 'नियति हमारे जीवन का निर्धारण नहीं करती, बल्कि कड़ी मेहनत हमारी नियति को परिभाषित करती है' रहा। इस प्रतियोगिता में जिला बिजनौर के लगभग 9 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया परंतु मॉडर्न ऐरा पब्लिक स्कूल बिजनौर के सामने कोई नहीं टिक पाया।

स्कूल के दो प्रतिभाशाली छात्रों आयत नाज और मोनेंदर सिंह (कक्षा 12वीं) ने अपनी उत्कृष्ट वाद-विवाद क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में विजय प्राप्त की और ट्रॉफी अपने नाम की। विद्यालय के डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा बिस्वास ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे स्कूल के लिए गर्व की बात है कि हमारे छात्रों ने इस वाद-विवाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। आयत नाज और मोनेंदर सिंह की कड़ी मेहनत और समर्पण एवं विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है।

इस जीत को हासिल करने में कोऑर्डिनेटर ऋतू शर्मा, एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर अंजलि विश्नोई एवं पूजा सिंह का विशेष योगदान रहा। इस जीत के साथ मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर ने एक बार फिर अपनी शैक्षिक और पाठ्येत्तर गतिविधियों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। जिनके चलते विद्यालय परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पानी भरे गड्ढे में गिर कर बच्चे की मौत

## परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समीपवर्ती ग्राम झकड़ी बांगर में मकान निर्माण के दौरान आंगन में खोदे गए गड्डे में भरे बारिश के पानी में डूबने से एक मासूम बच्चे की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

ग्राम झकड़ी बांगर निवासी आबिद का मकान बन रहा है। निर्माण कार्य के लिये आंगन में गड्ढा खोदा गया था। शुक्रवार को हुई मूसलाधार बारिश से उक्त गड्ढे में पानी भर गया था। परिजनों के मुताबिक माजिद का दूसरे नंबर का पुत्र अब्दुल हादी (4 वर्ष) दोपहर किसी समय घर से निकलकर आंगन में आ गया और खेलते-खेलते गड्ढे में गिरकर डूब गया। परिजनों ने हादी को पड़ोस में तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चला। आंगन में खोदे गए गड्ढे में हादी का चप्पल तैरते देख परिजनों ने गड्ढे में देखा तो हादी मृत अवस्था में मिला। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार अब्दुल हादी माजिद के तीन बच्चों में दूसरे नम्बर का था। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी है।

# दहेज हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**नगीना।** स्थानीय मौहल्ला कायस्थ सराय में विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने दहेज हत्या के आरोप में विवाहिता के पति समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। 18 अगस्त को मृतका की मां सन्तोष देवी पत्नी महेन्द्र सिंह निवासी वासोंवाला, थाना बढ़ापुर ने थाना नगीना पर तहरीर दी थी कि मृतका के पति व ससुराल वालों ने उसकी पुत्री को दहेज की मांग कर प्रताडित व मारपीट की। 17 अगस्त को उसकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में थाना नगीना पर मुकदमा अपराध संख्या 156/25 धारा 80 (2) व 85 बीएनएस व 3/4 दहेज अधिनियम बनाम सूरज, महेन्द्र, श्रीमति सुमन, सानिया, आशीष, राहुल व कुंव. रपाल सैनी के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था।

मामला दर्ज होने के बाद से ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। आज आरोपी सूरज पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी मौहल्ला कायस्थी सराय, थाना नगीना को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि शेष अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

# मुनकाद अली ने बसपाईयों में भरा जोश

## संगठन को मजबूत करने के लिए दिए खास टिप्स




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व सांसद व बसपा के राष्ट्रीय महासचिव बाबू मुनकाद अली ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि हमें अपने संगठन को मजबूत करना है। मजबूत संगठन ही पार्टी की ताकत होता है।

पार्टी के जिला कार्यालय में जिला स्तरीय संगठन की समीक्षा करते हुए पूर्व सांसद व राष्ट्रीय महासचिव बाबू मुनकाद अली ने निर्देशित किया कि बूथ कमेटियों का गठन तीन सितंबर तक हर हाल में पूरा कर लें। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव के पूर्व झूठे वादे किए थे। उन्होंने कहा था कि विदेश से काला धन वापस लाएंगे। प्रत्येक नागरिक के खाते में 15-15 लाख रुपए आएंगे। किसानों का कर्ज माफ करेंगे और किसानों की आय दोगुनी करेंगे। भाजपा ने कहा था कि पेट्रोल व डीजल के रेट कम करेंगे। लेकिन एक भी वायदा पूरा नहीं किया गया। भाजपा ने झूठे वादे कर के जनता को धोखा देकर सत्ता हासिल की थी। कार्यकर्ताओं को आगाह करते हुए कहा कि भाजपा के खोखले वादों को जनता को उनके बीच जाकर बताए। साथ ही 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में बीएसपी की सरकार बनाए। तभी प्रदेश व देश में अमन चैन पैदा होगा और कानून का राज कायम होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने भय का माहौल पैदा कर रखा है। भाजपा सरकार में बहन-बेटियों से लेकर गरीब व अमीर सहित कोई भी सुरक्षित नहीं है। समाजवादी पार्टी की मिली भगत से भाजपा सत्ता में लौटी है। मुस्लिम समाज को सतर्क करते हुए कहा कि पिछले चुनाव में एक-एक वोट समाजवादी पार्टी को देखकर देख लिया, परंतु भाजपा सत्ता से बाहर नहीं हुई। उन्होंने कहा कि यदि बसपा को वोट देते, तो भाजपा सत्ता से बाहर हो जाती। यदि भाजपा को सत्ता से हटाना है, तो बसपा को वोट करना होगा। उन्होंने कहा कि आने वाला वक्त बसपा का है। कार्यकर्ताओं को विरोधी ताकतों से खबरदार करते हुए उन्होंने कहा कि हमें अपने लक्ष्य को हासिल करना है। उन्होंने कहा कि बसपा सरकार में मजलूमों को न्याय मिलेगा और तेजी के साथ विकास होगा। उन्होंने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए कहा कि हमें पहले की तरह अपना संगठन मजबूत करना है। बैठक जिला अध्यक्ष अखलेश कुमार हितैषी की अध्यक्षता एवं जिला प्रभारी जितेंद्र सागर के संचालन में हुई। बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी रणविजय सिंह, अरुण कुमार उर्फ टिंकू, मंडल प्रभारी नाजिम अहमद अल्वी, रोहताश कुमार खासतौर पर मौजूद रहे। साथ ही कविराज सिंह, धर्मपाल सिंह, विधानसभा प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह, संजीव कुमार सैनी, चेतराम, अजय कुमार, अमर सिंह प्रधान, मौ. मुजम्मिल, नसीमुद्दीन अंसारी, लखबीर सिंह, काके रवि, परम सिंह प्रधान, विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र कुमार रवि, वीर सिंह, नरेश कुमार, बलवंत सिंह, पवन कुमार, संजय पाल, सुभान अंसारी, प्रमोद कुमार, राजीव कुमार, अहमद सैफी, मुजम्मिल अहमद, सुल्तान अहमद आदि मौजूद रहे। अध्यक्षीय भाषण में जिला अध्यक्ष अखलेश कुमार हितैशी ने कहा कि जनपद के संगठन को मजबूत बनाकर हर हाल में आठों सीटें जीता कर मायावती के हाथों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं ने जो भी निर्देश दिए है, उनका पूरा पालन किया जाएगा।

10-10 सीटो पर निःशुल्क प्रवेश

विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी धर्म व जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्र/छात्राओं के लिए निम्नलिखित पाठयक्रमो में 10-10 सीटो पर निःशुल्क प्रवेश किया जाना निश्चित किया है। अपने सभी दस्तावेज सहित विश्वविद्यालय परिसर में सम्पर्क करें।
आवेदन हेतू अंतिम तिथि 23 अगस्त 2025 है।

| | |
|---|---|
| B.Tech (CS) | MBA |
| BCA | MCA |
| BBA | LLB |
| B.Com | LLM |
| BA LLB | M.TECH. |
| B.Sc Microbiology | MSW |
| B.Sc. Computer Sc. | M.Sc. Home Sc. |
| B.Sc Home Sc. | MA Education |
| B.Sc Physics I Chemistry I Maths Botany I Zoology | |

www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246725
CALL NOW: 9837324210, 9927026893

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# बढ़ रहा पीस पार्टी का कुनबा

## जिलाध्यक्ष इफ्तेखार की मेहनत ला रही रंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नगीना।** पीस पार्टी के जिलाध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन की मेहनत रंग ला रही है। पीस पार्टी का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। नगीना में बड़ी संख्या में युवाओं ने पीस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

प्राप्त समाचार के अनुसार पीस पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक नगीना के मौहल्ला सराय मीर में हुई। बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव राशिद उमर मदनी रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रधान वसीम अहमद मंसूरी ने की व संचालन जाहिद अंसारी ने किया। जिलाध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन व राष्ट्रीय महासचिव राशिद उमर मदनी का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में युवाओं ने पीस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। एमआईएम पार्टी छोड़ कर दर्जनों कार्यकर्ता पीस पार्टी में शामिल हुए। पीस पार्टी के जिलाध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन ने सलीम अहमद को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया। जबकि खलील अहमद को विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत किया गया। एमआईएम के विधानसभा अध्यक्ष मोबीन अहमद उर्फ गुड्डू ने अपने दर्जनों साथियों के साथ पीस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उनको जनपद की टीम में शामिल किया गया। उनके साथ अल्ताफ अली, मौहम्मद सोहेल, मौहम्मद शावेज, मौहम्मद मोबीन, मौहम्मद उस्मान, नौशाद अली आदि भी पीस पार्टी में शामिल हुए।




जिला अध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन ने कहा कि एक अकेली पीस पार्टी ही है, जो सभी वर्गों की बात करती है। वरना कोई पार्टी केवल हिंदुत्व की बात करती है और कोई केवल मुसलमानों की बात करती है। कोई यादव की बात करती है और कोई दलित की बात करती है। कोई अगड़ों व पिछड़ों की बात करती है। मगर पीस पार्टी भारत के सभी मजलूमों को हक और इंसाफ दिलाने की बात करती हैं, चाहे वो किसी भी धर्म या किसी भी वर्ग का क्यों न हो।

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मौहम्मद अय्यूब सर्जन अकेले मुस्लिमों के नेता नहीं है, वो पूरे हिंदुस्तान की अवाम के नेता हैं। आज की तारीख में अगर जमीन पर कोई पार्टी है और वह मजलूमों के हक इंसाफ की लड़ाई लड़ रही है, तो वह केवल पीस पार्टी है। राष्ट्रीय महासचिव राशिद उमर मदनी ने कहा कि आगामी जिला पंचायत और 2027 के विधानसभा चुनावों को पीस पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ेगी।

उन्होंने पीस पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आह्वान किया की वो घर-घर जाकर पीस पार्टी का पैगाम देने का काम करें।

इस मौके पर तसलीम मंसूरी, डॉ. रईस, युवा जिला अध्यक्ष साहिर मलिक, जमीर अहमद, रईस कुरैशी, राशिद अंसारी आदि ने विचार व्यक्त किए।

## दलितों और कमजोर वर्गों के सच्चे रहनुमा हैं मास्टर विजयपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मौहल्ला शेखान निवासी एवं रविदास कमेटी के अध्यक्ष मास्टर विजयपाल सिंह आज दलित समाज और कमजोर वर्गों की आवाज बनकर सामने आए हैं। वे न सिर्फ समाज की समस्याओं को उठाते हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर लोगों की मदद कर उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का काम भी कर रहे हैं। समाज उन्हें एक सच्चे मसीहा और समाजसेवी के रूप में देख रहा है।

मास्टर विजयपाल सिंह का मानना है कि जब तक समाज का सबसे कमजोर व्यक्ति सुरक्षित और सम्मानित महसूस नहीं करेगा, तब तक विकास अधूरा रहेगा। यही कारण है कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों को अपनी प्राथमिकता मानते हैं।

विजयपाल सिंह ने कई गरीब और वंचित परिवारों के बच्चों को पढ़ाई की ओर प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों के लिए कॉपियाँ, किताबें और जरूरी सामान उपलब्ध कराने में मदद की। उनका मानना है कि शिक्षा ही असली ताकत है, जो किसी भी समाज को आगे बढ़ाती है। जब भी किसी दलित या कमजोर परिवार पर संकट आया है। मास्टर विजयपाल सिंह ने सबसे पहले आगे बढ़कर मदद की है। चाहे अस्पताल तक



पहुंचाना हो, प्रशासन से संवाद कराना हो या किसी गरीब परिवार को राहत दिलाना वे हर समय खड़े नजर आते हैं।

संविधान और कानून के दायरे में संघर्ष करने वाले मास्टर विजयपाल सिंह की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वे हमेशा संविधान और कानून का सहारा लेकर ही लड़ाई लड़ते हैं। समाज की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाना, अधिकारियों से संवाद कराना और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाना उनकी कार्यशैली का हिस्सा है। रविदास कमेटी के अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने कई बार प्रशासन से संवाद स्थापित कर समाज की समस्याओं का समाधान कराया है। उनकी कोशिश रहती है कि किसी भी दलित परिवार को उत्पीड़न या अन्याय का सामना न करना पड़े।

## एक नजर

### थाने में 31 वाहनों की नीलामी



**नहटौर।** थाना कोतवाली परिसर में उप जिला अधिकारी स्मृति मिश्रा सीओ धामपुर अभय कुमार पांडे की मौजूदगी में 31 वाहनों की नीलामी प्रक्रिया शुरू हुई। 31 वाहनों की नीलामी की गई, जिसमें 4 मैजिक गाड़ी, 27 मोटर साइकिल की नीलामी हुई। 2 लाख 45 हजार रुपए की 31 वाहनों की नीलामी की गई।

### नलकूपों से केबिल चोरी

**नांगल सोती।** गांव लालपुरमान निवासी कई किसानों के नलकूपों से चोरों ने केबिल चोरी कर लिया। गांव लालपुर मान निवासी तुलाराम, दिनेश, रणवीर, मुनेश सिंह, राकेश, सहित कई किसानों के नलकूप से रात्रि में केविल चोरी हो गया। सुबह जब किसानों ने अपने खेतों पर जाकर देखा तो उन्हें चोरी की घटना का पता चला। आसपास काफी तलाश की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लगा। किसानों ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। उधर भाकियू टिकैत के प्रदेश सचिव दिनेश कुमार ने कहा कि आए दिन किसानों के नलकूपों पर चोरी की वारदात हो रही है। लेकिन आज तक भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है, जिससे चोरों के हौंसले बुलंद हैं।

### छात्रा की करंट लगने से मौत

**बढ़ापुर।** मौहल्ला बाजार निवासी रईस अहमद की 16 वर्षीय किशोरी अफ्शा सुबह के समय कमरे में सफाई कर रही थी कि उसी दौरान पुराने विद्युत बोर्ड से निकल रहे विद्युत केबिल से किशोरी अफ्शा अचानक टच हो गई उसी दौरान विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गई काफी देर तक कमरे की सफाई कर न लौटने पर परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो अफ्शा फर्श पर पड़ी मिली परिजनों ने किशोरी को तुरंत चिकित्सक को दिखाया। चिकित्सक ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया किशोरी अफ्शा इंटरमीडिएट की छात्रा थी। किशोरी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### आसपा की महत्वपूर्ण बैठक



**नगीना।** मोहल्ला नालबंदान में आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकार्यो द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता दीपक कुमार जिला प्रभारी बिजनौर ने की व संचालन डॉक्टर फुरकान नगीनवी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरिफ मलिक प्रदेश सचिव व मुरादाबाद मंडल प्रभारी रहे। मुख्य अतिथि आरिफ मलिक ने असलम अंसारी को विधानसभा कार्यालय सचिव का नियुक्ति पत्र देते हुए कहा कि असलम भाई ने आजाद समाज पार्टी के परिवार को बढ़ाया है हम उनका तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं और उम्मीद करते हैं कि असलम अंसारी साहब पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। नगर से आए तमाम जिम्मेदार लोगों को आरिफ मलिक ने सांसद चंद्रशेखर आजाद के विचारों से अवगत कराया तथा पार्टी को मजबूत करने की बात कही। मीटिंग में मुख्य रूप से दीपक कुमार, परवेज पाशी, असलम सिद्दीकी, डॉ फुरकान अंसारी, सरफराज मलिक आदि उपस्थित रहे।

### गणपति की आरती जारी

**अफजलगढ़।** ग्राम कादराबाद, अनवरपुर चण्डिका, नवाबपुरा में गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिरों सहित श्रद्धालुओं ने अपने घरों में गणपति प्रतिमाओं की स्थापना की है। श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कादराबाद स्थित मंदिर में सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालुओं की गणपति आरती के लिये भीड़ लग जाती है। मंदिरों में संध्या के समय प्रतिदिन कीर्तन किए जा रहे है। गणपति के विभिन्न दस रूप की अलग अलग दिन पूजा अर्चना कर परिवार व क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की जा रही है। जिससे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया है। विजयनगर कादराबाद की महिला कीर्तन मंडली की अध्यक्ष व सदस्यों के अनुसार पूरे दस दिनों के लिये गणपति मंदिर में स्थापित किये गए है। जिसमें सुमित्रा देवी, संतोष, रजनी, पुष्पा, राधा, विनीता, बबिता देवी आदि का विशेष योगदान है।

### ग्रामीण खुद कर रहे रास्ता ठीक

**अफजलगढ़।** बरसात के पानी से सड़कों पर फैली गंदगी व कीचड़ में निकलने मजबूर ग्रामीणों ने भाकियू कार्यकर्ताओं की मदद से मिट्टी डाल कर मार्ग को दुरूस्त कराया है। इस्लामनगर ग्राम पंचायत की हेड़ी बस्ती में मार्ग पर बरसात का पानी भरने से दूर तक कीचड़ व गंदगी का साम्राज्य है। जिसमें गुजरने को ग्रामीण व स्कूली बच्चे मजबूर हो रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल आने जाने के समय बच्चों को गोद में उठाकर मार्ग पार करना पड़ रहा है। मार्ग ठीक कराने के लिये कई बार प्रधान को भी अवगत कराया गया, मजबूर होकर ग्रामीणों ने भाकियू कार्यकर्ताओं की मदद से मार्ग पर रेत व मिट्टी डालकर मार्ग को निकलने लायक किया है। ग्रामीणों का कहना है कि फिलहाल तो मार्ग पर मिट्टी डाल दी गई है, किन्तु वर्षा होने पर मार्ग फिर उसी हालत में आ जायगा। ग्रामीणों ने मार्ग को बनवाने की संबंधित अधिकारियों से मांग की है। इस सम्बंध में ग्राम प्रधान का कहना है कि मार्ग को शीघ्र ही बनवाने का प्रयास किया जा रहा है। मार्ग पर मिट्टी डलवाने में भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष मदन सिंह राणा, बबली ,धर्मेंद्र, मुन्नी देवी, हरकेश सिंह, जगत सिंह, राजेंद्र सिंह, सीता देवी आदि का सहयोग रहा।

## सड़क पर बैठ कर जाम छलकाने वाले गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गुरुवार की रात स्थानीय रेलवे स्टेशन रोड पर तीन युवक बीच सड़क पर बैठ कर शराब पी रहे थे। आरोप है कि युवकों को कुछ लोगों ने सड़क से हटकर शराब पीने को कहा तो उन्होंने टोकने वालों के साथ अभद्र व्यवहार किया। इस बीच किसी ने युवकों का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर डाल दिया। शहर कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल वीडियो में शामिल पवित्र ढाका पुत्र प्रदीप ढाका निवासी शादीपुर मिलक थाना शिवालाकलां, ऋषभ चौधरी पुत्र प्रवेंद्र कुमार निवासी ग्राम पावली, थाना चांदपुर व रुद्र सागवान पुत्र पुष्पाल सिंह

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था वीडियो

निवासी मौहल्ला राम विहार कॉलोनी, थाना बिलारी, जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने, हुड़दंग या अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी, सीओ सिटी गौतम राय ने बताया कि वायरल वीडियो में शामिल आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त: हैनरीता

### अराजकता का माहौल: हुमायूं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस की जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यूपी में अराजकता का माहौल है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने कई स्थानीय व राज्य स्तरीय मुद्दे उठाते हुए मुख्यमंत्री से नैनिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की।

प्राप्त समाचार के अनुसार पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह व शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग ने कहा



कि यूपी में पिछले आठ वर्षों में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार महिलाओं व दलितों के खिलाफ अपराधों में यूपी देश के अन्य राज्यों में सबसे अव्वल है। पूरे देश में होने वाले महिला अपराधों में 15 प्रतिशत अपराध अकेले उत्तर प्रदेश में दर्ज होते हैं। दोनों नेताओं ने कहा कि प्रदेश का शायद ही कोई जिला होगा, जहां रोजाना जघन्य अपराध न हो रहे हों। दलितों की बारात पर हमले और उन्हें घोड़ी चढ़ने से रोकने जैसे सामाजिक अपराध एक बार फिर से शुरू हो गए हैं। दोनों नेताओं ने जनपद में हो रही संगीन घटनाओं का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि पिछले 4-5 महीनों में जिले में कई संगीन घटनाएं हुई हैं। नेताओं ने रायपुर सादात में कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष व 2022 विधानसभा चुनाव में बढ़ापुर से कांग्रेस के उम्मीदवार रहे हाजी अहसान अली व उनके परिवार को सत्ताधारी दल के लोगों द्वारा गैरकानूनी तरीके से परेशान किए जाने का मामला भी उठाया।

प्रेस कांफ्रेंस में पूर्व सांसद, ओमवती देवी, रिटायर्ड आईएएस आरके सिंह, अकबर अली, अनिल त्यागी, मौहम्मद सलीम, हुकम सिंह, मीनाक्षी सहित कई कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

## झालू में बिजली चोरी पर शिकंजा

**बिजनौर।** झालू नगर में बिजली चोरी करने वालों की अब खैर नहीं है। शनिवार को द्वितीय विद्युत उपखंड अधिकारी अरविंद कुमार बिंद के नेतृत्व में विभागीय टीम ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर चोरों की नींद उड़ा दी। अचानक हुई इस दबिश में कई उपभोक्ता मीटर से बाहर कट लगाकर और सीधे लाइन डालकर चोरी करते पकड़े गए। कार्रवाई के दौरान श्रीमति मनुराधा शर्मा , अफसर, मकसूद, सर्वेश कुमार, सीतम सिंह, राजिब हुसैन आदि को बिजली चोरी करते रंगेहाथ पकड़े गए। टीम ने मौके पर ही रिपोर्ट दर्ज कराई और संदिग्ध घरों के मीटर बाहर कर दिए। इस कार्रवाई के बाद नगर में बिजली चोरी करने वालों में दहशत का माहौल है। लोग चर्चा करते नजर आए कि विभाग की यह कार्रवाई ऐतिहासिक है और अब चोरी करने वालों की खैर नहीं। विद्युत उपखंड अधिकारी अरविंद कुमार बिंद ने कहा कि बिजली चोरी करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। अभियान लगातार जारी रहेगा। इस अभियान में सुदेश कुमार, मदनपाल, शुभम, नरेंद्र सिंह, धीर सिंह, लव कुश, बॉबी शर्मा, कपिल, बहराम सहित विभागीय कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई।

## नजीबाबाद में गणपति महोत्सव की धूम

### पूजा अर्चना का सिलसिला जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर में गणपति महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। श्रद्धालुओं के द्वारा पूजा-अर्चना का सिलसिला जारी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार गणपति महोत्सव के तीसरे दिन की संध्या के मुख्य यजमान भावेश अग्रवाल, नताशा अग्रवाल, मीनाक्षी वर्मा, राहुल वर्मा और आज चौथे दिन सुबह के मुख्य यजमान धीरज अग्रवाल, अमन अग्रवाल, नमन अग्रवाल एवं उनके परिवार जनों को पंडित जितेंद्र डबराल व पंडित संजय डबराल ने पूरे विधि विधान से स्थापित गणपति की पूजा अर्चना कराकर गणपति बप्पा को भोग लगाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए, जिन्हें संबोधित करते हुए पंडित जितेंद्र डबराल ने कहा कि भगवान गणपति की सच्चे मन से आराधना करने से बिगड़े हुए काम भी स्वयं सध जाते हैं, क्योंकि प्रभु भोले शंकर की तरह भगवान गणपति भी भक्त की आराधना से शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। किसी भी प्रकार की




विपत्ति में यदि कोई श्रद्धालु अपने मनोयोग से प्रभु को पुकारता है, तो उसकी पुकार गणपति तुरंत सुन लेते हैं और अपने भक्तों के कष्टों को दूर करने के लिए भगवान गणपति दौड़े चले आते हैं।

पंडित संजय डबराल ने कहा कि भगवान गणपति आपके मन के हर भाव को पढ़ लेते हैं और बिना कुछ कहे ही आपको मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि आपको बस अपना संबंध प्रभु गणपति के साथ पानी और दूध के समान रखना चाहिए, जिससे भक्त और भगवान के मध्य कोई भेद न रह जाए। दोनों विद्वान पंडितों ने मुख्य यजमानों के हाथों से स्थापित गणपति को मोदक का भोग लगवाया और सभी उपस्थित भक्तों को चरणामृत फल और अन्य मिष्ठानों का प्रसाद वितरित किया।

इस अवसर पर श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति के संरक्षक चौधरी कुलबीर सिंह, अवनीश अग्रवाल टांडे वाले, विवेक अग्रवाल, राकेश गोयल, अध्यक्ष राजीव अग्रवाल राजू, उपाध्यक्ष लोकेश कुमार गोयल, संदीप तायल, रचित अग्रवाल, मंत्री रविंद्र चौहान, प्रचार मंत्री डॉ. एसके जौहर, उप मंत्री डॉ. राहुल वर्मा, आलोक अग्रवाल, राहुल वर्मा, कोषाध्यक्ष विनय कौशिक, प्रबंधक डॉ. राजीव अरोड़ा, मटकी प्रभारी शैलेंद्र चौधरी एड. राजेश भारद्वाज, अरुण पाटिल, पंकज अग्रवाल, राजन टंडन गोल्डी, दीपक भारद्वाज, एसपी मित्तल, नवनीत वर्मा, शिवांशु तायल, अभिषेक कौशिक, नीतीश सिंघल, राजेश तागरा, अमित पाटिल और पंकज अग्रवाल आदि मौजूद थे।

**न्यायालय सिद्धार्थ भूषण शर्मा**
**तहसीलदार, तहसील व जिला शिवपुरी, म.प्र.**

प्र.क.487/अ-6/2025-26/687
शिवपुरी दिनांक:- 26.08.2025

प्रेरणा सिंह, तान्या सिंह पुत्रीगण सत्यपाल सिंह निवासी सैदपुर, चांदपुर, जनपद बिजनौर, उत्तर प्रदेश **-आवेदकगण**

**बनाम**

राजरानी (फौत) पत्नी सत्यपाल सिंह निवासी सैदपुर, चांदपुर, जनपद बिजनौर, उत्तर प्रदेश

**- अनावेदकगण**

**//सूचना-पत्र//**

एतद्द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि लोकसेवा गारन्टी शिवपुरी की ओर से आवेदिकागण प्रेरणा सिंह, तान्या सिंह पुत्रीगण सत्यपाल सिंह निवासी सैदपुर, चांदपुर, जनपद बिजनौर, उत्तर प्रदेश का ग्राम फतेहपुर स्थित भूमि सर्वे नं. 453/1/1/1/1/1 के भाग के 2193 वर्गफीट मृतक राजरानी पत्नी सत्यपाल सिंह निवासी सैदपुर, चांदपुर, जनपद बिजनौर, उत्तर प्रदेश के स्थान पर वारिसान के नामान्तरण संबंधी आवेदन प्राप्त हुआ।

प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में आवेदिकागण द्वारा स्वयं का शपथ पत्र संलग्न किया गया जिसमें मृतक का वारिसान दोनों स्वयं को होना बताया है। मृतक राजरानी (फौत) पत्नी सत्यपाल सिंह निवासी सैदपुर, चांदपुर, जनपद बिजनौर, उत्तर प्रदेश की निवासी होने के कारण समाचार पत्र में सूचना जारी कराया जाना उचित होगा।

अत: ग्राम फतेहपुर स्थित भूमि सर्वे नं. 453/1/1/1/1/1 के भाग के 2193 वर्गफीट पर मृतक राजरानी पत्नी सत्यपाल सिंह निवासी सैदपुर, चांदपुर, जनपद बिजनौर, उत्तर प्रदेश के स्थान पर वारिसान प्रेरणा सिंह, तान्या सिंह पुत्रीगण सत्यपाल सिंह निवासी सैदपुर, चांदपुर, जनपद बिजनौर, उत्तर प्रदेश के नाम नामांतरण किए जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से अपनी आपति प्रकरण में नियत दिनांक 08.09.2025 को न्यायालयीन समय में न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

यह विज्ञप्ति मेरे न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज 26/08/25 को जारी की गई।

नियत दिनांक: 08.09.2025

**सिद्धार्थ भूषण शर्मा**
**तहसीलदार**
**तहसील व जिला शिवपुरी**
**म.प्र.**

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रतियोगिताएं

### चल रहा सफल आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर वृहद खेल एवं फिटनेस कार्यक्रमों का आयोजन जनपद में किया जा रहा है।

इस अवसर पर जिला क्रीड़ा कार्यालय द्वारा जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत दो दिवसीय 14 वर्षीय बालक वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता एवं खो-खो बालिका वर्ग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन संयुक्त रूप से उदय पाल सिंह प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख व वरिष्ठ भाजपा एवं दिनेश कुमार, चेयरमैन जिला सहकारी समिति बिजनौर द्वारा किया गया। हॉकी एवं खो-खो प्रतियोगिता का समापन श्रीमती इन्दिरा सिंह चेयरपर्सन द्वारा किया गया। खो-खो बालिका वर्ग विजेता केपीएस इंटर कॉलेज, उप विजेता



जीजीआईसी, बिजनौर, हॉकी 14 वर्षीय बालक वर्ग विजेता आरजेपी इंटर कॉलेज, उप विजेता राजकीय इंटर कॉलेज, बिजनौर रहे।

इस अवसर पर राजकुमार जिला क्रीड़ाधिकारी, हिमांशु सहायक जिला खेल कार्यालय, चित्रा चौहान, हॉकी कोच एवं जितेन्द्र कुमार खो-खो कोच उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में युनुस, अनमोल सक्सेना, पंकज सैनी, राजेन्द्र सोलंकी, सुहेल जफर, विशाल कुमार, नरेन्द्र सिंह, प्रभात कुमार, मुकुल कुमार, संजीव कुमार, हिमांशु पाल, अर्पित, खुशी, निधि चौधरी रहीं। चेयरपर्सन इन्दिरा सिंह ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं से न केवल बच्चों की खेल प्रतिभा को मंच मिलता है, बल्कि उनमें अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी विकसित होता है। नगर पालिका हमेशा खेलों के प्रोत्साहन के लिए तत्पर रहेगी। जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने भी विजेता एवं उप विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद जी की स्मृति को नमन करने का अवसर है और यह युवाओं को खेल एवं फिटनेस की ओर प्रेरित करता है।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)**

अधिसूचना अंतर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री फैसल, श्री जीशान जावेद, उस्मान जावेद पुत्रगण श्री जावेद हबीब मौहल्ला रम्पुरा** तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री हबीबुर्रहमान पुत्र श्री हकीमुल्ला** नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये वारिसान व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **रम्पुरा** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरी बेटी आकांश शर्मा पत्नी अश्वनी वर्मा व पूजा शर्मा पत्नी प्रशान्त से मेरी बिना मर्जी के शादी की है, जिस कारण इनका व इनके पतियों का हमारे प्रति व्यवहार सही नहीं है, जिस कारण मैंने और मेरी पत्नी ने इनसे अपना सम्बंध पूरी तरह से खत्म कर दिया है।

**राजेन्द्र कुमार पुत्र विद्या प्रकाश शर्मा, निवासी ग्राम रजपुरा, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर (उ.प्र.)**

## कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, मुरदाबाद मण्डल मुरादाबाद

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री मदन गोपाल टांक द्वारा संस्था नामदेव कमेटी, मौहल्ला मुगलूशाह, पोस्ट व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर** का **अध्यक्ष** दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किए गए है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. मदन गोपाल टांक- अध्यक्ष, 2. मनोज कुमार- उपाध्यक्ष, 3. पीयूष टांक- मंत्री, 4. उज्जवल कुमार टांक- उपमंत्री, 5. प्रशांत कुमार- कोषाध्यक्ष, 6. अतुल कुमार, 7. सुशील टांक, 8. पंकज कुमार टांक, 9. सोनू कुमार आदित्य, 10. तरूण शंकर, 11. अमित टांक- सदस्य दर्शाये गये है।

अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। विदित हो कि उक्त नोटिस सो. रजि. एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से (आनन्द विक्रम सिंह) सहायक निबंधक**

# ग्रामीण न्यायालय की स्थापना पर भाकियू का हंगामा

## जिला जज सहित एडीजे को करना था भवन का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्रामीण न्यायालय की स्थापना को लेकर धामपुर में जमकर हंगामा खड़ा हो गया। जिला जज संजय कुमार सहित कई न्यायिक अधिकारी भवन निरीक्षण के लिए धामपुर पहुंचे। लेकिन इसी दौरान भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) व गन्ना समिति पदाधिकारी ग्रामीण न्यायालय को गन्ना समिति भवन के पास स्थापित किए जाने के विरोध में उतर आए। भारी संख्या में किसानों के धरना-प्रदर्शन के कारण जिला जज को अपना पूर्व निर्धारित कार्यक्रम बदलना पड़ा।

सुबह से ही धामपुर प्रशासन अलर्ट मोड पर था। एसडीएम स्मृति मिश्रा, सीओ अभय पांडे और कोतवाल राजेश चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला जज संजय कुमार, एडीजे फर्स्ट रामवतार यादव, पोक्सो कोर्ट के एडीजे प्रकाश चंद शुक्ला, एससी-एसटी एक्ट के एडीजे अवधेश कुमार, सीजेएम नरेंद्र कुमार व अन्य न्यायिक अधिकारी गन्ना समिति भवन के पास प्रस्तावित ग्रामीण न्यायालय स्थल का निरीक्षण करने वाले थे। लेकिन जैसे ही किसानों और भाकियू पदाधिकारियों को इस निरीक्षण की जानकारी हुई। बड़ी संख्या में लोग गन्ना समिति भवन पर इकट्ठा हो गए और विरोध शुरू कर दिया। किसानों का कहना था कि गन्ना समिति भवन के पास ग्रामीण न्यायालय का संचालन नहीं होना चाहिए। गन्ना समिति अध्यक्ष रामवीर सिंह और भाकियू पदाधिकारी दुष्यंत राणा ने मौके पर पहुंचकर इस फैसले का पुरजोर विरोध दर्ज कराया।

हंगामे की आशंका को देखते हुए जिला जज ने गन्ना समिति भवन जाने के बजाय तहसील परिसर में अधिवक्ताओं के लिए बनाए गए चेंबर का निरीक्षण किया। बताया जा रहा है कि अब तकनीकी जांच और उच्चाधिकारियों की रिपोर्ट के बाद तय किया जाएगा कि ग्रामीण न्यायालय किस भवन से संचालित होगा।

धरना-प्रदर्शन के बीच बड़ी संख्या में किसान भी मौजूद रहे। बार एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद सैनी, सचिव देवेंद्र कुमार, गजेंद्र सिंह, शहजादा परवेज, राजपाल सिंह, इशरत अली, जावेद उमर, शाहिद अली, परवेज अमर, कुणाल गांधी, विपुल कुमार, बंटी, जफर अहमद, राकेश कुमार मित्तल, प्रशांत कुमार, अल्ताफ उमर, कुलबीर सिंह, अरविंद कुमार, गजेंद्र सिंह, सहित अन्य अधिवक्ता न्यायिक अधिकारियों के आगमन पर तहसील परिसर में डटे रहे।

कुल मिलाकर ग्रामीण न्यायालय की स्थापना को लेकर धामपुर में विवाद गहराता दिख रहा है। एक ओर न्यायिक अधिकारियों का निरीक्षण तो दूसरी ओर किसानों और गन्ना समिति पदाधिकारियों का विरोध। फिलहाल ग्रामीण न्यायालय की राह आसान नहीं दिख रही और अब सबकी निगाहें उच्चाधिकारियों के अंतिम फैसले पर टिकी हैं।

# छात्रा से छेड़छाड़ कर चाकू से डराया

**नहटौर।** बीएससी की एक छात्रा के साथ स्कूल आते जाते समय दूसरे समुदाय के एक युवक द्वारा छेड़छाड़ व फोन पर बात करने का दबाव बनाया। छात्रा के इंकार करने पर आरोपी युवक ने छात्रा को चाकू दिखाकर डराया धमकाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर क्षेत्र के एक गांव निवासी बीएससी की छात्रा के साथ स्कूल आते जाते समय रास्ते में गांव के ही दूसरे समुदाय के एक युवक द्वारा छेड़छाड़ करते हुए जबरन फोन पर बात करने का दबाव बनाने का मामला प्रकाश में आया। आरोप है कि फोन पर बात करने से इंकार करने पर आरोपी ने छात्रा को रास्ते में रोककर चाकू से डरा धमकाते हुए बात नहीं करने पर जान से मारने व गायब करने की धमकी दे डाली। छात्रा ने आपबीती घर आकर बताई। छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एक नजर

### सनातन मंदिर में गणेश महोत्सव



**बिजनौर।** बैराज रोड पर सांई विहार कॉलोनी में स्थित सनातन मंदिर में गणेश महोत्सव का कार्यक्रम हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। मंदिर में 27 अगस्त से निरंतर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समापन 5 सितंबर को किया जाएगा। 29 अगस्त को कार्यक्रम में गोविंदा मॉर्निंग क्लब के सभी सदस्यों ने प्रतिभाग किया। मंदिर में प्रतिदिन की भांति शाम 5:00 बजे से भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। उसके पश्चात 7:30 बजे भगवान गणेश जी की आरती एवं भोग लगाया गया। उसके बाद सभी भक्तों ने आयोजित डांडिया कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस शानदार कार्यक्रम का आयोजन सनातन मंदिर समिति के अध्यक्ष अमित कुमार, सचिव अनुपम गर्ग, राजेंद्र सिंह सोलंकी, नरेश सिंह, रितु गर्ग, आभा सिंह, सोलंकी द्वारा किया जा रहा है। गोविंदा मॉर्निंग क्लब के सम्मिलित होने वाले सदस्यों में राकेश शर्मा, इंजीनियर चरण सिंह, इंजीनियर प्रकाश वीर रस्तोगी, संजय कुमार, सोरन सिंह परिहार, बार एसोसिएशन के पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट राजीव चौहान, वीरेंद्र कुमार वर्मा, राकेश कुमार रस्तोगी, कमल वीर सिंह, आशाराम सिंह एवं अशोक कुमारअग्रवाल आदि रहे।

### देशभक्ति से ओतप्रोत है 'मेरा वतन'




**चांदपुर।** देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण फिल्म ये है मेरा वतन 29 अगस्त को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। यह फिल्म भारतीय सेना के शौर्य और अदम्य साहस पर आधारित है तथा सर्जिकल स्ट्राइक जैसे निर्णायक कदमों का पूर्ण समर्थन करती है। इस फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग 1 अगस्त 2025 को दिल्ली स्थित एनएफड़ीसी ऑडिटोरियम में हुई थी। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंच के इंद्रेश और जानी-मानी हस्ती आचार्य लोकेश मौजूद रहे। फिल्म का वितरण जीएआर्टस द्वारा किया जा रहा है, जिसमें चांदपुर निवासी गिरीश अग्रवाल का पूर्ण सहयोग रहा है। यह फिल्म सरगम सिनेमा में प्रदर्शित की गई। फिल्म में दिखाया गया है कि किस प्रकार भारतीय सैनिक विपरीत परिस्थितियों में भी देश की रक्षा के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर देते हैं।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर संगोष्ठी

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कैडेट्स कोर के अधिकारी कैप्टन अशोक कुमार के निर्देशन में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में शारीरिक शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर सन्नी कुमार ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद एक ऐसा महान व्यक्तित्व है, जिनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनकी गिनती भारत एवं विश्व हॉकी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में होती है। मेजर ध्यानचंद ने तीन ओलंपिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया और तीनों ओलंपिक में भारत ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। महाविद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रो. अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि जब मेजर ध्यानचंद मैदान में हॉकी खेलने के लिए उतरते थे तो ऐसा प्रतीत होता था कि गेंद उनकी हॉकी स्टिक से चिपक गई हो। उन्होंने अपने खेल जीवन में 1000 से अधिक गोल दागे हैं। मेजर ध्यानचंद को हॉकी का जादूगर भी कहा जाता है। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद का जीवन सिर्फ एक महान खिलाड़ी की कहानी नहीं, बल्कि एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो अपनी लगन, परिश्रम और विनम्रता से महान बना। उनका जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि हम अपनी चुनौतियों का सामना करें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी ईमानदारी और जुनून के साथ काम करें। इस अवसर पर डा. ज्ञानेंद्र सिंह, रामबिलास यादव, मौहम्मद सलीम, अरविंद कुमार, डा. मीनाक्षी चौहान, डा. संतोष देवी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रो. अशोक कुमार ने किया।

### श्रीकृष्ण लीला के समापन पर भंडारा



**नहटौर।** गांव टपरौला में श्री कृष्ण लीला के समापन पर भंडारे का आयोजन कर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर श्री कृष्ण लीला के आयोजक डा. रणवीर सिंह, निकुल आर्य एडवोकेड, अरुण गिरी, होरी सिंह, डा. मुकेश गिरी, मोनू शर्मा, अंजुम मीणा, हर्ष मीणा, पवन मीणा गम्भीर मीणा, त्रिलोक चन्द, सेजू प्रजापति, सतपाल प्रजापति, हिमांशु मीणा, गम्भीर मीणा, वेदप्रकाश प्रजापति, अंकित मीणा, ओम प्रकाश, भगत जी, लाल सिंह प्रजापति, बलराम प्रजापति, जगदीश प्रजापति, कपिल प्रजापति, नरेश प्रजापति, कुलश्रेष्ठ प्रजापति, विजेन्द्र सिंह, राजकुमार, शेर सिंह प्रजापति, सुरेन्द्र सिंह, बलराज सिंह प्रजापति आदि समस्त ग्राम वासी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस एवं फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत साइकिल मैराथन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शिखर शिशु सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 'राष्ट्रीय खेल दिवस' एवं 'फिट इंडिया मूवमेंट' के अंतर्गत साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या भारती यादव ने हरी झंडी दिखाकर किया। सैकड़ों छात्र-छात्राएं अपनी साइकिलों पर पूरे जोश के साथ स्कूल से रवाना हुए।

मैराथन का मार्ग स्कूल परिसर से गैस एजेंसी, वमनौली, ग्राम अमखेड़ा, जौतरा व तहसील होते हुए प्रयास चौक से वापस स्कूल तक रहा। सुरक्षा हेतु शिक्षकों की टीम बाइक से साथ रही। प्रतियोगिता में इशांत शर्मा ने प्रथम, लविश ने द्वितीय व गौरांग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। देवांश, कार्तिक, राधव, दिव्यांशु, मयंक, आमुश व हिमांशु सहित अन्य छात्रों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक अंकित सिसोदिया, नमित, सागर, अर्जुन, अंकित शर्मा, विपिन, कृष्ण प्रकाश आदि का विशेष सहयोग रहा। पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था में योगदान दिया। अंत में प्रधानाचार्या व आर. एन. सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। मैराथन का संचालन आर.एन. सिंह ने किया।

# अग्रवाल प्रशिक्षण संस्थान का 'एक पहल' कार्यक्रम

## पंगत में बैठकर केले के पत्तों पर किया भोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान के मुख्यालय पर संस्थापिका श्रीमती सविता अग्रवाल की पहल पर पर्यावरण एकता एवं पुराने जमाने की यादों की मस्ती के रूप में 'एक पहल' कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सबसे पहले ढोलक एवं भजन के साथ कार्यक्रम आरम्भ किया गया। साथ ही सभी बुजुर्ग महिलाओं ने बच्चों वाले गानों पर, बच्चा बनकर, नृत्य कर सोलो एवं ग्रुप प्रस्तुति दीं। इससे उन सभी में एक नई स्फूर्ति भर गई। पुराने विवाह कार्यक्रमों की भांति, थाली के स्थान पर केले के पत्तों पर पंगत में भोजन परोसा गया। सभी ने भोजन ग्रहण किया और गिलासों के स्थान पर कुल्हड़ का प्रयोग किया गया। जमीन पर एक साथ बैठकर पंगत में भोजन ग्रहण करना सभी को बहुत अच्छा लगा। सभी ने कहा कि यदि हम घर के विवाह आदि कार्यक्रमों में भी ऐसा कर पाए तो निश्चित ही ज्यादा अच्छा लगेगा। चर्चा हुई कि आजकल शादी विवाह में भी सभी के लिए अलग-अलग कमरा लेने का चलन है, जिससे विवाह कार्यक्रम में भी पहले जैसा उत्साह नहीं रह गया है। आज के कार्यक्रम में हमने लड़कियों को यह भी सिखाया कि पहले के जमाने में लड़कियां कैसे धूप, हवा में खेलती थी जिससे बीमार भी नहीं होती थी। आज लड़के और लड़कियां सब मोबाइल में इतना व्यस्त हो गए हैं कि शरीर और दिमाग भी उतना अच्छा काम नहीं करता। अगर आप चाहते हैं कि आपका दिल और दिमाग बेहतर कार्य करें तो बाहर धूप, हवा व मिट्टी में खेलना चाहिए। ए.सी. का प्रयोग कम करना चाहिए।

संस्थापिका श्रीमती सविता ने कहा कि यह एक दिन का कार्यक्रम है और केवल एक दिन समझाने से ही सभी कार्य नहीं होता। यदि हम सब लोग मिलकर इस ओर लगे तो हम मिलकर इस दिशा में बहुत कुछ कर सकते हैं और अपने पर्यावरण को भी बेहतर बना सकते हैं।

कार्यक्रम में सविता अग्रवाल, सरस्वती जोशी, शशि शर्मा, मनुश्री अग्रवाल, अलका अग्रवाल, आशा अग्रवाल, पायल रानी, रेखा अग्रवाल गंज, पूनम कर्णवाल, उषा शर्मा, राशि अग्रवाल गंज, अंजलि अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, शारदा रानी आदि ने प्रतिभाग कर आनंद लिया।

# उत्तम आर्जव धर्म का पालन कर पूजा-अर्चना



जैन धर्म के दशलक्षण पर्व का तीसरा दिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गुजरतियान स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में चल रहे पर्वाधिराज पर्यूषण महापर्व एवं दशलक्षण पर्व का तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने उत्तम आर्जव धर्म का पालन करते हुए विशेष पूजा-अर्चना की।

दशलक्षण पर्व का तीसरा दिन उत्तम आर्जव धर्म को समर्पित होता है। आर्जव का अर्थ है सीधापन और सरलता। यह धर्म व्यक्ति को विचारों, वचनों और कर्मों में पवित्रता, ईमानदारी तथा छल-कपट से दूर रहकर आत्मशुद्धि की ओर अग्रसर होने की शिक्षा देता है। आर्जव धर्म के पालन से आत्मा मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर होती है और कपट रूपी बंधनों से मुक्ति मिलती है।

इस अवसर पर जैन धर्माचार्यों ने बताया कि सरलता और सीधापन ही आर्जव धर्म का मूल है। कपट और पाखंड का त्याग करके ही आत्मा शुद्ध हो सकती है। मोक्ष का मार्ग आर्जव धर्म के अभ्यास से ही प्रशस्त होता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्रवीण जैन, अभिषेक जैन, स्पर्श जैन, संजीव जैन, अमन जैन, अरुण जैन, नमन जैन, ऋषभ जैन, मनोज जैन, संयम जैन, तरुण जैन, वंदित जैन, सुगम जैन, दिवाकर जैन, सुधाकर जैन, माधव जैन, गर्वित जैन, अनुज जैन, विशाल जैन, अतिशय जैन, शुभम जैन, निखिल जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

महिला श्रद्धालुओं में पूनम जैन, चंचल जैन, रेखा जैन, सीमा जैन, मितलेश जैन, चारू जैन, ममता जैन, प्रगति जैन, साक्षी जैन, अनिता जैन, अपूर्वा जैन, आशा जैन, प्रिया जैन आदि ने आर्जव धर्म के महत्व को आत्मसात किया।

धामपुर में पर्यूषण महापर्व के अंतर्गत चल रहे दशलक्षण पर्व की श्रृंखला में श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया कि जीवन में कपट और पाखंड का त्याग कर सीधापन और सरलता के मार्ग पर चलते हुए आत्मा की शुद्धि के प्रयास करेंगे।

# स्कूल के ताले तोड़कर चोरी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** शादीपुर मार्ग पर गांव नरगदी में शिवानी पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में घुसकर अज्ञात चोरों ने कमरों के ताले तोड़कर इनवर्टर बैट्ररे, सीसीटीवी डीवीआर, एलईडी सहित हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव नरगदी में स्थित शिवानी पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज सुबह जब शिक्षक पहुंचे तो प्रधानाचार्य कक्ष, स्टाफ कक्ष व एक शिक्षण कक्ष के ताले टूटे हुए मिले। उक्त कमरों से 3 किलोवाट का इनवर्टर दो बैट्ररे, सीसीटीवी डीवीआर, 32 इंच की एलईडी, वाई-फाई डिवाइस आदि सामान गायब मिला। बताया जाता है कि चोरों ने बीती रात को विद्यालय में घुसकर कमरों के ताले तोड़ते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। विद्यालय में चोरी की वारदात का पता चलने पर आस-पास के लोग भी पहुंच गए।

सर्वेश कुमार विश्नोई की ओर से पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

# गणपति पूजन व सात बार हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन



## श्री राम दरबार का चित्र भेंटकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गणपति पूजन एवं सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति बाबा की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। जहां पंडाल गणपति बप्पा मोरिया के नारों से गूंजायमान हो गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से गणपति बाबा एवं बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

मौहल्ला काहरान में गणपति विराजमान कर चल रहे गणपति महोत्सव में श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से गणपति बाबा एवं बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन गणपति महाराज पधारो हमारे घर यह भजन सबको खूब पसंद आया, सब ने तालियां बजाकर उत्सववर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक बाल गणेश सेवा मंडल को श्री राम दरबार चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

आयोजक बाल गणेश सेवा मंडल में केशव सैनी, अनिकेत सैनी, कुणाल गांधी, तुषार गोस्वामी, प्रीति सैनी, रेखा रस्तोगी, अक्षय सैनी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से रामप्रकाश वर्मा, मनोज रस्तोगी, सुनील चौहान, प्रीतम सैनी, संदीप भारद्वाज, नंदकिशोर रस्तोगी, सर्वेश गिरी, प्रवेश मिश्रा आदि शामिल रहे। अंत में गणपति बाबा एवं बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिताएं

## विद्यार्थी खेलों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं: डा. शर्मा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीट्यू में आज हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के पावन अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता की शुरुआत कॉलेज संस्थापक निर्देशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निर्देशक पवन कुमार, प्राचार्य डा. सीमा शर्मा, डा. सफिया खानम, डा. विवेक वर्मा ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के अंतर्गत प्लंक्स प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सिंग विभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने मेजर ध्यानचंद के योगदान को याद करते हुए विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 'मेजर ध्यानचंद भारतीय खेल जगत के वह नक्षत्र हैं, जिन्होंने न केवल भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया, बल्कि हर छात्र-छात्रा को यह प्रेरणा दी कि कठिन परिश्रम और अनुशासन से जीवन में कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।'

डा. शर्मा ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। पढ़ाई के साथ-साथ खेल से विद्यार्थी न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं, बल्कि उनमें टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और मानसिक मजबूती भी विकसित होती है। भविष्य के भारत को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक है कि विद्यार्थी खेलों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।

डा. सफिया खानम ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि खेल हमें सिखाता है कि जीत और हार जीवन के दो पहलू हैं, परंतु असली महत्व प्रयास और निरंतरता का है।

डा. विवेक वर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के समय में खेलकूद की गतिविधियां विद्यार्थियों में तनाव को दूर करने और सकारात्मक ऊर्जा विकसित करने का श्रेष्ठ साधन हैं।

प्रतियोगिता का सफल संचालन पीटीआई अरमान मलिक एवं सुश्री विचित्रा मलिक के कुशल निर्देशन और सहयोग से संपन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह और उमंग का विशेष वातावरण देखने को मिला।

# अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग शर्मनाक: श्वेत रस्तोगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** भाजपा नगर पालिका सभासद श्वेत रस्तोगी ने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की यात्रा के मंच से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूज्य स्व. माताजी के लिए जिस तरह की अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया, वह भारतीय राजनीति के इतिहास का सबसे शर्मनाक अध्याय है। उन्होंने कहा कि राजनीति में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन इस तरह की नीचता और स्तरहीनता पहले कभी देखने को नहीं मिली। यह यात्रा अब अपमान, घृणा और गाली-गलौज का पर्याय बन चुकी है।

श्वेत रस्तोगी ने कहा कि तेजस्वी यादव और राहुल गांधी ने पहले बिहार की जनता का अपमान करने वाले नेताओं स्टालिन और रेवंत रेड्डी को बुलाकर बिहार वासियों का अपमान कराया और अब वे अपनी हताशा में प्रधानमंत्री मोदी की स्व. माताजी को गाली दिलवाने पर उतर आए हैं।

उन्होंने कहा कि राहुल और तेजस्वी के मंच से इतनी गंदी भाषा का प्रयोग किया गया है कि उसे सार्वजनिक मंच पर दोहराना भी संभव नहीं है। यह अपराध इतना बड़ा है कि यदि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव हजार बार कान पकड़कर उठक-बैठक करके भी माफी मांगें, तब भी बिहार की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी।

# सम्भल में सरगर्मियां बढ़ते ही सीमाओं पर चौकसी हुई कढ़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** न्यायिक जांच आयोग में दिए गए तथ्यों के अंश उजागर होते ही सम्भल में राजनैतिक के साथ अन्य सरगर्मियां भी बढ़ती जा रही हैं। इसी को लेकर पुलिस प्रशासन भी ओर चौकन्ना हो गया है। पुलिस ने शहर में प्रवेश से पूर्व सीमा पर चौकसी को ओर भी कढ़ा कर दिया है। बैरिकेटिंग करने के साथ हर आने जाने पर विशेष निगाह रखी जा रही है।

**○ बैरीकेटिंग लगाकर रखी जा रही हर आने-जाने वालों पर नजर**

हिंसा मामले में गठित न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपने के बाद उसमें दिए गए तथ्यों के अंश लीक होते ही मीडिया की सुर्खियां बन गयी है। जबकि इसे लेकर तरह-तरह की बयानबाज़ी का सिलसिला भी तेज हो गया है। वर्ग विशेष के उत्पीड़न और पलायन के गम्भीर आरोपों के बाद आरोप प्रत्यारोपों की बैछार जमकर हो रही है। जबकि लखनऊ से चालीस वाहनों से सम्भल कूंच के समाचार मिलने पर पुलिस ने भी अपनी चौकसी को ओर तेज कर दिया है। किसी आसामाजिक तत्व के प्रवेश को रोकने के लिए पुलिस ने मुरादाबाद मार्ग स्थित फिरोजपुर पुल के निकट बैरिकेटिंग लगाकर छोटे बड़े वाहनों ओर अन्य साधनों से आने-जाने वालों को प्रवेश करने दिया जा रहा है जबकि हर संदिग्ध व्यक्ति पर निगाह रखी जा रही है। फिरोजपुर पुल के निकट लगे बैरिकेटिंग पर थाना पुलिस और उपनिरीक्षक के अलावा अन्य पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। वहां मौजूद पुलिस कर्मी हर किसी के आवागमन पर नजर बनाए हुए है। किसी संदिग्ध के दिखायी देने पर उसकी पूरी तरह जांच करने के बाद ही प्रवेश किया जा रहा है। इसी के साथ दूसरे सीमा क्षेत्रों पर भी पुलिस कर्मियों को लगाकर हर आने-जाने वाले पनर निगाह रखने के निर्देश दिए गए हे जबकि कोई भी संदिग्ध दिखायी देने पर तत्काल इसकी सूचना आला अधिकारियों को देने के निर्देश दे दिए गए हैं।



सम्भल- मुरादाबाद मार्ग फिरोजपुर के निकट बैरिकेटिंग लगाकर निगरानी करते पुलिस कर्मी।

## कपड़े बेचने आए युवक ने की छेड़छाड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** थाना क्षेत्र के चाचू नागल गांव में बाइक पर कपड़े बेचने आए एक युवक ने कपड़े लेते समय एक नाबालिग से छेड़छाड़ शुरू कर दी। जहां युवक पीछे-पीछे नाबालिग के घर पहुंच गया और मोबाइल नंबर मांगने लगा। शोर मचाने पर ग्रामीणों ने उसे मौके पर पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया।

**○पकड़कर पुलिस को सौंपा**

शनिवार को चाचू नागल गांव में बाइक से एक युवक कपड़े बेचने आया था। जो उसने अपने आप को रामपुर जनपद का बताया और अपना नाम जलीश अहमद बताया। गांव निवासी किशोरी कपड़े लेने गई तो कपड़े लेते समय उसके साथ कपड़े बेचने वाले युवक ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। किशोरी वहां से अपने घर आने लगी तो वह पीछे-पीछे आ गया। जहां उसका मोबाइल नंबर मांगा। किशोरी ने शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और उसे पकड़ लिया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पर कैलादेवी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। जहां ग्रामीणों ने युवक को पुलिस को सौंप दिया। वहीं किशोरी ने पुलिस को तहरीर दी है।

## विद्यालय में हुई खेलकूद प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** विद्यालय में कराये खेलकूद बबराला सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई गई। प्रधाानाचार्या अल्पना चौधारी ने प्रार्थना सभा में छात्रओं को राष्ट्रीय खेल, स्वदेशी खेल और अन्य खेल की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि कैसे खेल के माधयम से छात्रएं अपना कैरियर और स्वास्थ्य दोनों बना सकते हैं। इसके बाद सभी ने शपथ ली। छात्रओं ने शिक्षिका अनुराधा की देखरेख में खेल खेलें और आनंद प्राप्त किया।

# जांच रिपोर्ट को लेकर छिड़ी नई बहस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हिंसा मामले की जांच रिपोर्ट में कथित रूप से जन सांख्यिकीय स्थिति में बदलाव के सम्बंध में प्रस्तुत किए गए तथ्यों को लेकर एक नई बहस छिड़ गयी है। न्यायिक जांच आयोग के अधिकार क्षेत्र पर भी सवाल उठ रहे हैं।

गत 24 नवम्बर 24 को सम्भल में हुई हिंसा की घटना की जांच के लिए सरकार ने हाईकोर्ट के रिटायर जज देवेन्द्र अरोड़ा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया था। आयोग ने हिंसात्मक घटना की जांच के लिए सम्भल का कई बार दौरा किया और शाही जामा मस्जिद व घटना स्थल आदि का भी निरीक्षण किया था। गुरूवार को आयोग ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपनी 450 पन्नों की रिपोर्ट सौंप दी थी। जिसके कुछ अंश मुख्य धारा की मीडिया ने प्रकाशित व प्रसारित कर सनसनी फैला दी है। हालांकि जांच रिपोर्ट अभी भी गोपनीय है और वह सार्वजनिक नहीं की गयी है, लेकिन मीडिया के एक हिस्से ने सम्भल की डेमोग्रेफी चैंज होने व समुदाय विशेष के लोगों के पलायन करने तथा जामा मस्जिद के पुरातात्विक विशलेषण के सम्बंध में जो तथ्य प्रस्तुत किए हैं। वह न सिर्फ चौंकाने वाले हैं बल्कि लोगो में आयोग की विश्वसनीयता को लेकर भी कई तरह की चर्चाओं ने जन्म ले लिया है। जानकारों का कहना है कि कुछ लोगो ने जांच रिपोर्ट के आधार पर राजनीति को गरमाने का प्रयास शुरू कर दिया है। साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति को हवा देने की मुहिम दोबारा शुरू किये जाने से जांच रिपोर्ट में अंकित तथ्यों पर सवालिया निशान लगने लगे हैं। रिपोर्ट के जिस हिस्से में जनसंख्या का उल्लेख कर भ्रम फैलाया जा रहा है। उसके बारे में सपा के राज्यसभा सांसद जावेद अली खान की सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट ने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया है। वायरल पोस्ट में सम्भल की जनसंख्या का जो विवरण दिया गया है उसे देखकर लोगों ने यह चर्चा शुरू कर दी है कि आयोग ने जांच रिपोर्ट में जन सांख्यिकीयकी बदलाव का हौव्वा खड़ा दिया है। जिससे कि समुदाय विशेष में भय पैदा कर हिंदुत्वावादी राजनीति को धार दी जा सके। कानून के जानकारों का कहना है कि आयोग की जो रिपोर्ट अभी तक गोपनीय है उसे किसी खास मकसद से मीडिया के एक हिस्से के जरिये सार्वजनिक कराकर मंदिर-मस्जिद के मुददे को हवा दी जा रही है।जांच रिपोर्ट जब तक कैबिनेट के समक्ष पेश नहीं की जाती है और इस पर विधानमंडल के दोनो सदनों में चर्चा के बाद किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जाता है तब तक जांच रिपोर्ट के आधार पर किसी तरह की भी टिप्पणी किया जाना न सिर्फ अनुचित है बल्कि तीन सदस्यीय जांच आयोग की साख पर भी सवालिया निशान लगने लाजिमी हैं। न्यूज चैनलों पर चल रही डिबेट में सम्भल हिंसा को लेकर कुछ ऐंकर नफरत भरी भाषा का प्रयोग कर सत्ताधारी दल की विचारधारा को धार देने का काम करने में लग गए हैं। जबकि सम्भल में साम्प्रदायिक सदभाव का जो माहौल दिखायी दे रहा है उसमें अभी तक कोई भी बदलाव नजर नहीं आ रहा है। अलबत्ता जांच रिपोर्ट में कथित रूप से जामा मस्जिद के पुरातात्विक तथ्यों को कुछ हिन्दी दैनिकों ने प्रमुख्ता से प्रकाशित कर सभी को चौंका दिया है। कुछ जागरूक नागरिकों का कहना है कि भविष्य में जामा मस्जिद को लेकर विवाद को तूल दिया जा सकता है। हालांकि सम्भल की जामा मस्जिद का मामला सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष पिवचाराधीन है और निचली अदालत में चल रही कार्रवाई पर रोक लगी हुई है,लेकिन जांच रिपोर्ट को लेकर जिस तरह हिंदूवादी संगठनों राजनीति को गरमाना शुरू कर दिया है उससे यह संकेत मिल रहे हैं कि सम्भल को एक बार फिर नफरत की आग में झोंका जा सकता है।

# युवती को भगाकर लाया प्रेमी

**○चौकी में हुई वार्ता दोनों को कराया गया निहाक**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के सौंधन गांव निवासी अपनी प्रेमिका को भगाकर अपने घर ले आया। पीछे से युवती के परिजन भी गांव आ गए। मामला पुलिस तक पहुंच गया। दोनों के परिजनों के समक्ष चौकी में पंचायत में दोनों के परिजन निकाह को राजी हो गए। उनका कनाहि करा दिया गयां

अमरोहा जनपद के आदमपुर थाना अंतर्गत गांव निवासी युवती सौंधन में निजी डाक्टर के यहां नर्स के तौर पर कार्य करती थी। वहीं सौंधन गांव निवासी मेडिकल चलाने वाला युवक भी उसी डाक्टर से सीख रहा था। दोनों के बीच उसी समय प्रेम प्रसंग हो गया। युवक शनिवार को अपनी प्रेमिका के घर पहुंच गया। जहां प्रेमिका भी अपने प्रेमी के साथ आ गई। इसकी जानकारी युवती के परिजनों को हुई तो वह सौंधन पुलिस चौकी पहुंच गए। युवक और उसके परिजनों को बुलाया गया। दोनों प्रेमी प्रेमिका भी चौकी पहुंचे। युवती अपने प्रेमी के साथ रहने की जिद करती रही। युवती के परिजन निकाह करने को तैयार हो गए। दोनों के परिजनों ने निकाह को मंजूर कर लिया। सौंधन में दोनों का निकाह करा दिया गया। जहां प्रेमिका को उसका प्रेमी मिल गया।

## जिप बोर्ड बैठक में अनुपूरक बजट ध्वनिमत से किया पारित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में अनुपूरक बजट को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। बैठक में सदस्यों ने मानदेय का प्रस्ताव पारित कर शासन को भेजने की मांग उठायी।

शनिवार को जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में अनुपूरक बजट को रखा गया। सछसयों ने इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। बैठक में जिला निधि से कांड़ यात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से गंगा एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर की गई प्रकाश व्यवस्था एवं बैरिकेटिंग और चन्दौसी स्थित सीता आश्रम मार्ग मरम्मत कार्य के अलावा हरथला से बेला की मलक मार्ग पर पुलिया का निर्माण कार्यों कार्योत्तर को मंजूरी प्रदान की। बैठक में जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व जिला पंचायत द्वारा बनाये गए लेपन स्तर के मार्गों को चिन्हित करते हुए लगभग 6.00 किमी लम्बाई को गडढा मुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी। जबकि जन सुनवाई पोर्टल एवं अन्य स्तर से प्राप्त निर्माण कार्यों को अनुपूरक कार्य योजना 2025-2026 एवं 2026-27 की कार्य योजना में रखने की मजूंरी दी गई। बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए सदस्य अवधेश सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा सही कार्य किये जाने की बात कही गयी। जबकि उमेश चन्द्र यादव और तौसीफ अहमद, ओमवीर कुशवाह, राधेश्याम व विजय यादव ने यूरिया खाद की किल्लत ओर जल निगम द्वारा गांव क अंदर खोदी गई सड़के सही न कराने का मुददा उठाया।

## जिला पर्यावरण समिति की बैठक में की चर्चा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला पर्यावरणीय समिति/जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ठोस अपशिष्ट एवं प्लास्टिक अपशिष्ट के संबंध में चर्चा की गयी। प्लास्टिक के प्रयोग की रोकथाम के लिए क्या कार्य किए जा रहें हैं उसकी जानकारी प्राप्त की गयी तथा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं समस्त अधिशासी अधिकारियों नगर पालिका एवं नगर पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्रों में इस पर कार्य करें। लोगों में प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैलों के प्रयोग करने के लिए जागरूक करें। बायो मैडीकल वेस्ट के निस्तारण के संबंध में भी चर्चा की गयी। स्वास्थ्य विभाग एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से संबंधित अधिकारी इस पर मिलकर कार्य करें। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज विश्नोई ने कहा कि जो वाहन बायो मैडीकल वेस्ट लेकर जाती है वह सेंटर पर ही लेकर जाए। ई-वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर इसमें डा. पंकज विश्नोई, चेतेन्द्र पाल सिंह, सतेन्द्र पाल सिंह, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## सप्ताह भर से गायब वृद्ध का तालाब में मिला कंकाल

**○पिछले शनिवार को आंखों की दवा लेने गया था मृतक**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सप्ताह भर पूर्व आँखों की दवाइ लेने निकले वृद्व का तालात में कंकाल मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने कंकाल को कब्ज़े में लेकर पीएम को भज दिया। कंकाल की पहचान मृतक के कपड़ों से की गई।

एचौड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के ग्राम भटपुरा में तालाब से गांव के कुछ बच्चे मछलियों का शिकार करने गए थे। तालाब में एक मानव कंकाल दिखाई देते ही बच्चे डर गए और वह वापस आ गए। बच्चों ने कंकाल की जानकारी अपने परिजनों को दी। कुछ देर में कांल तालाब में मिलने की सूचना धीरे-धीरे पूरे गांव में फैल गई। गांव के कुछ लोग तालाब के पास पहुंच गए। सूचना पुलिस को दी गई। आनन-फानन में पुलिस पहुंच गयी और कंकाल को अपने कब्ज़े में ले लिया। पुलिस ने कंकाल को पीएम को भेज दिया। तालाब में कंकाल मिलने की सूचना मिलते ही ग्राम एचौड़ा कम्बोह निवासी राजवीर के साथ मृतक के परिजन पहुंचे। उन्होने उसके कपड़ों से कंकाल की पहचान अपने पिता तेजराम के रूप में की। मृतक के बेटे राजवीर ने बताया कि पहले शनिवार को उसके पिता भटपुरा से आंखों की दवाई लेने को कह कर गए थे। लेकिन वह वापस नहीं आए। उनकी काफी तलाश की गई लेकिन कहीं पता नहीं चला। रात खबर मिली कि एक शव भटपुरा के तालाब में मिला है। जिसको पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## एक नज़र इधर भी

### बाइक फिसलने से चालक गम्भीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** बाइक अनियंत्रित होकर फिसलने से बाइक सवार गिरकर घायल हो गया। उसको गुन्नौर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाइक सवार धर्मेंद्र पुत्र रामू निवासी बघोई सैमला थाना जुनावई से अपनी बहन के यहां गांव सिराजपुर थाना बहजोई को जा रहा था। आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर केल गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर फिसलने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुँची 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।



सम्भल- पुलिस परामर्श केन्द्र पर रूठे दम्पति को एक कराकर विदा कराते।

### काउसंलरों ने रूठे परिवार मिलाए

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र बैठक में रूठे दम्पत्ति को एक कराया गया। जबकि कई मामलों में बंद करने की संस्तुति की गई।

महिला थाने में महिला सेल प्रभारी पूनम आनंद की निगरानी में आयोजित बैठक में पति-पत्नी के मध्य आपसी विवादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करने का प्रयास काउंसलरों द्वारा किया गया बैठक में कुल 109 पत्रावली सुनकर 27 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तथा 10 परिवार को मिलाया गया तथा 14 पत्रावलियों को न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की सस्तुंति की गई। जबकि 3 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की सस्तुति की गई। इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट, श्वेता गुप्ता सीमा आर्य कंचन महेश्वरी तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक रश्मि गहलोत ज्योति आदि उपस्थित रहे।

### वेयर हाउस का निरीक्षण कर डीएम ने दिए निर्देश

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा सम्भल के शहजादी सराय स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाऊस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाऊस की साफ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरे एवं लॉग बुक आदि व्यवस्थाओं की जांच की। जबकि कक्षों को चेक किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डा. मणि भूषण तिवारी आदि अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



बबराला- ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे की शिकायत करते ग्रामीण।

### ग्राम समाज की भूमि पर दबंगों ने किया कब्ज़ा

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** ग्राम पंचायत की खाली पड़ी वर्षों पुरानी भूमि पर अवैध कब्जा कर गांव के दबंगो द्वारा पुख्ता निर्माण कर लियाा। ग्रामीणों के रोकने पर गाली-गलौंच व विवाद के लिए छतों पर ईंट रोड़े जमा कर लिये गए। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से शिकायत कर सरकारी भूमि कब्ज़ा मुक्त कराने की मांग की। गुन्नौर थाने के ग्राम ईसमपुर डांडा स्थित बरगद के नजदीक कई बीसा ग्राम समाज की भूमि है। जो कि पूर्वजो के समय से ग्राम के सभी ग्रामीणों के सार्वजनिक उपयोग में आ रही थी, लेकिन 22.अगस्त.2025 को गांव के दबंग ने ग्राम समाज की भूमि पर अवैध तरीके से पुख्ता निर्माण कार्य कर कब्जा कर रहे हैं। गांव के लोगों द्वारा कब्ज़ा कर रहे लोगो का विरोधकिया और अवैध निर्माण करने से किया गया तो आरोपी उनके साथ गाली-गलौंच करने लगे जबकि मारपीट और विवाद को बढ़ाने के उददेश्य से अपने घरों की छत पर ईट पत्थर इकटठा कर लिए। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से इसकी शिकायत करते हुए कभी भी कोई भी वारदात को अन्जाम देने की सम्भावना जतायी है। उक्त मामले का सज्ञान लेकर सार्वजनिक गांव के हित को देखते हुए उक्त गाम समाज की भूमि से अवैध कब्जा मुक्त कराने की गुहार उपजिलाधिकारी से लगायी। इस दौरान शिकायत करने में रघुवर, विजय पाल सतीश चन्द्र बीरेश आदि रहे।

# रोग ग्रस्त गन्ने को कृषि विभाग की किसानों को एडवाइजरी जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गन्ना रोग नियंत्रण को जिला कृषि अधिकारी ने गन्ना किसानों को जागरूक किया है। लाल सड़न रोग से ग्रसित गन्ना को उखाड़कर उसे गहरे गढडे में दबाने की सलाह दी गई है।

जिला कृषि अधिकारी ने गन्ना किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि गन्ने की फसल में लाल सड़न रोग से ग्रसित पौधों की पत्तियों पर लाल रंग के धब्बे पड़ने लगते है जबकि पत्तियाँ पीला होकर सूख जाती हैं और गन्ने को बीच में से चीरने पर लाल रंग दिखाई देने लगता है साथ ही उसमें जिससे एल्कोहल जेसी गंध आती है। इस रोग के नियंत्रण के लिये रोग ग्रसित पौधों को उखाडकर गहरे गडढे में दबा दें।इसके अलावा उखाडे गये पौधों के स्थान पर ब्लीचिंग पाउडर का बुरकाव कर एजीक्सीट्रोबिन 11 प्रतिशत टेबुकोनाजोल 18.3 प्रतिशत एस.सी. का 01 मिली ली. लीटर पानी की दर से हिसाब से छिडकाव करें या फिर ओफिनेट मिथाइल 70 प्रतिशत की 500 ग्राम मात्रा प्रति एकड की दर से प्रयोग किया जाये। उन्होने कहा कि कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सत्र निरीक्षण किया जा रहा है। खेतों में अभी फसल ठीक है। रोग एवं कीट का प्रकोप नही दिखाई दे रहा है। किसान अपनी फसल में कीट/रोग समस्या के निदान हेतु कृषि विभाग में अपना पंजीकरण नम्बर अथवा अपना नाम, ग्राम का नाम, विकासखण्ड, जनपद का नाम लिखते हुये व्हाट्सअप के माध्यम से भेजते हुये अपनी समस्या का समाधान 48 घण्टे के अन्दर ले सकते है।

## बर्तन साफ करने का पाउडर बेचने वाले गहने लेकर रफू चक्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** थाना क्षेत्र के नारंगपुर गांव में बर्तन साफ करने का पाउडर बेचने वाले लोगों ने आभूषण साफ करने के बहाने हिला के आभूषण लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी होने पर परिवार में हड़कंप मच गया।नारंगपुर गांव में शनिवार को बाइक पर सवार दो युवक बर्तन साफ करने का पाउडर बेच रहे थे। आवाज लगाते हुए गांव में घूम रहे थे। गांव निवासी महिला हेमलता पत्नी राजेश ने उन्हें घर बुला लिया। जहां पाउडर देने के बहाने महिला के सोने की चेन, सोने के कुंडल लेकर फरार हो गए। परिजनों को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया।

# कालकाजी मंदिर में सेवादार की पीटकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कालकाजी मंदिर में 29 अगस्त की देर रात मंदिर में दर्शन के लिए आए कुछ लोगों ने मंदिर के सेवादार की पीट पीट कर हत्या कर दी। आरोपियों और सेवादार के बीच दर्शन के बाद प्रसाद देने को लेकर विवाद हुआ था। झगड़े के दौरान वहां से लोग गुजरते रहे, लेकिन किसी ने पीड़ित को बचाने की कोशिश नहीं की। मामले की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने घायल को एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती किया। जहां उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने मौके पर ही एक आरोपी 30 वर्षीय अतुल पांडे को दबोच लिया। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में हत्या की धारा में केस दर्ज किया गया है। बाकि आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि पीड़ित योगेंद्र सिंह मूलतः फत्तेहपुर, हरदोई, उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। उसके परिवार में पिता राम गोपाल सिंह, पत्नी, बेटा-बेटी व अन्य सदस्य हैं। योगेन्द्र पिछले 14-15 सालों से कालकाजी मंदिर की धर्मशाला में रहता था और मंदिर में सेवादार का काम करता था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि कालकाजी थाना पुलिस को कालकाजी मंदिर में रात करीब 11.30 बजे झगड़े के सूचना मिली। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। स्थानीय पूछताछ में पता चला कि आरोपी दर्शन के लिए कालकाजी मंदिर आए थे। दर्शन के बाद उन्होंने पीड़ित से चुन्नी का प्रसाद मांगा। प्रसाद को लेकर उनके बीच कहासुनी हो गई। इसी दौरान आरोपियों ने पीड़ित पर लाठियों और लात-घूंसों से हमला किया। हमले में पीड़ित अचेत होकर जमीन पर गिर गया। इसके बाद भी आरोपी उस पर हमला करते रहे। अस्पताल ले जाने पर इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। हमले के दौरान स्थानीय लोगों ने एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया, अन्य आरोपी मौके से भाग गए। पकड़े गए आरोपी अतुल पांडे से पूछताछ कर जांच की जा रही है।कालकाजी मंदिर परिसर में हुई वीभत्स घटना ने आंतरिक सुरक्षा पर भी सवाल उठा दिए हैं। मंदिर में 50 से ज्यादा सेवादार होने के बावजूद किसी ने भी योगेंद्र की जान बचाने की जहमत नहीं उठाई। जिस समय योगेंद्र की बेरहमी से पिटाई की जा रही थी, तब कोई भी बचाव के लिए आगे नहीं आया। तभी आरोपित हत्या करने के बाद आसानी से फरार हो गए।

# हिंसा के आरोपियों को रिहा न करने की मांग

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** सनतान सेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के नाम उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर हिंसा मामले में बंद आरोपियों को जमानत पर रिहा न करने बल्कि जेल में ही रहने की मांग की है।

संघ के जिलाध्यक्ष कैलाश चन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि 24 नवम्बर 24 को हुई हिंसा के आरोप में जेल में बंद आरोपियो को कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा छुड़ाये जाने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे उनके जेल से रिहा होने की सम्भावना जतायी है। साथ जेल से रिहा होने पर पुनः सम्भल में लोगों को भड़काकर माहौल खराब कर शांति व्यवस्था पूरी तरह से भंग हो सकती है। ज्ञापन में जेल में बंद लोगों के जेल से बाहर आने पर जनता में डर और असरक्षा की भावना जागृत होने की सम्भावनाओं के साथ हिंदू और मुस्लिमों के बीच आपसी सौहार्द बिगड़ने के साथ शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका जतायी है। ज्ञापन पर प्रेपाल सैनी, प्रमोर सैनी, हिमांशु कश्यप, रितिक, शोभित शास्त्री, कैलाश चन्द्र, उमेश कुमार प्रजापति, राजकुमार शर्मा, विशाल शर्मा के हस्ताक्षर थे।



सम्भल- हिंसा के आरोपियों का रिहा न करने की मांग को ज्ञापन देते।

## सेवा निवृत्ति पर नेत्र विशेषज्ञ को दी समारोह पूर्वक भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर पर तैनात नेत्र रोग विशेषज्ञ जितेंद्र राघव को सेवानिवृत्ति होने पर विदाई दी गयी।

इस अवसर पर बीडीएम दीपक शर्मा ने कहा कि जितेंद्र राघव जी का सभी से मित्रवत व्यवहार रहा। सभी मरीजो का उपचार ठीक प्रकार किया। उन्होंने बड़ी कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी डयूटी निभाई। उनकी कमी स्टाफ को बहुत खलेगी।इस मौके पर डाक्टर संदीप यादव,डा. अभिषेक बीडीएम दीपक शर्मा फार्मासिस्ट लक्ष्मी नारायण, वरिष्ठ लैब सहायक महेश्वर उपाध्याय, देवी सिंह जीत यादव उमेश कुमार तिलकसिंह रामवीर सिंह भुवनेश एवं उनके परिवार के लोग आदि शामिल रहे।

## पूर्व लाइब्रेरियन की पत्नी सुपुर्दे खाक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** एमजीएम पीजी कॉलेज के पूर्व लाइब्रेरियन तंजील अहमद की पत्नी हारूना बेगम का लम्बी बीमारी के बाद इंतेकाल हो गया। उनके इंतेकाल की खबर सुनकर शहर में गम की लहर दौड़ गयी। शुभ चिंतकों ने उनके दीपा सराय स्थित आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। हारूना बेगम परिषदीय विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रह चुकी हैं। उनके पुत्र तौसीफ अधिवक्ता हैं। सांय पांच बजे रफाती वाले कब्रिस्तान में उन्हे सैकड़ों सोगवारों की मौजूदगी में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। इस मौके पर सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क, शहर इमाम आफताब अहमद वारसी समेत तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम पासपोर्ट में MOHAMMAD MATIN है। जबकि वास्तविक में मेरा नाम MOHAMMAD MATEEN है। मुझे MOHAMMAD MATEEN नाम से जाना जाये।

MOHAMMAD MATEEN
s/o MOHAMMAD PYAREY
नि. मौ. चौधरी सराय कुरैशियान मकान नं. 659 तह. व जिला सम्भल।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र तहजीब व उसकी पत्नी सायमा झगड़ालू किस्म के हैं। आये दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली-गलौंच करते हैं और मेरे व मेरे परिवार के साथ दोनो आमादा फसाद रहते हैं। उक्त तहजीब व सायमा को बहुत समझाया मगर वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आये। मजबूर होकर मैने अपने पुत्र तहजीब व उसकी पत्नी सायमा को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा या मेरे परिवार के किसी सदस्य का तहजीब व उसकी पत्नी सायमा से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं है। वह दोनों अपने किसी कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मौ. हसन पुत्र अब्दुल वाहिद**
नि. मौहल्ला बेगम सराय तह. व जि. सम्भल।

# प्रेम प्रसंग के चलते हुई थी सुमित की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** प्रेम प्रसंग के चलते 16 वर्षीय सुमित को अपनी जान गंवानी पड़ी, जिसका खुलासा संभल एएसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इंस्पेक्टर चन्दौसी मोहित कुमार व एसआई राहुल देशवाल द्वारा जघन्य हत्या के मामले में उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार काम किया। अधिकारियों का स्पष्ट आदेश था कि कोई भी निर्दोष व्यक्ति जेल नहीं जाना चाहिए। हालांकि पुलिस से खुलासे में कभी-कभी गलती हो जाती है पर हत्या जैसे मामले काफी संगीन होते हैं। पुलिस ने शुरुआत से ही दोस्तों व प्रेम प्रसंग का मामला होने की प्राथमिकता दी। हालांकि पुलिस ने अन्य चार लड़कों से भी पूंछताछ की थी परंतु हत्या में उनका हाथ न होने के कारण उन्हें छोड़ दिया। पूंछताछ करने का कारण भी था क्योंकि मीडिया के समक्ष सुमित की बहन ने नाम भी लिया था लेकिन वह मामला झूठा था। इधर सुमित की बहन ने भी सुमित के प्रेम प्रसंग न होने पर मोहर लगाई थी। पुलिस ने गहराई से जांच की तो हत्या का कारण पता चला क्योंकि सुमित 25 अगस्त को रात्रि 08:30 बजे घर से खाना खाकर निकला और विक्की कोरी के ठेले पर एक साथी के साथ चाउमीन खाई, फिर इसके बाद मई दिशा बरगद वाले कब्रिस्तान की ओर गया। वहीं हत्यारों से नोंकझोंक भी हुई परंतु हत्यारे तीन थे, इसलिए सुमित तीनों का विरोध नहीं कर पाया। पुलिस ने हत्या के मामले में मु0अ0सं0 374/2025 धारा 103(1) बीएनएस में प्रकाश में आये अभियुक्त गोविंद पुत्र गिरिराज नि. कैथल व एक बाल अपचारी उम्र 16 वर्ष को जीरो प्वाइंट बहजोई रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। पूंछताछ के दौरान अभियुक्तगण गोविंद व बालअपचारी ने बताया कि गांव का सनोज पुत्र रामचंद्र, मेरा दोस्त है जिसके घर में सुमित का आना-जाना था। सुमित का सनोज की बहन से प्रेम प्रसंग था, वह अक्सर आता था। सनोज ने दोस्त होने के कारण यह बातें हम दोनों को भी बताई जिससे तीनों ने मिलकर सुमित को डराया धमकाया भी पर वह नहीं माना। तीनों ने सुमित को सबक सिखाने की योजना बनाई और सुमित से पुन: दोस्ती शुरु कर दी, जिससे हम लोगों पर विश्वास हो जाए। हालांकि सुमित की दोनों बहनों को भी प्रेम प्रसंग की जानकारी थी। घटना वाले दिन सुमित घर से खाना खाकर टहलने के लिए निकला और चौराहा पर किसी लड़के के साथ गया। जहां विक्की के ठेले पर चाउमीन खई। बस यहीं पर दोनों दोस्तों ने सुमित को विश्वास में लेकर बाजरा व धान के खेत की ओर ले गये, क्योंकि तीनों ने हत्या की योजना पहले ही बना ली थी, सनोज ने मेडिकल से दस्ताने की व्यवस्था की, जब सुमित तीनों के साथ गया।

वहां सनोज ने सुमित को समझाया तो उसने सनोज की बहन से शादी करने की बात कह डाली जिससे सनोज रुष्ट हो गया और हम तीनों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद छुरा वहीं बाजरा के खेत में फेंक दिया जिसे पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर बरामद कर लिया। नृशंसा हत्या का खुलासा करने में इंस्पेक्टर चन्दौसी मोहित कुमार, प्रभारी सर्विलांस रामवीर सिंह, उ0नि0 राहुल देशवाल, हे.का. अफसर अली, सिपाही अतुल बाना, प्रज्जवल, प्रदीप कुमार, दीपांशु व महिला सिपाही अंकुल की भूमिका रही।



## ग्रामीण कर रहे पुलिस की प्रशंसा

**चन्दौसी।** नृशंस हत्या जघन्य अपराध है। हत्या में मृतक की तो जान जाती ही है परंतु जिन पर हत्या का दोष लगता है, उनके घर-परिवार वालों का भी सब कुछ दांव पर लग जाता है। पुलिस से ग्रामीण कुछ बातें छुपाते हैं, कहीं पुलिस उन्हें बलि का बकरा न बना दें परंतु पुलिस के पास भी अलाउद्दीन का चिराग नहीं है जो सीधे अपराधी तक पहुंच पाये। पुलिस भी साक्ष्यों के आधार पर कड़ी से कड़ी मिलाकर अपराधी तक पहुंचती है।

अंतत: यदि जांच सही हो तो निश्चित् रुप से पुलिस पारदर्शिता के साथ कार्य करती है क्योंकि घटना वाले दिन एसपी, एएसपी, एएसपी/सीओ चन्दौसी भी मौके पर पहुंचे और संबंधित दिशा-निर्देश दिये। ग्रामीणों ने उस दिन भी दबी जुबान में प्रेम प्रसंग का मामला बताया और पुलिस को भी प्रथम दृष्टत: यही लगा। पुलिस ने काफी होमवर्क के बाद हत्या का खुलासा किया। फिल हाल ग्रामीण निष्पक्ष खुलासे पर एएसपी व पुलिस बल की प्रशंसा कर रहे हैं।

## एक नजर

### थाना क्राइम इंचार्ज को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा



**कुंदरकी।** थाना क्राइम इंचार्ज को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सोपा जिसमें उन्होंने बताया कि हाल ही में दरभंगा, बिहार में राहुल गांधी की श्वोटर अधिकार यात्राश के दौरान कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की माता को श्अपश शब्द सहित अपमानजनक भाषा कहकर राजनीतिक मर्यादा का उल्लंघन किया है। यह न केवल हमारे समाज और संस्कृति के विरुद्ध है, बल्कि लोकतंत्र की गरिमा के लिए भी खतरा है। प्रधानमंत्री जी की माता हमारे राष्ट्र की प्रतिष्ठा हैं, जिनका सम्मान करना हम सबका कर्तव्य है। इस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। अत: आपसे निवेदन है कि इस मामले की गंभीरता से जांच कर सच घटना ओं पर रोक लगाई जाए तथा दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाये ज्ञापन देने में मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप,मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर,मंडल कोषाध्यक्ष पंकज शर्मा, बूथ अध्यक्ष शुएब साबरी ,बूथ अध्यक्ष आमिर खान उर्फ कुल्लन आदि उपस्थित रहे।

### विधायक के सामने खादर क्षेत्र के लोगों ने उठाई बाढ़ से हुए नुकसान के मुआवजे की मांग



**कांठ।** समाजवादी पार्टी से विधायक कमाल अख्तर के जन् सुनवाई कार्यक्रम के दौरान आज खादर क्षेत्र के लोगों ने बाढ़ से हुए नुकसान के मुआवजे की मांग उठाई। इस दौरान लोगों ने विद्युत आपूर्ति की दिक्कत, किसानों को खाद की कमी, सड़क और नाली की मरम्मत राशन वितरण में गड़बड़ी एवं पेंशन जैसी योजनाओं में आ रही समस्याओं को लेकर अपनी शिकायत रखी। किसानो ने बाढ़ से हुए नुकसान को लेकर भी अपनी बात विधायक के सामने रखी उन्होंने बताया कि खेतों में खड़ी धान गन्ना और अन्य फसले पूरी तरह बर्बाद हो गई है। इससे किसान को काफी नुकसान हुआ है विधायक ने इस संबंध में लोगों को उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया और कहा कि सरकार के सामने वह किसानो की बात रखते आए हैं और यह समस्या भी वह जरूर रखेंगे।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव आम जनता की आवाज उठाने और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए संघर्ष करती रही है जनता का भरोसा ही समाजवादी की बड़ी ताकत है। इस अवसर पर नाजिम सैफी नईम अंसारी अतिकुर रहमान तस्लीम प्रधान डॉक्टर दानिश अमजद खान मुजीब खान आबिद अध्यक्ष नासिर सैफी जमशेद अध्यक्ष आरिफ मलिक डॉक्टर नवरत्न अंजार चौधरी भूरा खान डॉक्टर जुबेर आदि उपस्थित रहे।

### रेलवे फाटक के बार-बार बंद होने से परेशान लोग गर्मी में तपने को हुए मजबूर



**कांठ।** कांठ में रेलवे फाटक के बार-बार बंद होने से वाहन चालक आजिज आ चुके हैं फाटक पर लगने वाला लंबा जाम लोगों की परेशानी का सबब बना हुआ है क्षेत्र के लोगों ने इस से निजात दिलाए जाने की मांग उठाई है। बतादें कि कांठ में रेलवे फाटक के बार-बार बंद होने से दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है भीषण गर्मी में जाम के कारण धूप में खड़ा होना वाहन चालकों के लिए मुसीबत भरा सफर बन जाता है। आज भी रेलवे फाटक बंद हुआ तो वहां पर वाहनों की लंबी कतारे लग गई दो पहिया वाहन चालकों को पेड़ों की छांव ढूंढनी पड़ी जिन्हें नहीं मिली। उन्हें धूप में तपने को मजबूर होना पड़ा। बतादे कि क्षेत्र के लोग काफी समय से फाटक पर ओवर ब्रिज बनवाए जाने की मांग करते आ रहे हैं मगर सरकार के नुमाइंदे इस काम को अंजाम देने में अभी नाकाम बने हुए हैं। जिसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को कई दशकों से उठाना पड़ रहा है। आज फिर लोगों ने मजबूर होकर इस फाटक पर ओवर ब्रिज बनवाए जाने की मांग उठाई है।

### रामप्यारी आर्या कन्या इंटर कॉलेज में स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**चन्दौसी।** रामप्यारी आर्या कन्या इंटर कॉलेज चंदौसी में स्काउट गाइड के अंतर्गत तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 28-30 अगस्त तक किया गया जिसका समापन शनिवार को किया गया। स्काउट गाइड शिविर के समापन समारोह में जिला गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा शिविर के प्रशिक्षण के साथ-साथ नेशनल जंबूरी स्काउट गाइड का सामाजिक इतिहास एवं बहुमूल्य जानकारियां प्रदान की गईं। जिला संगठन आयुक्त मीनू सिंह द्वारा छात्राओं को तीन दिन तक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर का आयोजन मति नीतू गुप्ता व नेहा के नेतृत्व में कराया गया। समापन समारोह में छात्राओं ने कैंप फायर के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की प्रधानाचार्य तथा सभी शिक्षओं का विशेष योगदान रहा।

# अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल ने अमेरिकी कंपनियों के बहिष्कार की अपील

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल ने अमेरिकी कंपनियों के बहिष्कार की अपील की तथा स्वदेशी इस्तेमाल करने का आह्वान किया और ट्रंप की तानाशाही के विरोध में व्यापारियों की पदयात्रा निकाली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ के विरोध में शनिवार को अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मण्डल ने फुब्बारा चौक से स्टेशन तक पद यात्रा निकाली। पदयात्रा में स्वदेशी अपनायें विदेशी भगायें व एक देश-एक चुनाव के नारे लगे। संगठन नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नु ने कहा कि ट्रंप को मुंहतोड़ जवाब देने व उसकी तानाशाही को रोकने के लिए हमें अमेरिकी कंपनियों का बहिष्कार करना होगा। भारत के बने उत्पाद मांगने होंगे, बेचने होंगे और इस्तेमाल करने होंगे। हम 144 करोड़ भारतीय जब भी कोई चुनौती मिलती है। तब और शक्ति से आगे बढ़ते हैं। 03 सितंबर को संगठन के 32वें स्थापना दिवस पर इन्हीं विषयों को केंद्र में रखकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल और हिन्दू नेता राज. कुमार ठाकरे ने एक मत में कहा कि देश मे एक देश-एक चुनाव होने चाहिये जिससे आम व्यक्ति का समय और पैसा बर्बाद नही होगा। देश में चुनाव पर बहुत खर्चा होता है वो भी बचेगा। देश हित को देखते हुए तत्काल एक देश एक चुनाव का बिल लाना बहुत जरुरी है। पदयात्रा में जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर, राजू चड्ढा, भाजपा नेता अभिनव शर्मा, शाहआलम मंसूरी, सुशील छोटु, आकाश, रितिक वार्ष्णेय, कुशाग्र अग्रवाल, लोकेश, शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# दलित समाज के उत्थान के लिए बाबा साहब के मिशन को आगे बढ़ाना जरूरी: बब्बन रावत

**चन्दौसी।** नगर के बदायूं रोड स्थित ओमीलाला फार्महाउस (ओएलएफ) में आयोजित महादलित परिसंघ के कार्यक्रम में बिहार राज्य से आए संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बब्बन रावत ने कहा कि हमें बाबा साहब के मिशन को आगे बढ़ाना है जिससे दलित समाज का उत्थान हो सके। उन्होंने कहा कि दलित समाज में कुछ लोग ऐसे हैं जो बाबा साहब के उद्देश्यों को आत्मसात नहीं कर रहे हैं, वह पीछे हैं। बताया कि जिस तरह जाटव समाज ने बाबा साहब के बताये हुए मार्गों का अनुसरण किया, वाल्मीकि समाज उतना जागृत नहीं हुआ परंतु अब धीरे-धीरे जागृत हो रहा है। रावत ने कहा कि जो लोग आरक्षण का लाभ लेकर पहले से ही सशक्त हो चुके हैं, उन्हें समाज के अविकसित वर्गों के हित में आरक्षण छोड़ देना चाहिए। उन्होंने बाबू जगजीवन राम को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने दलितों के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई लड़ी और अंबेडकर के 'शिक्षित बनो-आगे बढ़ो' मिशन को नई दिशा दी। उन्होंने बताया कि बिहार में नीतीश कुमार सरकार ने दलित उत्थान के लिए 400 करोड़ रुपये की योजना लागू की है। रावत ने कहा कि अतीत में दलित समाज उपेक्षित रहा और छुआछूत जैसी कुप्रथाओं का शिकार बना। जाति प्रथा के कारण ही देश विकास में पिछड़ा रहा, जबकि कई देश आगे निकल चुके हैं। साथ ही जाति प्रथा को समाप्त करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि सरकार को जाति प्रथा समाप्त करने संबंधी कानून शीघ्र लागू करना चाहिए, ताकि आधी समस्याएं स्वत: ही समाप्त हो सकें।

# बस स्टैंड के पास टप्पेबाज सक्रिय वृद्धा के हाथ से उतारा सोने का कंगन

**चन्दौसी।** नगर में रेलवे स्टेशन वे रोडवेज बस स्टैण्ड के पास टप्पेमार सक्रिय हो गये हैं जो लोगों को तथा खासकर महिलाओं को बातों में उलझाकर सोने-चांदी के आभूषण या फिर जेब में रखे रुपयों पर हाथ साफ कर देते हैं। ऐसी घटनाएं पहले सीओ कार्यालय के पास तथा मालगोदाम रोड पर घटित होती थीं परंतु अब बस स्टैण्ड के आसपास लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। शुक्रवार की शाम करीब 04:30 बजे वृद्धा अमरजीत कौर पत्नी अमरजीत सिंह रोडवेज बस स्टैण्ड निकट स्थित गुरुद्वारा से बाहर आईं, जहां दो अज्ञात लोगों ने उन्हें बातों में उलझाकर हाथ में पहना लगभग 35 ग्राम का कंगन उतरवाकर भागने का प्रयास किया परंतु महिला के परिवार वालों ने एक व्यक्ति को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया जिससे पुलिस पूंछताछ कर रही है। सोने के कड़े की कीमत करीब 02 लाख रु. बताई गई।

# टिमिट में उद्यमिता जागरूकता सत्र का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ (सीडीसी) द्वारा दिनांक 30 अगस्त 2025 को टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के सेमिनार हॉल में एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।इस सत्र का विषय था

"स्टेप इन, इग्नाइट एंड इनोवेट: योर स्टार्टअप जर्नी बगिन्स", जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को नवाचार, उद्यमिता तथा स्टार्टअप की संभावनाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया।इस अवसर पर वक्ताओं ने छात्रों को बताया कि किस प्रकार एक नवीन विचार को व्यवसायिक अवसर में परिवर्तित किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएँ युवाओं को उद्यमिता और नवाचार के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं।

सत्र के दौरान टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि "उद्यमिता केवल आजीविका अर्जित करने का साधन नहीं है, बल्कि यह समाज में नई दिशा प्रदान करने तथा अन्य लोगों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का माध्यम भी है।

विद्यार्थियों को चाहिए कि वे आत्मविश्वास के साथ अपने विच. ारों को साकार करने का साहस दिखाएँ।"कार्यक्रम में उपस्थित अन्य संकाय सदस्यों ने भी विद्यार्थियों को नवाचार और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। इस आयोजन में एमबीए, बीबीए एवं बी.कॉम के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की और स्टार्टअप यात्रा की प्रारंभिक समझ प्राप्त की।

# नगर के पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पर्यूषण पर्व का तीसरा दिन उत्तम आर्जव धर्म के रूप में मनाया

■ **मन वचन काय कि कुटिलता का न होना उत्तम आर्जव धर्म है: कौशल जैन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** श्री पार्श्वनाथ दिग. 'बर जैन मंदिर बिलारी में सर्वप्रथम जैन अनुयायियों द्वारा बेदी में विरा. जमान सभी प्रतिमाओं का प्रासुक जल से अभिषेक किया उसके उपरांत प्रासुक जल से श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा की शांति धारा की गई विशेष पूजा रही चंद्र प्रभुएचौबीसी भगवानए पार्श्वनाथ भगवान सोलह कारण दस लक्षण धर्म एवं पंचमेरू आदि। सामूहिक आरती का भी आयोजन किया गया।

उत्तम आरजव धर्म के बारे में प्रकाश डालते हुए कौशल जैन ने बताया कि है भव्य जीव कपट रूप व्यवहार तुम कभी मत करो सदैव अपने मन वचन काय को एक रखो अपने चंचल चित को रोकने के लिए आरजव का सहारा लो। अरि. हंत देव कहते हैं कि देखो एक बार माया चारी करने से मृदुमती नाम के मुनिराज को तिरयंच गति के दुख सहन करने पड़े थे।

इस अवसर पर राकेश जैन कौशल जैन विनोद जैन संजय जैन राकेश कुमार जैन अभिषेक जैन, आदीश कुमार जैन, पारूक अग्रवाल (जैन), प्रतीक जैन शशांक जैन अरिहंत जैन रीता जैन सीमा जैन रेखा जैन, शिल्पी जैन, चारू जैन शगुन जैन मिशिता जैन दर्शील जैन आरभ जैन, कल्पना जैन, गरिमा जैन, पावनी जैन, सुरभि जैन, लवी जैन आर्यांश जैन बर्णिका जैन, रेनू जैन, पूजा जैन, नेहा जैन, खुशी जैन, आशा जैन, निधि जैन अन्वी अक्षया जैन नेहा जैन रजत जैन, यश जैन विपुल जैन तनिष्क जैन, राजीव जैन आदि शामिल रहे।

# बैठक में संविदा कर्मचारियों को स्थाई करने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** महादलित परिसंघ राष्ट्रीय के तत्वाधान में नगर के मोहल्ला कोरियान में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थाई करने की मांग उठी। भारी तादात में वाल्मीकि समाज के लोग मौजूद रहे। शनिवार को नगर के मोहल्ला कोरियान बाल्मीकि बस्ती में आजाद राव रत्नाकर के आवास पर बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष बब्बन रावत के साथ प्रदेश अध्यक्ष मदनपाल सिंह पहुंचे। बैठक में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को हल करने की मांग रखी गई। कहा कि प्रदेश में आउटसोर्सिंग व संविदा विद्युत कर्मियों को स्थाई किया जाए। इसको लेकर उच्च अधिकारियों से मिलने को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य रूप से राजेंद्र सहदेव, बृजनंदन,प्रदीप कुमार, जीतू सिंह, धर्मपाल सिंह, नीरज प्रेमी, सिंभू, संजीव कुमार, ऋतिक रत्नाकर, रोी. हत, रिशिपाल,राजकुमार,आदित्य रत्नाकर, रोहित आदि सहित अनेकों मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता आजाद राव रत्नाकर व संचालक गजराम सिंह वाल्मीकि ने किया।

# बीकानेर एक्सप्रेस रेस्टोरेंट में मानकों की अनदेखी

## खाद्य विभाग का छापा, रेस्टोरेंट में मिली एक्सपायरी खाद्य सामग्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शनिवार दोपहर लगभग 03 बजे खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मझावली स्थित बीकानेर एक्सप्रेस रेस्टोरेंट पर छापा मारा। जांच के दौरान किचन और स्टोर रूम में साफ-सफाई की स्थिति बेहद खराब पाई गई। होटल प्रबंधन द्वारा स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी सामने आई। टीम को मौके पर बड़ी मात्रा में एक्सपायरी खाद्य सामग्री भंडारित मिली। इसमें मार्च 2025 में एक्सपायर्ड काजू पैकेट, मई 2025 में एक्सपायर्ड ऑरेगैनो पैकेट और अप्रैल 2025 में एक्सपायर्ड टॉप्स विनेगर की 12 बोतलें शामिल थीं। इन्हें जनहित में तत्काल नष्ट कराया गया। इतना ही नहीं, रेस्टोरेंट में रखी अरहर दाल में रंग की मिलावट तथा पनीर में अपमिश्रण पाए जाने पर संदेह हुआ, जिसके नमूने संग्री. हत कर प्रयोगशाला भेज दिए गए। टीम ने स्पष्ट कहा कि खाद्य सुरक्षा मानकों की यह खुली अवहेलना ग्राहकों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के उल्लंघन को देखते हुए रेस्टोरेंट संच. ालक को धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया गया है। विभाग ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में नियमों का अनुपालन नहीं किया गया तो रेस्टोरेंट का लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा। कार्रवाई के दौरान सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय मानवेंद्र सिंह और खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव कुमार मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि शहर के अन्य होटलों और रेस्टोरेंट्स की भी इसी प्रकार सख्त जांच की जाएगी, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित व मानक के अनुरूप खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके। गौरतलब है कि लोग रेस्टोरेंट संचालकों पर भरोसा कर बड़े स्वाद के साथ भोजन करते हैं, लेकिन इस तरह की अनदेखी न केवल उनकी जेब पर भारी पड़ती है बल्कि स्वास्थ्य को भी गंभीर नुकसान पहुंचाती है।

# राष्ट्रीय शिक्षक महासंघ ने संकल्प पत्र के साथ एसडीएम से की वार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष शांति भूषण वर्मा के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी एसडीएम विनय कुमार सिंह से मिलने पहुंचे। जहां उन्होंने हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प पत्र एसडीएम विनय कुमार सिंह को भेंट किया। शनिवार को एसडीएम बिलारी ने शैक्षिक उन्नयन भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस बीच जिला अध्यक्ष ने बताया कि संगठन में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान अभियान की शुरूआत किया। जिसमें 1 सितंबर को देश में 5 लाख से अधिक विद्यार्थी व शिक्षकों की सहभागिता होगी। जिला उपाध्यक्ष रमेश कुमार मिश्रा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य शिक्षा को केवल ज्ञान तक सीमित न रखकर चरित्र निर्माण समाज सेवा का माध्यम बनाना है। ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यार्थी और शिक्षक मिलकर विद्यालय को स्वच्छ अनुशासित और हरित बनाने का संकल्प लेंगे। ब्लॉक मंत्री दिनेश सिंह ने कहा कि अभियान विद्यालय को राष्ट्रीय निर्माण का तीर्थ बनाऐगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रमेश कुमार मिश्रा, जिला मंत्री मुकेश कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, ब्लॉक महामंत्री दिनेश सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष कुंदरकी दीपक कुमार गोला, ब्लॉक उपाध्यक्ष कुंदरकी मोहम्मद फराज, संयुक्त महामंत्री कुंदरकी साकिर हुसैन, संगठन मंत्री अनिल राज, ब्लॉक मंत्री यशा कुमारी, ब्लॉक उपाध्यक्ष बिलारी विनय कुमार,ब्लॉक मंत्री राहुल सैनी, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।



**खोया-पाया**

मेरे हाईस्कूल अनुक्रमांक 0572733 वर्ष 2004, इण्टरमीडिएट अनुक्रमांक 0460031, वर्ष 2006, BAPART ONE अनुक्रमांक 908765 वर्ष 2010, BA PART TWO अनुक्रमांक 754402 वर्ष 2011, BAPART THIRD अनुक्रमांक 123120869 वर्ष 2012, MA (PREVIOUS) अनुक्रमांक 167612 वर्ष 2013, MA (FINAL) अनुक्रमांक 870832 वर्ष 2014, बीटीसी प्रथम सेमेस्टर अनुक्रमांक 15120163 वर्ष 2013, बीटीसी द्वितीय सेमेस्टर अनुक्रमांक 26120162 वर्ष 2013, बीटीसी तृतीय सेमेस्टर अनुक्रमांक 37120162 वर्ष 2014, बीटीसी चतुर्थ सेमेस्टर अनुक्रमांक 48120161 वर्ष 2014, बीएड अनुक्रमांक 152375560 वर्ष 2016, TET अनुक्रमांक 1213015601 वर्ष 2018, इण्टरमीडिएट अनुक्रमांक 4055586 वर्ष 2013, उपरोक्त सभी अंक तालिकाएं एवं प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं। **नीता पुत्री कुवंर पाल सिंह निवासी शिवपुरी मूंढ़ापांडे, मुरादाबाद। मोबाइल नम्बर- 8057774085**

**बेदखली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र एहतेशाम अंसारी व पुत्रवधू यासमीन परवीन को मेरी नाफरमानी, कहना ना मानने तथा गलत संगत आचरण में पड़ जाने के कारण अपनी समस्त प्रकार की चल-अचल संपत्ति से बेदखल आंक कर दिया है। यदि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इनके साथ लेनदेन रखता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मुझसे तथा मेरे परिवार से कोई ताल्लुक वास्ता नहीं होगा। **अनीशा खातून पत्नी स्वर्गीय इमामुद्दीन, निवासी ग्राम बल्ला शेरपुर, थाना नहटौर, जिला बिजनौर।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र राशिद व पुत्रवधू श्रीमति गुलिस्ता को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **आसिम पुत्र श्री छोटे निवासी मौहल्ला कैलसा रोड ईदगाह के पीछे फातिमा मस्जिद, पाकबड़ा तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# घर में पत्नी की नाक काटकर पति हुआ फरार

**■ महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में कराया भर्ती**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मझोला थाना क्षेत्र में अपनी पत्नी की नाक काटने के बाद पति मौके से फरार हो गया, गंभीर हालत में महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर देख उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। महिला की मां ने अपने दामाद के खिलाफ पुलिस से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

वही खास बात यह है कि शादी के दस साल बाद पत्नी को तलाक देने के बाद शनिवार सुबह नाक काट कर पति फरार हो गया, घर में मौजूद मां ने बेटी को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया,जहां उसकी हालत गंभीर होने की वजह से डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

घायल युवती की दस साल पहले यह दूसरी शादी हुई थी, शादी के बाद से वह मझोला थाना क्षेत्र के मैनाठेर में रह रही थी। बता दे कि जनपद के मझोला थाना क्षेत्र के मैनाठेर में राबिया अपने पति चाँद के साथ रहती हैं। राबिया कुंदरकी की रहने वाली हैं,राबिया की पहली शादी संभल जनपद की चंदौसी में हुई थी।कुछ सालो बाद पति ने उसको तलाक दें दिया था। सुसराल वालों ने ही राबिया को पति से अलग होने पर मैनाठेर में एक घर लेकर दिया था, यह घर उसके दूसरे पति चांद के परिवार वालों ने दिलवाया था।

तभी से ही राबिया के यहां चांद का आना जाना हो गया था, कुछ समय बाद राबिया और चांद ने शादी कर ली अब उनके पास एक बेटी हैं।राबिया की मां चांद बी ने बताया की शादी के कुछ सालो बाद चांद बेटी राबिया के साथ मारपीट करने लगा,उसने बेटी को तलाक दें दिया,वह ऐसा कई बार कर चूका था। शनिवार को दामाद ने बेटी की नाक काट दी मेरे शोर मचाने पर वह घर से निकल कर भाग गया।आस पड़ोस के लोगों की मदद से घायल बेटी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, हालत गंभीर होने की वजह से उसको मेरठ हायर सेंटर रेफर कर दिया गया हैं। घायल की मां ने अपने दामाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग पुलिस से की है।

# कटघर इलाके में रेस्क्यू कर बचाई गई गाय की जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र गुलाबबाड़ी चुंगी के पास स्मार्ट सिटी के तहत बनी दुकानों के पीछे बीच में अचानक एक गाय फस गई, खोखो के पीछे की तरफ खाली पड़ी थोड़ी जगह के बीच में फसी गाय को देख लोगो की भीड़ इकट्ठी हो गई।

स्थानीय लोगों ने गाय को निक.ालने का बहुत प्रयास किया लेकिन तंग जगह होने के कारण गाय बाहर नहीं निकल सकी, गाय फसी होने की सूचना के बाद तमाम हिन्दू संगठन स्थानीय पुलिस और नगर निगम टीम मौके पर पहुंची, जेसीबी मशीन के जरिए एक दुकान को तोड़ा गया इसके बाद गाय को सकुशल बाहर निकाला गया।राष्ट्रीय बजरंग दल के अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि वह सूचना के बाद मौके पर पहुँचेऔर अपनी टीम के साथ गाय को बाहर निकलालने का कार्य किया, जिसके बाद गाय को बाहर निकाला गया। वहीं भारतीय गोरक्षा सेना के मनोज ठाकुर ने बताया कि नगर निगम की घोर लापरवाही के चलते एक गौमाता कई घंटों तक नवनिर्मित खोखे के पीछे बीच में फसी रही थोड़ी और देर होने के बाद गाय की जान भी जा सकती थी, सभी के सहयोग से करीब तीन से चार घंटे के रेस्क्यू के बाद गाय को बाहर निकाल लिया गया हैं।वहीं मनोज ठाकुर ने कहा कि नगर निगम को इस समस्या का तत्काल निस्तारण करना चाहिए अन्यथा प्रदर्शन किया जाएगा।



इस मौके पर जतिन प्रजापति अभिषेक, अरुण, दीपक राठौर व नगर निगम की टीम मौजूद रही

# देवर पर दुष्कर्म का आरोप, पति ने फोन पर दिया तीन तलाक दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने अपने देवर पर दुष्कर्म और पति पर मोबाइल फोन पर तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर के बताया कि उसकी शादी असलम पुत्र मौ. जमील निवासी वार्ड नं-21 ठाकुरद्वारा से हुई थी। असलम करीब चार साल से दुबई में नौकरी कर रहा है। आरोप है कि इस दौरान उसका देवर सलीम पुत्र जमील उस पर बुरी नजर रखता था और अश्लील हरकतें करता था। पीड़िता के अनुसार, 8 जुलाई 2025 को सुबह करीब 11 बजे जब वह घर पर अकेली थी और बच्चे बाहर गए हुए थे, तभी देवर जबरन घर में घुस आया और कमरे में ले जाकर डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी मौके से फरार हो गया और जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। महिला ने घटना की जानकारी फोन पर अपने पति असलम को दी, जिस पर उसने कार्रवाई करने से मना किया। इतना ही नहीं, आरोप है कि पति ने मोबाइल फोन पर ही तीन बार तलाक बोलकर उसे तलाक दे दिया और कहा कि वह अब दूसरा निकाह करेगा। पीड़िता ने घटना की लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। थी जीसपर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों असलम और सलीम पुत्रगण जमील के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ग्राम विकास अधिकारियों ने अपनी समस्याओं को किया साझा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ग्राम विकास अधिकारी संघ संगठन मुरादाबाद की एक बैठक लोकसभा में आयोजित की गई।

बैठक में जनपद के सभी विकासखंड से आए ग्राम विकास अधिकारियों ने प्रतिभाग किया और अपनी अपनी समस्याओं को रखा। बैठक को संबोधित करते हुए ग्राम विकास अधिकारी चंद्र प्रकाश ने कहा कि मनरेगा योजना का ऑडिट हम सभी को अत्यधिक परेशान करने वाला है जिसका समाधान किया जाना अति आवश्यक है और बिना सभी की सहभागिता के ऑडिट समस्या का समाधान होना संभव नहीं है। वहीं बैठक में संगठन एवं ऑडिट की समस्या समाधान एवं नौकरी में आने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान तथा प्रमोशन पर वीडियो आईएसबी कमर अब्बास ने अपने विचार रखें बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ऑडिट अधिकारी रिपोर्ट को अनुकूल बनाने के लिए व एप अप्रिय टिप्पणियों से बचने के लिए मनमानी रकम मांग रहे हैं अगर मांगी गई रकम नहीं दी जाती है तो ऑडिट



अधिकारी गलत तरीके से ऑडिट रिपोर्ट तैयार करते हैं जिसमें कामों में गड़बड़ी दर्शीयी जाती है या फंड के दुरुपयोग का आरोप लगाया जाता है इससे ग्राम प्रधानों एवं सचिवों के खिलाफ कार्यवाही का डर रहता है जिसके चलते वह चुपचाप डरे सहमें रहते हैं। बैठक में जयपाल सिंह,अमित गुप्ता, कुल गौरव चौहान, अजय पाल सिंह, अखिलेश पुरोहित, कमर अब्बास, दीपक शर्मा, पुष्पा कुमारी, संजीव राणा, अभिनय टंडन आदि मजबूत रहे। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष विनोद सागर ने की और संचालन चंद्र प्रकाश ने किया

## एक नजर

### एक सितम्बर से जनपद में लागू होगी मूल्य दर सूची

**मुरादाबाद।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय ने बताया कि शासन द्वारा निहित प्रावधानों के अनुसार आगामी 01 सितंबर 2025 से जनपद मुरादाबाद में अचल सम्पत्तियों की कलैक्टर मुरादाबाद द्वारा मूल्य दर सूची लागू होनी है, जिसके कारण आमजन वर्तमान में प्रचलित मूल्य दर सूची के अनुसार कम रेट पर स्वाभाविक रुप से बैनामें इत्यादि विलेख निबन्धित कराना चाहेंगे। प्रत्येक वर्ष की भांति कलेक्ट्रेट दर सूची जारी होने की तिथि 01 सितंबर 2025 से पूर्व निबन्धन कराए जाने वाले विलेखों की संख्या में स्वाभाविक रुप से बढ़ोत्तरी संभावित है, जिसके देखते हुए रजिस्ट्रेशन मैनुअल के नियम 132 के तहत उप निबंधक कार्यालय सामान्य कार्यदिवस की भांति दिनांक 31 अगस्त 2025 (रविवार) को खुले रहेंगे एवं लेखपत्रों का निबंधन कार्य अन्य कार्य दिवसों की तरह ही नियमित रुप से किया जायेगा।

### बाल श्रमिकों को लेकर चलाया गया विशेष अभियान

**मुरादाबाद।** श्रम विभाग एवं एएचटीयू की संयुक्त टीम द्वारा बाल श्रम एवं किशोर श्रम प्रतिषेध अधिनियम 1986 एवं संशोधन अधिनियम 2016 के अन्तर्गत सहायक श्रम आयुक्त मुरादाबाद के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी दुष्यंत सिंह एवं केपी सिंह, एएचटीयू की टीम द्वारा जनपद मुरादाबाद के हरथला, नवीननगर, कोठीवाल, डेंटल हॉस्पिटल के निकट कांठ रोड पर छः प्रतिष्ठानों पर छः बाल एवं किशोर श्रमिकों को चिन्हित कर सेवायोजकों के विरुद्ध विभागीय नियमानुसार कार्यवाही की गयी। व्यवसायिक प्रक्रिया में 14 वर्ष से कम उम्र के बाल श्रमिकों का नियोजन या कार्य कराना पूर्णत: निषिद्ध है।

### महादलित परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बब्बन रावत का जोरदार स्वागत



**चन्दौसी।** शनिवार को चन्दौसी, बहजोई व आटा सहित कई स्थानों पर बिहार से पधारे महादलित परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बब्बन रावत का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं के साथ संगठन को मजबूत करने और दलित समाज के उत्थान को लेकर चर्चा की। रावत बहजोई स्थित भाजपा नेत्री मंजू दिलेर के आवास पर भी पहुंचे, जहां उन्होंने वाल्मीकि समाज में शिक्षा का स्तर सुधारने संबंधी मुद्दों पर विस्तार से वार्ता की।

### करंट लगने से युवक की मौके पर हुई मौत

**मुरादाबाद।** बीती रात्रि मोहल्ला होली वाला कुआं निवासी युवक की करंट लगने से हुई मौत शिवम चंद्रा पुत्र स्वर्गीय प्रीतम चंद्रा मंदिर के पास अंदर मोहल्ले में विराजमान गणपति बप्पा मूर्ति के पीछे जनरेटर लगाया हुआ था साथ ही लाइट का कनेक्शन भी वहीं से दे रखा था लाइट भागने पर जैसे ही जनरेटर चालू करने के लिए गया गलत तरीके से तार लगे पर जनरेटर में करंट उतर आया और शिवम चंद्रा को करंट लग गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई शिवम चंद्रा की उम्र लगभग 17,18 साल बताई जा रही है लंबी बीमारी के चलते हुए पिता प्रीतम चंद्रा एक साल गुजर गए थे घर का पालन पोषण इसी के द्वारा चल रहा था पुलिस को सूचना दी गई तब पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की परिजनों के अनुसार कोई कार्रवाई नहीं की गई परिवार में माता और सभी परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### प्राथमिक विद्यालय जैमलपुर की स्थिति बद से बदतर, उपस्थित नहीं मिले अध्यापक




**बहजोई।** जनपद संभल तहसील चंदौसी के प्राथमिक विद्यालय जेमलपुर गांव का रियलिटी चेक किया गया, प्राथमिक विद्यालय जेमलपुर की स्थिति की अगर हम बात करें तो उसका गेट ही बचा है वो भी कभी भी गिर सकता है चाहर दीवार गिर गई है, शौचालय तो बने हुए हैं लेकिन उनके गेटों में ताला लगा हुआ है चारों तरफ गंदगी का अंबार है झाड़ियां उगी हुई है कोई भी साफ सफाई की व्यवस्था नहीं है बच्चों के लिए पानी पीने के लिए जो टोटी लगाई गई है एक भी टोटी वहां पर नहीं पाई गई विद्यालय की स्थिति इतनी खराब है कि वह कभी भी गिर सकता है अगर खाने की व्यवस्था बताई जाए तो केवल बच्चों को खाने में केवल चावल ही दिए जाते हैं जबकि आज शनिवार है सब्जी और चावल खिलाने का समय था लेकिन केवल बच्चों के लिए चावल ही खिलाए गए स्कूल में 6 अध्यापक तैनात है लेकिन उसमें केवल दो ही अध्यापक उपस्थित मिले और बाकी अध्यापक अनुपस्थित मिले, स्कूल में लगभग 350 बच्चे पंजीकृत हैं। लेकिन इन गरीब बच्चों को देखने वाला कोई भी नहीं है, अगर स्वच्छता की बात करें तो इसमें भी बिल्कुल शून्य स्थित है वह स्कूल के चौतरफा पर झाड़ियां उगी हुई है बहां कभी भी सांप बिच्छू निकल सकते हैं बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ हो रहा है।

# गन्ने की फसल को लेकर जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने दिए दिशा-निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वर्तमान समय में कही-कही पर गन्ने की फसल में लाल सड़न रोग की समस्या देखने को मिल रही है, जिसके दृष्टिगत जिला कृषि रक्षा अधिकारी डा0 राजेन्द्रपाल सिंह द्वारा गन्ने के लाल सड़न रोग के नियंत्रण एवं बचाव हेतु सुझाव एवं संस्तुतियां की जा रही है, जिन्हें अपनाकर किसान भाईयों द्वारा गन्ने के लाल सड़न रोग पर प्रभावी नियंत्रण कर फसल में होने वाली क्षति को रोका जा सकता है। लाल सड़न रोग-लाल सड़न गन्ने का सबसे भयंकर रोग है जिसे गन्ने का कैंसर भी कहते है, यह रोग कोलेटोट्राइकम फलकेटम नामक फफूंद द्वारा होता है, इस रोग के लक्षण जुलाई-अगस्त माह से दिखाई देना प्रारम्भ होते है जो फसल के अन्त तक दिखाई देते हैं। लाल सड़ रोग के लक्षण- ग्रसित गन्ने में अगोले की तीसरी से चौथी पत्तियां एक किनारे अथवा दोनों किनारों से सूखना प्रारम्भ हो जाती हैं तथा धीरे-धीरे पूरा अगोला सूख जाता है। गन्ने को लम्बवत् फाड़ने पर इसके तने का गूदा लाल रंग का दिखाई देता है जिसमें सफेद धब्बे दिखाई पड़ते है। फटे हुए भाग में सिरके जैसी गन्ध आती है तथा गन्ना आसानी से बीच से टूर जाता है, कभी-कभी गन्ने की पत्ती की मध्य शिरा पर लाल रंग के घब्बे पाये जाते हैं जो बाद में पूरी मध्यशिरा को घेर लेते हैं। कभी-कभी भूरे लाल रंग के घब्बे गन्ने की पत्ती पर भी पाये जाते हैं।

लाल सड़क रोग का प्रसार- गन्ने का लाल सड़ने रोग एक संक्रामक रोगजनक मुख्य रुप से संक्रमिक मिट्टी और बोए गए बीज के माध्यम से फैलता है। नियंत्रण- किसान भाईयों से अनुरोध है कि रोग प्रतिरोधी प्रजातियों का ही प्रयोग प्रयोग करें जैसे सी0ओ0-85, एल0के0-94184 आदि। यदि किसी बीज गन्ने के कटे हुए सिरे अथवा गांठों पर लालिमा दिखे तो किसान भाईयों को ऐसे सेट का प्रयोग नहीं करना चाहिए। किसान भाईयों को बुवाई के पूर्वोपचारित गन्ने के बीज का ही प्रयोग करना चाहिए। रोगग्रस्त पौधे को निकालकर नष्ट कर देना चाहिए। जिस खेत में रोग लगा है उसकी मैढ़ बन्दी कर दें ताकि पास के खेत में उस खेत का पानी न जाये। कार्बेडाजिम 50 प्रतिशत डब्ल्यू0पी0 की 1.5 से 2.0 कि0ग्रा0 मात्रा अथवा कॉपर आक्सीक्लोराइड 50 प्रतिशत डब्ल्यूपी की 2.5 से 3.0 कि0ग्रा0 मात्रा को 1000 लीटर पानी में मिलाकर प्रति हेक्टेयर की दरे से छिड़काव करें।

ट्राइकोडर्मा विरडी की 2.5 से 5.0 कि0ग्रा0 मात्रा प्रति हेक्टेयर का प्रयोग डन्चिग विधि द्वारा करें। किसान भाईयों द्वारा अधिक जानकारी के लिए ब्लाक स्तरीय कृषि रक्षा इकाई या जिला कृषि रक्षा कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# बीआरसी केंद्र पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम दिन हिन्दी की प्रथम वीणा और गणित मेला का दिया प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** शनिवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एफ.एल.एन. तथा एन.सी.ई.आर.टी की पाठ्य पुस्तकों पर आधारित ब्लॉक स्तरीय शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण के प्रथम दिन संदर्भदाताओं द्वारा एनसीईआरटी की हिंदी की पाठ्य पुस्तक वीणा 1 और गणित की पाठ्य पुस्तक गणित मेला के बारे विस्तारपूर्वक बताया। प्रशिक्षण में वीणा की पांच इकाई हमारा पर्यावरण,हमारे मित्र,आओ खेले,अपना अपना काम और हमारा देश और गणित मेला की थीम फोर ब्लॉक्स एप्रोच,जोड़ घटान,मापन आदि को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समझाया गया। शिक्षण के दौरान समावेशी वातावरण का निर्माण का के महत्व के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण में संदर्भदाता के रूप में पीयूष कुमार प्रशांत, राकेश सिंह, रूपा आर्य, मोनिका गहलौत, हरवीर सिंह और समस्त प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में फांसी के फंदे पर लटक कर दी जान, आनन-फानन में अंतिम संस्कार

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र क्षेत्र के गांव निवासी 30 वर्षीय एक युवक ने गले में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली । जैसी परिजनों को पता चला को हराम में मच गया । परिजनों ने बिना पुलिस को सूचित किए आनंन फानन में अंतिम संस्कार कर दिया। शनिवार को 30 वर्षीय युवक ने मानसिक तनाव के चलते कमरे में बंद होकर संदिग्ध परिस्थिति में गले में फांसी का फंदा डालकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली । काफी समय के बाद उसे समय पता चला जब पत्नी ने बंद कमरे को खुलवाने का प्रयास किया । खिड़की से जाकर देखा तो नजरा कुछ और ही था । पत्नी की चिक निकल गई । मोहल्ले के लोगों ने किसी तरह किवाड तोड़कर कर फाँसी के फंदे से लट के शव को उतारा पत्नी व उसके दो बच्चों भाई का रोटी विलखते बुरा हाल था । बताया जाता है कि दो दीन पूर्व जुए में रुपये हार गया था । उसी दिन से वह मानसिक संतुलन को बैठा था । कोतवाली प्रभारी ने बताया कि इस तरह की उन्हें कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है । तहरीर आने पर कार्यवाही की जाएगी।

## हिन्दू आबादी को अल्पसंख्यक दर्जा देने की उठाई मांग

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय सनातन महासंघ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से संभल की 15 प्रतिशत हिन्दू आबादी को अल्पसंख्यक श्रेणी का दर्जा देने की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष कौशल किशोर वंदेमातरम ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजते हुए कहा कि संभल में आजादी के बाद से ही षड्यंत्रपूर्वक हिन्दुओं पर अत्याचार व शोषण होता रहा, जिसके चलते हिन्दुओं का बड़े पैमाने पर पलायन हुआ। परिणामस्वरूप वर्तमान में संभल में हिन्दू आबादी मात्र 15 प्रतिशत रह गई है, जबकि मुस्लिम आबादी 85 प्रतिशत तक पहुंच गई है। महासंघ ने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकारों ने मुस्लिम तुष्टीकरण की नीति अपनाकर, बहुसंख्यक होने के बावजूद मुस्लिम समाज को अल्पसंख्यक योजनाओं का लाभ दिलाया।

जबकि वास्तविक रूप से इन योजनाओं का हकदार संभल का हिन्दू समाज है, जो वहां अल्पसंख्यक के रूप में रह रहा है। महासंघ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि संभल की 15 प्रतिशत हिन्दू आबादी को अल्पसंख्यक दर्जा प्रदान कर उनके अधिकारों और सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित की जाए।

# संस्कारों को रक्षित करने के उद्देश्य से कार्यशाला प्रारंभ





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आर्यवीर दल पश्चिमी उत्तर की दो दिवसीय कार्यशाला आज अपराह्न तीन बजे से आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर प्रारंभ हुई। कार्यशाला का प्रारंभ सार्वदेशिक आर्यवीर दल के शिक्षक और प्रांतीय संगठन मंत्री आचार्य हरिसिंह जी द्वारा राष्ट्रीय प्रार्थना से करके किया गया। प्रथम दिवस के अवसर पर आर्यवीर दल उत्तर प्रदेश के संचालक आचार्य पंकज ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आर्यवीर दल के शिक्षकों, मण्डल , जनपद तथा तहसील संचालकों को सम्बोधित करते हुए बताया कि जब से समाज बना और जब तक समाज रहेगा चरित्र की महति आवश्यकता होंगी। चरित्रवान माता,पिता और आचार्य समाज के मूल होते हैं। परिवार, विद्यालयों और समाजिक संस्थाएं चरित्र स्थापित करने के प्रमुख केन्द्र है।

एक चरित्रवान व्यक्ति समस्त भूमण्डल का संचालक हो सकता है। कोई देश वहां के चरित्रवान राजा और शासकों की धुरी पर घुमता है। हर क्षेत्र में सद्चरित्र सम्माननीय होता है। किसी देश की संस्कृति संस्कारवान और चरित्रवान नागरिकों द्वारा ही रक्षित रहती है। आर्यवीर दल के संस्थापक महात्मा नारायण स्वामी १९२९मे दिल्ली में भारतीय युवाओं को संस्कारवान बनाने हेतु आर्यवीर दल की स्थापना की। अपनी स्थापना से ही आर्यवीर दल अपने लक्ष्य के लिए सतत् गतिमान है।

समाज में संस्कार, संस्कृति और संगठन पल्लवित रहे, आर्यवीर दल इनको रक्षित करने के उद्देश्य से शाखाओं, योग केंद्रों, व्यायाम केंद्रो का संचालन कर रहा है। प्रदेश में २२००संगठन के अधिकारी कार्य कर रहे हैं। कार्यशाला में पश्चिमी उत्तर के १८जनपदो के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आर्यवीर दल उत्तर प्रदेश के मंत्री भूदेव मुनि, राजेश आर्य , प्रचार मंत्री सार्वदेशिक आर्यवीर दल आचार्य नंदकिशोर आर्य पश्चिमी उत्तर के संचालक जीवन सिंह आर्य सह संचालक रमेश सिंह आर्य एडवोकेट महामंत्री आचार्य कपिल आर्य और संरक्षक ज्ञानेंद्र गांधी ने अपने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर नरेन्द्र पाल आर्य, गिरेन्द्र सिंह, सत्यव्रत आर्य, सुदर्शन देव शर्मा, सर्वेश चंद्र, लोक.ेश आर्य, मुकेश कुमार आर्य अंशुल कुमार आर्य निर्भय प्रताप सिंह, अरविंद कुमार आर्य कृष्ण मुरारी आर्य प्रत्येन्द्र आर्य, सुकांत आर्य मंगलसैन आर्य,भीष्म आर्य रामवीर देव शास्त्री,विद्या सागर आर्य वीरेंद्र कंवर,ज्योतिबसु आर्य अजब सिंह आर्य, जितेन्द्र सिंह आर्य, यशपाल आर्य आदि उपस्थित रहे।

**खेल विशेष**

## आईपीएल-2026 से पहले आरआर से अलग हुए द्रविड़



**जयपुर, वार्ता।** आईपीएल 2026 से पहले राहुल द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का साथ छोड़ दिया है।फेंचाइजी ने अपने बयान में टीम के पूर्व मुख्य कोच द्रविड़ का उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फ्रेंचाइजी ने उन्हें एक बड़ी भूमिका की पेशकश की थी जिसे द्रविड़ ने स्वीकार नहीं किया। आरआर ने अपने बयान में कहा कि राहुल द्रविड़ का राजस्थान रॉयल्स के साथ एक लंबा और गहरा रिश्ता रहा है। उन्होंने टीम को कई सालों तक मार्गदर्शन दिया। उनके नेतृत्व में खिलाड़ियों की एक पूरी पीढ़ी को तैयार किया गया। उन्होंने टीम में मजबूत मूल्यों को स्थापित किया और फेंचाइजी की संस्कृति पर एक अमिट छाप छोड़ी। फ्रेंचाइजी की संरचनात्मक समीक्षा के हिस्से के रूप में राहुल को फ्रेंचाइजी में एक व्यापक पद की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं करने का फैसला किया। राजस्थान रॉयल्स, उसके खिलाड़ी और दुनिया भर के लाखों प्रशंसक उनकी उल्लेखनीय सेवा के लिए राहुल को दिल से धन्यवाद देते हैं। आईपीएल 2025 का सीजन राहुल द्रविड़ के लिए व्यक्तिगत रूप से भी काफी चुनौतीपूर्ण रहा था। उन्हें पैर में चोट लगी थी, जिसके कारण उन्हें काफी समय तक व्हीलचेयर पर रहना पड़ा, हालांकि वह टीम को कोचिंग देते रहे।

# भारत ने 50 स्वर्ण पदकों के साथ रचा इतिहास



● **16वीं एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप में किया अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**

**शिमकेंट, वार्ता।** कजाकिस्तान के शिमकेंट में आयोजित 16वीं एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप (सभी स्पर्धाएं) का समापन हो गया, और 12 रोमांचक प्रतियोगिता दिनों के बाद भारतीय टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 50 स्वर्ण पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया कि जो इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय चैम्पियनशिप के इतिहास में पहली बार हुआ है। विशेष रूप से सीनियर टीम का प्रदर्शन ओलंपिक की 15 स्पर्धाओं में (राइफल, पिस्टल और शॉटगन वर्गों में) अत्यंत सराहनीय रहा, जहां भारतीय निशानेबाजों ने 6 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदक अपने नाम किए। इस वर्ग में भारत का स्थान चीन के बाद रहा, जिसने 8 स्वर्ण जीते, जबकि मेजबान कजाकिस्तान ने 1 स्वर्ण पदक हासिल किया। भारतीय राष्ट्रीय रायफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव ने प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक शानदार प्रदर्शन है और यह साफ दिखता है कि शूटिंग इकोसिस्टम का आत्मविश्वास चरम पर है, जिसे पेरिस ओलंपिक में हमारे प्रदर्शन से भारी प्रोत्साहन मिला है। विशेष रूप से जूनियर खिलाड़ियों का प्रदर्शन अत्यंत संतोषजनक है, जो यह दर्शाता है कि भारतीय शूटिंग की असली शुरुआत अब हुई है और निकट भविष्य में इससे भी बड़ी उपलब्धियां देखने को मिलेंगी। भारत ने चैम्पियनशिप का समापन कुल 99 पदकों के साथ किया, जिसमें 50 स्वर्ण, 26 रजत और 23 कांस्य पदक शामिल थे। मेजबान कजाकिस्तान 70 पदकों (21 स्वर्ण सहित) के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि चीन ने 15 स्वर्ण और कुल 37 पदकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में प्रदर्शन का मुख्य आकर्षण दो बार की ओलंपियन एलावेनिल वलारिवन का महिला एयर राइफल में एशियाई रिकॉर्ड स्कोर के साथ दूसरा एशियाई खिताब जीतना रहा। उन्होंने अर्जुन बाबूता के साथ मिक्स्ड टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक जीता। नीरू धांडा ने महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में भारत के लिए पहला एशियाई चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक जीता, सिफ्त कौर समरा ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पो. जिशन (3पी ) में अपना पहला एशियाई खिताब जीता, जबकि ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने पुरुषों की 3पी स्पर्धा में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। भारतीय जूनियर निशानेबाजों ने भी सभी ओलंपिक स्पर्धाओं में दबदबा बनाते हुए 10 स्वर्ण पदक जीते, साथ ही 4 रजत और 4 कांस्य पदक भी अपने नाम किए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि इस खेल में भारत की गहराई कितनी मजबूत है। अन्य स्वर्ण पदक युवा वर्ग, टीम स्पर्धाओं तथा गैर-ओलंपिक स्पर्धाओं से आए। उदाहरण के लिए, पूर्व विश्व चैंपियन अंकुर मित्तल ने पुरुषों की डबल ट्रैप स्पर्धा में 107 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण जीता, जबकि रियो ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने पुरुषों की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया।

# भारत ने नेपाल को हराकर जीता खिताब

● **भारत ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप-2025 में किया कमाल**

**नई दिल्ली/थिम्पू, वार्ता।** दक्षिण एशियाई फुटबॉल में भारत का दबदबा जारी रहा। अंडर-17 महिला टीम ने चांगलिमथांग स्टेडियम में नेपाल को 5-0 से हराकर एक मैच शेष रहते सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीत लिया।

एआईएफएफ द्वारा जारी बयान के अनुसार कि भारत ने शुक्रवार, 29 अगस्त, 2025 को थिम्पू के चांगलिमथांग स्टेडियम में नेपाल को 5-0 से हराकर दक्षिण एशिया में एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया और शानदार अंदाज में सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 का खिताब अपने नाम किया। यंग टाइग्रेसेस हाफ-टाइम तक 3-0 से आगे थी। बयान में कहा गया कि इस जीत से भारत के पांच मैचों में 15 अंक हो गए हैं और वह तालिका में शीर्ष पर अजेय बढ़त बनाए हुए है। दूसरे स्थान पर काबिज बांग्लादेश की दिन की शुरुआत में हुई हार (मेजबान भूटान के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ) के बावजूद भारत ने खिताब पक्का कर लिया।

पर्ल फर्नांडीस (15वें, 43वें) और दिव्यानी लिंडा (79वें, 90वें 2वें) दोनों ने दो-दो गोल किए। नीरा चानू लोंगजाम (5वें) ने भी एक अन्य गोल किया। शुरुआती सीटी बजते ही भारत ने एकतरफा प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अनुसार, नीली जर्सी वाली टीमें लगातार आगे बढ़ती रहीं और गेंद भारत के हाफ में मुश्किल से ही पहुंच पाई। नेपाल को अपने हाफ में ही रोके रखा और गोलकीपर मुन्नी के एंड से खेल को दूर रखा। बयान में कहा गया है, ष्शुरू में ही गोल के दरवाजे खुल गए, पांच मिनट बाद ही नीरा चानू ने सेट-पीस से गोल करके गेंद को नेट में पहुंचाकर माहौल बना दिया।

फिर उन्होंने 15वें मिनट में पर्ल फर्नांडीस के लिए बॉक्स में एक बेहतरीन क्रॉस डालकर टीम को बढ़त दिलाई, जिन्होंने संयम से गोल किया। भारत के आक्रमणों पर प्रकाश डालते हुए, इसमें कहा गया है, ष्भारत ने अपनी तेज चालों और सहज आदान-प्रदान से दबाव बनाना जारी रखा। हाफ-टाइम से ठीक पहले, 43वें मिनट में, दिव्यानी का एक खूबसूरत क्रॉस पर्ल के पास पहुंचा, जिन्होंने उसे आसानी से गोल में पहुंचा दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत खराब रही, कई मौके, ऑफसाइड और नज़दीकी चूकें हुईं, लेकिन आखिरकार भारत ने फिर से गोल कर दिया। बयान में आगे कहा गया है कि 79वें मिनट में श्वेता रानी ने एक गहरा क्रॉस दिया जिसे बोनिफिलिया शुलाई ने गोल की ओर फ्लिक किया, जिससे दिव्यानी लिंडा ने लाइन पर गोल का फायदा उठाया। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा कि इसके बाद भारत ने मैच का अंत शानदार तरीके से किया और अतिरिक्त समय में दिव्यानी ने अनीता डुंगडुंग के क्रॉस को गोल में बदलकर एक बार फिर अपनी क्षमता का परिचय दिया। ट्रॉफी पक्की होने, इतने ही मैचों में पांच जीत, 27 गोल और एक भी गोल न खाने के साथ, भारत अब रविवार, 31 अगस्त को बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियनशिप के अपने आखिरी मैच में उतरेगा।

# सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में

● **सात्विक-चिराग ने इस साल के संस्करण में भी भारत के लिए एक पदक पक्का कर लिया है**




**पेरिस, वार्ता।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेटी 30 अगस्त को पेरिस के एडिडास एरिना में 11वीं वरीयता प्राप्त चीन के चेन बो यांग और लियू यी से फाइनल में जगह बनाने के लिए संघर्ष करेंगे।

भारतीय जोड़ी ने 29 अगस्त को बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी, आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर पदक पक्का किया और 2011 के संस्करण से शुरू हुए टूर्नामेंट में भारत के कम से कम एक पदक जीतने के सिलसिले को और आगे बढ़ाया। भारतीय शटलरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 43 मिनट तक चले मुकाबले में अपने प्रतिद्वंद्वियों को सीधे गेमों में 21-12, 21-19 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ, सात्विक-चिराग ने इस साल के संस्करण में भी भारत के लिए एक पदक पक्का कर लिया है। टोक्यो में 2022 संस्करण में कांस्य पदक जीतने के बाद, यह इस प्रतिष्ठित आयोजन में इस जोड़ी का दूसरा पदक भी है।

## डॉन ब्रैडमैन की पहनी हुई बैगी ग्रीन कैप 25 लाख रुपये में बिकी

● **ब्रैडमैन ने यह टोपी तब पहनी थी जब उन्होंने 1946-1947 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी**

**कैनबरा, वार्ता।** 1946-47 एशेज सीरीज के दौरान सर डॉन ब्रैडमैन द्वारा पहनी गई बैगी ग्रीन कैप को नेशनल म्यूजियम ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने 438,500 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 25,000,00 रूपये) में खरीदा है। कैनबरा के म्यूजियम ने यह बैगी ग्रीन कैप खरीदी, जिसकी आधी कीमत ऑस्ट्रेलिया की केंद्र सरकार ने दी।

ब्रैडमैन ने यह टोपी तब पहनी थी, जब उन्होंने 1946-47 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी। यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ऑस्ट्रेलिया द्वारा इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई पहली सीरीज थी। ऑस्ट्रेलिया ने पांच टेस्ट की यह सीरीज 3-0 से जीती थी, जिसने 1948 के 'इंविंसिबल्स' दौरे की नींव रखी थी, जहां ऑस्ट्रेलियाई टीम इंग्लैंड में अपराजित रही थी। ऑस्ट्रेलिया के कला व संस्कृति मंत्री टोनी बर्क ने कहा, ष्इस टोपी को खरीदकर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रीय इतिहास के एक अहम हिस्से को सुरक्षित कर रहे हैं। आप शायद ही किसी ऐसे ऑस्ट्रेलियाई से मिले हों, जिन्होंने महान डोनाल्ड ब्रैडमैन का नाम न सुना हो, जिन्हें अब तक का सबसे महान क्रिकेटर माना जाता है। अब, जब उनकी एक प्रतीकात्मक बैगी ग्रीन नेशनल म्यूजियम ऑफ ऑस्ट्रेलिया में है, तो आगंतुकों को हमारे खेल और सांस्कृतिक इतिहास से जुष्ने का मौका मिलेगा। यह टोपी ब्रैडमैन की 11 बैगी ग्रीन्स में से एक है। एक अन्य टोपी ऑस्ट्रेलियन स्पोर्ट्स म्यूजियम में है, जबकि बाकी नौ निजी हाथों में हैं। नेशनल म्यूजियम की डायरेक्टर कैथरीन मक्महन ने इस प्रतीकात्मक टोपी का अपने संग्रह में स्वागत किया।

# फिटनेस टेस्ट के लिए रवाना हुए गिल

● **संभावना है कि शुभमन गिल एशिया कप के लिए बेंगलुरु से सीधे यूएई के लिए उड़ान भरेंगे**




**नई दिल्ली, वार्ता।** शुभमन गिल फिटनेस टेस्ट के लिए बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) जा रहे हैं। एशिया कप से पहले, भारतीय टेस्ट कप्तान और टी-20 उप-कप्तान शुक्रवार (29 अगस्त) शाम को अनिवार्य मूल्यांकन के लिए बेंगलुरु पहुंच गए हैं, जो एशिया कप जाने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य है।

यह स्पष्ट नहीं है कि गिल भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्र में फिटनेस टेस्ट कब देंगे, लेकिन संभवतः यह अगले कुछ दिनों में होगा। संभावना है कि गिल एशिया कप के लिए बेंगलुरु से सीधे यूएई के लिए उड़ान भरेंगे। गिल हाल ही में अस्वस्थ थे और चंडीगढ़ में आराम कर रहे थे, यही वजह थी कि उन्हें दलीप ट्रॉफी अंतर-क्षेत्रीय लाल गेंद प्रतियोगिता में भाग नहीं लेना पड़ा। ठीक होने के बाद, उन्होंने शुक्रवार को बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने से पहले कुछ दिनों के लिए अपने गृहनगर में अभ्यास शुरू किया। इस बीच, भारतीय टीम 4 सितंबर को दुबई में एकत्रित होगी।

खिलाड़ी आमतौर पर अभ्यास के दौरान एक ही स्थान से एक साथ नहीं निकलेंगे, बल्कि अपने-अपने बेस से अलग-अलग उड़ान भरेंगे और पहले अभ्यास सत्र के लिए समय पर दुबई पहुंचेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि टीम प्रबंधन ने पहला नेट सत्र 5 सितंबर के लिए निर्धारित किया है। हालांकि नेट अभ्यास के लिए स्थान अभी तक तय नहीं किया गया है, लेकिन पूरी संभावना है कि यह दुबई स्थित आईसीसी अकादमी में आयोजित किया जाएगा। भारतीय टीम ने इस साल की शुरुआत में अपने सफल चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के दौरान इसी स्थान पर प्रशिक्षण लिया था। हाल ही में इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज समाप्त करने के बाद, भारतीय टीम ट्वेंटी-20 प्रारूप में अभ्यास में कम रही है। हालांकि, भारत के अलावा, बाकी सभी टीमों ने तैयारी शुरू कर दी है।

पाकस्तान, अफगानिस्तान और यूएई शारजाह में त्रिकोणीय सीरीज में भाग ले रहे हैं। श्रीलंका इस समय जिम्बाब्वे में एक द्विपक्षीय श्रृंखला (दो एकदिवसीय और उसके बाद तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय) खेल रहा है। बांग्लादेश ने हाल ही में पाक के खिलाफ एक टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला खेली थी।

## टेलर फ्ट्ज-मन्नारिनो और टाउनसेंड अंतिम 16 में पहुंचे

● **टेलर और मन्नारिनो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबले जीते**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी टेलर फ्ट्ज, फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो और अमेरिका की महिला टेनिस खिलाड़ी टेलर टाउनसेंड ने शानदार प्रदर्शन कर अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए यूएस ओपन के प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है।

लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में शुक्रवार रात टेलर फ्ट्ज ने करीब तीन घंटे तक चले मुकाबले में स्विस क्वालीफायर जेरोम किम पर 7-6(3), 6-7(9), 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। फ्ट्ज का अगले दौर में चेक गणराज्य के टॉमस मचाक से मुकाबला होगा। मैच के बाद फ्ट्ज ने कहा कि यह आसान नहीं था। जेरोम बिना किसी डर के खेले और मुझे कड़ी टक्कर दी, खासकर पहले दो सेटों में। मैंने बस आक्रामक बने रहने और अपनी सर्विस पर भरोसा रखने पर ध्यान केंद्रित किया। न्यूयॉर्क के दर्शकों ने मुझे जरूरत पड़ने पर भरपूर प्रोत्साहन दिया। वहीं एक अन्य मैच में छठे वरीयता प्राप्त अमेरिका के बेन शेल्टन का यूएस ओपन में अभियान निराशाजनक रूप से समाप्त हो गया जब वह फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो के खिलाफ तीसरे दौर के मुकाबले के दौरान चोटिल होकर मैच से हट गए। उस समय मैच दो-दो सेटों के अंतर से बराबरी पर था। इस महीने की शुरुआत में टोरंटो में अपना पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले शेल्टन को चौथे सेट की शुरुआत में ही बाएं कंधे में तेज दर्द होने लगा। मेडिकल टाइमआउट और कई स्पष्ट परेशानी के संकेतों के बाद, 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 6-3, 3-6, 6-4, 4-6 से हार मान ली।

# एशिया कप के लिए चीन रवाना हुई भारतीय महिला टीम में एक बदलाव

**बेंगलुरु, वार्ता।** एशिया कप 2025 के लिए शनिवार को चीन रवाना हुई 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम में चोटिल हुई ड्रैग फ्लिकर दीपिका की जगह साक्षी को शामिल किया गया है। सलीमा टेटे की अगुवाई में भारतीय टीम इस टूर्नामेंट को जीतना चाहती हैं ताकि अगले साल होने वाले एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2026 में अपना स्थान पक्का कर सके।

आगामी प्रतियोगिता को लेकर सलीमा ने कहा कि यह टूर्नामेंट हमारे लिए अगले साल होने वाले एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए अपना स्थान पक्का करने का एक बेहतरीन अवसर है, और हम इसी पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। फिलहाल हमारी पहली प्राथमिकता अपने पूल में शीर्ष पर रहना और सुपर फोर में पहुं. चना है।

टूर्नामेंट में भारत को पूल बी में रखा गया है और ग्रुप चरण में उसका सामना जापान, थाईलैंड और सिंगापुर से होगा। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी। उसके बाद छह सितंबर को जापान और आठ सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ अपना अंतिम पूल-स्टेज मैच खेलेगी। भारतीय महिला टीम ने दो बार एशिया कप जीता है।, पहली बार 2004 में और फिर 2017 में।

### यूएई की गर्मी से बचने के लिए एशिया कप के मैच शुरू होने के समय में बदलाव

**नई दिल्ली, वार्ता।** आगामी एशिया कप के 19 मैचों में से 18 - फाइनल सहित - स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे (खाड़ी मानक समय) शुरू होंगे, जो मूल समय से आधे घंटे पहले होगा। सितंबर में - जब टूर्नामेंट खेला जाएगा-दिन के दौरान तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने और देर शाम तक ऐसे ही रहने की उम्मीद है। इतनी भीषण गर्मी में खेलने से बचने के लिए, क्रिकेट बोर्डों ने मैचों के समय को थोड़ा आगे बढ़ाने का अनुरोध किया था। प्रसारकों से यह अनुरोध किया गया और उन्होंने बदलावों पर सहमति जताई। इसका मतलब है कि सभी दिन-रात्रि मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होंगे। इस बदलाव से अप्रभावित एकमात्र मैच टूर्नामेंट का एकमात्र दिन का मैच है- 15 सितंबर को अबू धाबी में।

## पाक ने अफगानिस्तान को हराया

**शारजाह, वार्ता।** कप्तान आगा सलमान (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारी के बाद हारिस रउफ (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मुकाबले में अफगानिस्तान को 39 रनों से हरा दिया। शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार रात खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 182 रनों का स्कोर खड़ा किया। कप्तान आगा सलमान ने 36 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 53 रनों की पारी खेली। साहिबजादा फरहान ने 10 गेंदों में (21), फखर जमां (20), मोहम्मद नवाज (21), मोहम्मद हारिस (15), फहीम अशरफ(14) और सैम अयूब 14 रन का योगदान दिया। अफगानिस्तान की ओर से फरीद अहमद ने दो विकेट लिए। मुजीब उर रहमान, अजमतउल्लाह ओमरजई, मोहम्मद नबी और राशिद खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 183रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसने तीसरे ही ओवर में इब्राहिम जदरान (नौ) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद सेदिकुल्लाह अटल ने रहमानउल्लाह गुरबाज के साथ दूसरे विकेट के लिए 50 रन जोड़े। आठवें ओवर में मोहम्मद नवाज ने रहमानउल्लाह गुरबाज 27 गेंदों में 39 रन को आउट कर पाकिस्तान को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये डर्विश रसूली ने सेदिकुल्लाह अटल के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 12वें ओवर में हारिस रउफ ने सेदिकुल्लाह अटल 19 गेंदों में (23) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कप्तान राशिद खान को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका और अफगानिस्तान की पूरी टीम 19-5 ओवर में 143 रन पर सिमट गई और पाकिस्तान ने 39 रनों से मुकाबला जीत लिया।

# पुडुचेरी की टीम में शामिल हुए जयंत



**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑफ स्पिन ऑलराउंडर जयंत यादव आगामी घरेलू सीजन के लिए पुडुचेरी की टीम से खेलेंगे। वह इससे इससे पहले हरियाणा की टीम से खेलते थे। हरियाणा की तरफ से 2011-12 में उन्होंने अपना प्रथम श्रेणी डेब्यू किया था। हरियाणा के तरफ से उन्हें एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफ़िकेट) दे दिया गया है।

ईएसपीएनक्रिकइंफो को मिली जानकारी के अनुसार, जयंत सभी प्रारूप में हिस्सा लेना चाहते हैं। उसी कारण से उन्होंने यह फैसला लिया है। 2023-24 के बाद से वह हरियाणा के लिए नियमित रूप से सफेद गेंद वाले मैचों में नहीं खेल रहे थे। उस सीजन में हरियाणा विजय हजारे ट्रॉफी चैंपियन बना था। टीम प्रबंधन ने जयंत की जगह स्पिन ऑलराउंडर निशांत सिंधु और राहुल तेवतिया मौका देना सही समझा था। जयंत ने हरियाणा के लिए आखिरी बार 2024-25 रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया था। उस दौरान उन्होंने आठ मैचों में 28 विकेट लिए थे। इस साल फरवरी में मुंबई के खिलाफ क्वार्टर-फाइनल में उन्होंने अपना आखिरी मैच खेला था। उस मैच में उन्होंने तीन विकेट लिए और 40 रन बनाए थे। 35 वर्षीय जयंत के पास काफी अनुभव है। उन्होंने 90 प्रथम श्रेणी मैचों में कुल 265 विकेट लिए हैं। गेंदबाजी के अलावा उन्होंने बल्ले से भी काफी रन बनाए हैं। तीन शतक और 14 अर्धशतक के बदौलत उनके खाते में कुल 2924 रन हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 211 रनों का है, जो उन्होंने 2011-12 में कर्नाटक के खिलाफ बनाया था। उस पारी के दौरान उन्होंने अमित मिश्रा के साथ आठवें विकेट के लिए 392 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की थी। पुडुचेरी की टीम में जयंत तीन पेशेवरों में से एक होंगे, जिसमें मध्य प्रदेश के ऑलराउंडर पुनीत दाते और मुंबई के विकेटकीपर सिद्धांत आदतराव भी शामिल हैं।

# हर्षित के हत्यारोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचा, पैसों के विवाद में की गई थी हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मझोला थाना क्षेत्र नया मुरादाबाद में बीते दिनों हुई युवक हर्षित ठाकुर की हत्या के मामले में पुलिस ने हत्यारोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजकर हत्याकांड से पर्दा उठा दिया है। बताया जा रहा है कि पैसों के विवाद के चलते युवक हर्षित ठाकुर की हत्या की गई थी। बता दे की 28 अगस्त की रात्रि में मझोला थाना क्षेत्र के नया मुरादाबाद के रहने वाले हर्षित ठाकुर कि उस समय गोली मार कर हत्या कर दी गई थी, जब वह अपनी कार से घर जा रहा था। हर्षित नगर निगम में प्राइवेट कर्मचारी था। हत्याकांड के खुलासे के लिए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा चार टीमों का गठन किया गया था आखिरकार पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है पुलिस टीम ने नया मुरादाबाद में मुठभेड़ के दौरान हर्षित ठाकुर के हत्या रोपियो को धर दबोचा। थाना मझोला पुलिस टीम को मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्तगणों के एक कार में हर्बल पार्क की ओर जाने की सूचना मिली। सूचना पर थाना मझोला पुलिस टीमों द्वारा उक्त क्षेत्र की घेराबंदी करते हुये संदिग्ध व्यक्ति वाहनों की चेकिंग शुरू की गयी। कुछ समय पश्चात एक संदिग्ध व बिना नम्बर प्लेट की कार सवारों को पुलिस टीम द्वारा रोका व टोका गया तो कार में से दो बदमाशों द्वारा कार को रोककर, अवैध तमंचों से पुलिस टीम की ओर जानलेवा फायर किये तथा भागने लगे, आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गई फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी, जिन्हे घायलावस्था में तथा मौके पर ही कार की चौकिंग के दौरान पुलिस टीम को 03 अन्य आरा.



पी भी उक्त कार से भागते हुये दिखे, जिन्हे पुलिस टीम द्वारा भागते हुये गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ में घायल हुये बदमाशो ने पुलिस को अपना नाम शिवम ठाकुर पुत्र जगपाल सिंह निवासी बुद्धि विहार थाना मझोला जिला मुरादाबाद और मौ0 वासित पुत्र मौ0 ग्यास निवासी गुलशनपुरा असालतपुरा थाना गलशहीद जिला मुरादाबाद बताया। जिनके कब्जे से दो अवैध देशी तमंचे व दो कारतूस व दो खोखा कारतूस . 315 बोर व दो मोबाइल बरामद पुलिस टीम ने किए हैं तथा मौके से पकडे गये अन्य तीन आरोपियों ने पुलिस को अपना नाम अभिषेक सैनी उर्फ शुभम पुत्र सुन्दरलाल सैनी निवासी गायत्री नगर थाना मझोला जिला मुरादाबाद,राहुल पाण्डेय पुत्र मनोज पाण्डेय निवासी कस्बा व थाना बण्डा जनपद शहाजहाँपुर हाल निवासी गोदाम शुभम ठाकुर मुरादाबाद,अनमोल जाटव पुत्र राज. कुमार निवासी मौहल्ला खुशहालपुर थाना मझोला जिला मुरादाबाद बताये गये वहीं घटना में प्रयुक्त कार बिना नम्बर प्लेट की पुलिस द्वारा मौके से बरामद की गई।

पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उनकी मृतक हर्षित उर्फ शुभ ठाकुर के द्वारा नगर निगम में दुकान दिलाने के नाम पर हम लोगो से लिये गये 5 लाख रूपये वापस न किये जाने की रंजिश थी। जिसको लेकर, अभिषेक सैनी उर्फ शुभम, शुभम ठाकुर, मौ0 वासित, राहुल पाण्डेय व अनमोल जाटव के द्वारा मृतक से रुपये मांगने पर विवाद होने के उपरान्त मृतक के उसके घर की ओर जाते हुए रास्ते में अपनी कार से ओवर टेक कर मृतक की कार को रोककर सामान्य उदेश्य की पूर्ति हेतु कार के शीशे तोडकर शुभम ठाकुर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## आईएफटीएम में खिलाड़ियों का जारेदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में मुरादाबाद डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन एवं आईएफटीएम विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में चल रही "स्वर्गीय ओंकार सरन कोठीवाल मेमो. रियल डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप" के फाइनल मुकाबले में पहुंचने के लिए खिलाड़ियों ने अपने पूरे दमखम का प्रदर्शन किया। शनिवार को अंडर 13 ब्वॉयज, अंडर 15 ब्वॉयज, अंडर 17 ब्वॉयज के सिंगल्स वर्ग में क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल के मैच खेले गए। जिनमें सेमीफाइनल मैचों में बढ़त बनाकर अंडर 13 ब्वॉयज वर्ग के निर्वाण यादव और अर्णव मदान के बीच तथा अंडर 15 ब्वॉयज वर्ग में निर्माण यादव और अथर्व भारद्वाज के



बीच एवं अंडर 17 ब्वॉयज वर्ग में आर्यन भट्ट और कृष्णा अरोड़ा के बीच रविवार को फाइनल मैच खेला जाएगा। इसके अलावा पुरुष वर्ग में देवांग तोमर और आर्यन भट्ट भी अपना फाइनल मैच तथा 30 प्लस, 70 प्लस, 80 प्लस एवं 90 प्लस के पुरुष वर्ग के सभी मुक. ाबले खेले जाएंगे। रविवार को ही विज. ेताओं को मेडल, स्मृति-चिन्ह के साथ कैश प्राइज भी प्रदान किया जाएगा। इस मौके खेल निदेशक व प्रतिकुलपति-एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, दिल्ली से आए भारतीय खेल प्राधिकरण के निदेशक (सेवानिवृत्त) व भारतीय बैडमिंटन टीम के पूर्व कोच श्री सुरेश हरमिलापी एवं डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव सतीश शर्मा, सह सचिव श्री मनीष भट्ट, श्री हिमांशु यादव एवं जी. एस. मटेला ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के सभी मैच विश्वविद्यालय परिसर स्थित मल्टीपरपज हाल में खेले जा रहे हैं। इस दौरान विशिष्ट चतुर्वेदी, पीयूष आहूजा, शौर्य मिश्रा, शिवम् शर्मा तथा यश चौहान ने रेफरी की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में डॉ. शशांक चौधरी, कपिल गिल, जे.पी. सिंह, श्रीमती नीलम शर्मा एवं सुश्री मीना बिष्ट की विशेष भूमिका रही।

## एसएम इंटर कॉलेज में गुरुजी ने छात्रों को दिया ज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एस.एम. इंटर कॉलेज चंदौसी के प्रांगण में मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत गुरुजी कृष्णानंद झा ने छात्रों को ज्ञान संबंधी बातें बताईं एवं समाज में अच्छे विचार, अच्छा आचरण, सद्कर्म फैलाने का मार्ग बताया और साथ ही समाज में फैली अराजक्ताओं एवं अपराधों को रोकने का मार्ग भी दिखाया। गुरूजी द्वारा छात्रों को यह भी बताया कि उनके जीवन का एक उद्देश्य होना चाहिए वह है, लोक सेवा एवं समाज सेवा और छात्रों को केवल वही कार्य करने के लिए प्रेरित किया जिससे समाज का उद्धार हो सके। गुरुजी ने श्रीमद् भागवत गीता के श्लोकों का उपयोग कर छात्रों को कर्म को प्रधान बताते हुए अच्छे कर्म करने के लिए प्रेरित किया एवं छात्रों के मन में उठे सभी सवालों के उत्तर भी दिए। गुरुजी की बातें सुनकर छात्रों ने प्रेरणा ली और समाज में अच्छे कर्म करने का प्रण लिया। गुरुजी स्वामी कृष्णानंद झा द्वारा संविधान में उल्लिखित मूल्य कर्तव्यों पर आधारित एक शपथ ग्रहण का कार्यक्रम विद्यार्थियों और अध्यापकों के मध्य कराया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता, योगेश बाबू, मनोज कुमार, नेमचंद, गणेश सिंह, बिपि कुमार, रूपेश कुमार, आकाश शर्मा, ममता शर्मा, रीता रानी, रानी, नेहा श्रीवास्तव आदि अध्यापक व छात्र उपस्थित रहे।

## भोजपुर पुलिस ने पत्नी के हत्यारे को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** पुलिस ने दहेज हत्या में नामजद आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया। शनिवार को उप निरीक्षक शराफत अली ने पत्नी की हत्या में नामजद आरोपी गांव महमूदपुर तिगरी निवासी आबिद पुत्र कलुआ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ शुक्रवार को ससुर नजारूल हुसैन ने दहेज में कार की मांग पूरी नही होने पर बेटी हुस्न जहां उर्फ बेबी की रस्सी से गला दबाकर हत्या करने के आरोप में नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को पीपलसाना बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने बताया आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर भागने के लिए बस स्टैंड पर बस की प्रतीक्षा कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ पूछताछ की तो उसने पत्नी हुस्न जहां की हत्या करने का जुर्म कबूल कर लिया है।

पुलिस ने आरोपी का अदालत को चालान कर दिया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया।

## दो दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन, चार कैम्प स्टार हुए सम्मानित

### तम्बू निर्माण के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के मेधावियों के ग्रुप को किया पुरुस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर में मुड़िया राजा रोड स्थित रॉयल पब्लिक स्कूल में शनिवार को दो दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन हुआ। शि. विर के दूसरे दिन पहुंचे सपा विधायक एवं स्कूल चौयरमेन हाजी मौहम्मद फहीम इरफान को स्काउट गाइड शिविर में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने गार्ड ऑफ आनर दिया और मार्च पास्ट किया। इसके बाद सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित तम्बूओं को निरीक्षण किया, जिसकी विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने सराहना की।

इसके बाद प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने आग, बाढ़ या दुर्घटना की स्थिति में आपदा प्रबंधन अभ्यास, अनुशासन, सेवा, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति का कला करतब के साथ प्रदर्शन किया। इस दौरान राज्य प्रशिक्षण आयुक्त अलका ठाकुर, राज्य स्काउट शिक्षक रजत दीक्षित और संदीप सैनी ने 240 प्रतिभागी



छात्र-छात्राओं में चार कैम्प स्टार का चयन किया, जिनमें कक्षा 9 की रितिका, कक्षा 10 की निदा, कक्षा 9 की निदा और कक्षा 10 के फहद को कैम्प स्टार चुनकर शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान जूनियर और सीनियर वर्ग में तम्बू निर्माण करने वाले ग्रुप को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जूनियर वार्ग में कक्षा 6 के ग्रुप को प्रथम, कक्षा 7 के ग्रुप को द्वितीय और कक्षा 3 के ग्रुप को तृतीय स्थान मिला। सीनियर ग्रुप में कक्षा 9 के ग्रुप को प्रथम, कक्षा 8 के ग्रुप को द्वितीय और कक्षा 10 के ग्रुप को तृतीय स्थान मिला। स्काउट गाइड शिविर के आयुक्त अलका ठाकुर ने सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान और स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा शिविर को सफल बनाने में सहयोग करने पर प्रबंधक मौहम्मद हस्सान उर्फ फैजी, प्रधानाचार्य कुमार सर और शिक्षकों को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कुमार सर, जावेश आलम, मौ0 अली, उषा, पीयूष, कामना, आरिफ, अर्पित, अजरा, नूर जहां, आसिम, सुमायला, शिवानी, आयुषी, दिव्या आदि का सहयोग रहा।

## यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लए मजदूरों को किया जागरूक

**बिलारी।** मुरादाबाद इंडस्ट्रीज एरिया लेबर अड्डा मुरादाबाद में नेशनल एकेडमी सोशल मूवमेंट एवं नागरिक एकता परिषद ने यौन उत्पीड़न की रोकथाम हेतु मजदूरों को जागरूक किया गया। मीटिग में ह्यूमन राइट्स डिफेंडर प्रेम कुमार ने मजदूरों के अ धिकारों, मानवाधिकारों, काम के घंटों, सरकारी नीतियों और महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर चर्चा की। मीटिंग में बड़ी संख्या में मजदूरों ने भाग लिया और मुख्य रूप से मजदूरों की समस्याओं एवं उनके समाधान पर फोकस किया गया। यह मीटिंग मजदूर एकता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। जागरूकता कार्यक्रम में बलराम मौर्य, असित बहादुर, बीरेंद्र मौर्य, शंकर, महेंद्र, रामौतार, सत्यप्रकाश, हरीश पाल, सुरजीत, अभिनंदन, राहुल, सत्यभान, महेंद्र ,राजीव, हरिनंदन, प्रदीप,सर्वेश आदि ने भाग लिया।

## जोनल टैक्स बार एसोसिएशन ने किया जीएसटी सेमिनार का आयोजन




**मुरादाबाद।** जोनल टैक्स बार एसोसिएशन पंजीकृत के द्वारा एक जीएसटी सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रितेश कुमार गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोक कुमार सिंह एडिशनल कमिश्नर ग्रेड - 1, हर्ष शर्मा संस्थापक अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन पंजीकृत लखनऊ तथा कार्यक्रम में सेमिनार में अतिथि के रूप में दी बार एसोसियेशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता ग्रेड टू एस आई बी आर ए सेठ, ग्रेड टू अपील ओ पी वर्मा, ग्रेड टू अपील दिनेश कुमार वर्मा तथा मुख्य वक्ता वीर सिंह रिटायर्ड एडिशनल कमिश्नर अपील ने जीएसटी पर सेक्शन - 61,73,74,129 पर अधिवक्ताओं का ज्ञानवर्धन किया एवं अधिवक्ताओं के द्वारा पूछे गए सवालों का अथवा समस्याओं को कैसे हल किया। कार्यक्रम के संयोजक सैयद आरिफ अली रहे संच. ालन दीपक कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और गणेश वंदना से की गई इस अवसर पर विधायक एवं एडिशनल कमिश्नर ग्रेड -1 के द्वारा अधिवक्ताओं को संबोधित भी किया गया। गणेश वंदना करने आए बच्चों व टीचर को अतिथि के द्वारा मोमेंटो एवं गिफ्ट देकर पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर संजीव भटनागर, संजीव माहेश्वरी, सैयद अशरफ अली, राजदीप गोयल, दीपक अग्रवाल, अनुज गुप्ता, विचित्र शर्मा, शाहवेज मलिक, शाहिद हुसैन, अमित वर्मा, हर्षित रस्तोगी, राजीव कुमार, नौशाद अहमद, आशीष अग्रवाल, आदित्य शर्मा, सचिन अग्रवाल, विपिन कुमार, जुबैर अली,आशीष कपूर , अनिमेष मित्तल गाजियाबाद,आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने कसी कमर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** खाद, बीज, बिजली, पानी व अन्य समस्याओं के कारण प्रदेश का किसान नौकरशाही कार्यप्रणाली से परेशान हो चुका है। नकली बीज, नकली खाद व कीटनाशक और खाद की कमी,भरी गर्मी व बरसात में वितरण व्यवस्था में भारी अव्यवस्था के चलते किसान का धैर्य जबाव देने लगा है।किसानो ने अपने अधिकारों के लिये भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में सड़क पर उतरने का मन बना लिया है। उक्त आशय को लेकर आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री राज सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेश सरकार व प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण 75 जिलों के 4 करोड़ किसान खरीफ हो या रबी सीजन के समय खाद वितरण व्यवस्था में खामियों के चलते सरकार से नाराज है। इसलिये भारतीय किसान संघ के बैनर तले प्रदेश का किसान आगामी 9 सितम्बर को प्रदेशव्यापी आंदोलन के लिए विकास खंड मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन व ज्ञापन के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद करेगा। पत्रकारवार्ता में प्रदेश महामंत्री राज



सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेशव्यापी ज्ञापन दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार से संबंधित समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री, राज्य सरकार की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री व स्थानीय समस्याओं के विषय पर जिलाधिकारी के नाम तहसील मुख्यालयों में ज्ञापन सौंपे जायेंगे। प्रदेश के मेरठ प्रांत में आंदोलन का नेतृत्व व मार्गदर्शन प्रांत अध्यक्ष संजीव कुमार, बृज प्रांत में प्रांत अध्यक्ष दिनेश शाह, कानपुर प्रांत में प्रांत अध्यक्ष साहब सिंह चौहान, अवध प्रांत में प्रांत अध्यक्ष कृष्णकुमार सिंह, गोरक्ष प्रांत में प्रांत अध्यक्ष रंजीत सिंह व काषी प्रांत में प्रांत अध्यक्ष इंद्रासन सिंह करेंगे। प्रदेश महामंत्री राज सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेशव्यापी आंदोलन की तैयारी को लेकर भारतीय किसान संघ के 6 प्रांतों के 75 जिलों के सभी 826 विकासखंडों के 20हजार से अधिक ग्रामों में बैठकों के माध्यम से किसानों को विकास खंड मुख्यालय में होने वाले आंदोलन के बारे में जानकारी दी जा रही है। विकास खंड कार्यकारिणी के पदाधिकारी ग्राम समितियों में बलराम जयंती के पूजन कार्यक्रम में किसानों से आंदोलन में शामिल होने की अपील कर रहें है। श्री चौहान ने बताया कि धरना प्रदर्शन व ज्ञापन कार्यक्रम में लाखों किसानों के शामिल होने की संभावना है।

## एक नजर

### समूह से रुपये निकाले जाने की जांच करने पहुंचे अधिकारियों ने किए महिलाओं के बयान दर्ज



**कांठ।** ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित किए गए स्वयं सहायता समूह में भी अब भ्रष्टाचार ने अपने पांब पसार दिए हैं इस तरह का एक मामला पचोकरा खानपुर गांव से सामने आया है। बताया गया कि स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी ने फर्जी प्रस्ताव बनाकर बैंक से 1लाख 60 हजार रुपए निकाल लिए इसकी जानकारी अन्य सदस्यों को हुई तो उन्होंने तहसील दिवस में शिकायत दर्ज कर जांच कराए जाने की मांग उठाई।

यह खबर अखबारों की सुर्खियां बनी तो विभाग भी नींद से जाग गया और जांच टीम का गठन करके गांव भेजा गया। आज जांच टीम गांव पहुंची और संबंधित महिलाओं से उनके बयान दर्ज किए इस मामले को लेकर जांच टीम के सामने भी माहौल काफी गर्माया। जांच अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजे जाने की बात कही है।

### पुलिस ने अभियान चलाकर दलपतपुर में अलीगंज मार्ग से अतिक्रमण हटवाया



मूंढापांडे। पुलिस ने अलीगंज मार्ग पर दलपतपुर में हो रहे अतिक्रमण को हटवाया, पुलिस ने दोपहर अलीगंज मार्ग पर दलपतपुर में दुकानों के सामान लगाकर तथा सड़क के किनारे बैटरी रिक्शा खड़े कर अतिक्रमण कर रहे थे जिससे ब्लाक कार्यालय को आने जाने तथा अन्य राहगीरों को परेशानी हो रही थी। शुक्रवार को थाना प्रभारी मोहित चौधरी पुलिस के साथ दलपतपुर पहुंचे और दो घंटे अभियान चलाकर दुकानो के वाहर रखे सामान तथा सड़क के किनारे खड़े बैटरी रिक्शा को हटाया और चेतावनी दी कि पुनः अतिक्रमण किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ऑनलाइन ठगी के रुपये कराए वापस



**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के सक्टूनगला निवासी वारिश के पांच हजार रूपये फ्रांड हो गए थे उसने इसकी शिकायत साइबर हेल्पलाइन पर की। एसएचओ मोहित चौधरी ने बताया कि यह धनराशि गलती से पीलीभीत के युवक के खाते चली गई थी उसे वापस करा दिया है।

### बिजली कनेक्शन काटने गई टीम को उपभोक्ता ने हड़काया, मामला पहुंचा थाने



**कांठ।** नगर के मोहल्ले में बिजली विभाग की टीम विद्युत बिल जमा न करने वालों के कनेक्शन काटने पहुंच गई जैसे ही एक फोटोग्राफर का टीम ने कनेक्शन काटा फोटोग्राफर आपे से बाहर हो गया और टीम से भिड़ गया बात बढी तो विद्युत विभाग की टीम ने पुलिस को फोन कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को उठाकर थाने ले आई, थाने जाते ही आरोपी पक्ष के कई लोग वहां पहुंच गए और हिमायत करने लगे। पुलिस उप निरीक्षकों के मुताबिक आरोपी ने पुलिस के सामने भी अपना रवैया नहीं बदला और अप शब्द कहना जारी रखा आरोपी के सिफारशियो ने एसडीओ विद्युत से भी बात करनी शुरू कर दी। एसडीओ और जेई थाने पहुंच गए समाचार लिखे जाने तक इस मामले को लेकर दोनों पक्षो का वार्तालाप जारी था। बतादे की विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा भी लोगों के साथ अन्याय किया जाता रहा है कुछ उपभोक्ताओं का कहना है कि एक माह का बकाया होने पर भी विद्युत कर्मचारी कनेक्शन काट जाते हैं। और बिना सुविधा शुल्क लिए तार नहीं जोड़े जाते जिनकी वजह से ऐसी गर्मी में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है हालांकि विद्युत विभाग की टीम ने फोटो ग्राफर पर आक्रामक होने जैसे कई आरोप लगाए।

### जनपद मुरादाबाद में 26 अक्टूबर तक धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा जारी

**मुरादाबाद।** आगामी पर्व ईद-ए-मिलाद/बारावफात, दशहरा, गांधी जयंती, महर्षि बाल्मीकि जयंती, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्द्धन पूजा आदि एवं जनपद मुरादाबाद में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने तथा लोक व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला मजिस्ट्रेट श्री अनुज सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा जारी की है। यह निषेधाज्ञा दिनांक 26 अक्टूबर 2025 तक जनपद मुरादाबाद में लागू रहेगी। कोई भी व्यक्ति इस निषेधाज्ञा की किसी एक अथवा एक से अधिक शर्तों का उल्लंघन करेगा तो वह भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 223 के अन्तर्गत दंडनीय होगा।

### खस्ताहाल यात्रीशेड, कभी भी हो सकता है हादसा

**चन्दौसी।** सांसद निधि से बने यात्रीशेड की हालत इतनी खस्ता हो चुकी है कि कभी भी गिर सकता है। जानकारी के अनुसार पूर्व सांसद सतपाल सैनी की निधि से वर्ष 2014 में कुढ़फतेहगढ़ के बड़ी चौराहे पर यात्रीशेड का निर्माण कराया गया था। आज यह यात्रीशेड जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है। स्थानीय दुकानदार सुरजीत ने बताया कि बड़ी चौराहे पर बने इस यात्रीशेड की छत और दीवारों में दरारें पड़ चुकी हैं, जो राहगीरों के लिए खतरा बन गई हैं। वहीं दाताराम निवासी भगतपुर पहेली ने कहा कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो यह शेड कभी भी गिर सकता है और बड़ा हादसा हो सकता है।

# सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा 'ट्रम्प इज डेड'

## ट्रम्प की मौत से जुड़े 60 हजार पोस्ट शेयर हुए, उपराष्ट्रपति वेंस बोले थे: देश का नेतृत्व के लिए तैयार हूं

**वाशिंगटन।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सेहत से जुड़े पोस्ट ट्रेंड कर रहे हैं। इन पोस्ट में ट्रम्प इज डेड (ट्रम्प की मौत हो गई) लिखा है। शनिवार को ट्रम्प की मौत से जुड़े 60 हजार से ज्यादा पोस्ट शेयर किए गए हैं। जुलाई में 79 साल के ट्रम्प के हाथ पर चोट के निशान और पैरों में सूजन की तस्वीरें सामने आने के बाद से ही उनकी सेहत चर्चा में है।

व्हाइट हाउस ने उस समय इन अफवाहों को खारिज किया था। अब 27 अगस्त को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के इंटरव्यू के बाद ट्रम्प के सेहत पर फिर बहस तेज हो गई। दरअसल, वेंस ने यूएसए टुडे को कहा था कि, किसी भी बुरी परिस्थिति में वो देश का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि अभी ट्रम्प पूरी तरह ठीक हैं। फिलहाल, व्हाइट हाउस ने इस अफवाह पर कोई टिप्पणी नहीं की है। 16 जुलाई को ट्रम्प के दाहिने हाथ पर चोट का निशान दिखा था, जो मेकअप से ढका हुआ लग रहा था। फरवरी,2025 में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जुलाई में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन के साथ मुलाकात के दौरान सबसे पहले ट्रम्प के हाथ पर चोट और मेकअप के निशान देखे गए थे। इसके बाद ट्रम्प की सेहत से जुड़ी अटकलें तेज हो गई थी। इस समय व्हाइट हाउस ने बताया था कि ट्रम्प की नसों की बीमारी क्रानिक वेनस इनसफिशिएंसी एबी9 से ग्रसित हैं।

**व्हाइट हाउस बोला: ट्रम्प को हार्ट-किडनी की बीमारी नहीं, ट्रम्प के हाथ पर फिर चोट के निशान दिखे**

इसके कारण उनके पैरों में सूजन रहती है। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 70 साल से ज्यादा उम्र को लोगों में यह बीमारी कामन है। लेविट ने बताया कि राष्ट्रपति की हथेलियों पर चोट के निशान हैं, जो मामूली साफ्ट टिशू इरिटेशन है। यह एस्पिरिन के सेवन के साइन इफेक्ट और बार-बार लोगों से हाथ मिलाने के कारण होता है। 13 जुलाई 2025 को न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में फीफा क्लब वर्ल्ड कप के फाइनल के दौरान ट्रम्प के पैरों में सूजन देखी गई थी। फिर, 16 जुलाई को बहरीन के प्रधानमंत्री सलमान बिन हमद अल खलीफा से मुलाकात के दौरान ट्रम्प के हाथों में चोट के निशान वाली तस्वीरें सामने आई थीं। इसके बाद सोशल मीडिया पर बहस होने लगीं कि ट्रम्प अपनी स्वास्थ्य समस्या छिपा रहे हैं। व्हाइट हाउस ने बताया कि ट्रम्प ने अपने पैरों के निचले हिस्से में हल्की सूजन देखी थी। इसके बाद उन्होंने जांच करवाई और सबको रिपोर्ट की जानकारी बताने का निर्देश दिया। ट्रम्प 13 जुलाई को फर्स्ट लेडी मेलानिया के साथ फीफा क्लब वर्ल्ड कप फाइनल देखने पहुंचे थे। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी लेविट ने बताया था कि राष्ट्रपति के निचले अंगों के दोनों तरफ वेनस डापलर अल्ट्रासाउंड किए गए, जिससे पता चला कि उन्हें क्रोनिक वेनस इनसफिशिएंसी एबी9 है। जांच में अन्य गंभीर हृदय रोग या किडनी की बीमारी का पता नहीं चला था। लेविट ने कहा कि जांच रिपोर्ट में डीप वेन थ्रोम्बोसिस या धमनी रोग का भी कोई सबूत नहीं मिला। ट्रम्प का कम्प्लीट ब्लड काउंट, मेटाबोलिक पैनल, डी-डाइमर, बीटी टाइप के नैट्रियोटिक पेप्टाइड और कार्डिएक बायोमार्कर जांच भी हुआ। सभी रिपोर्ट्स नार्मल आए। 25 अगस्त को साउथ कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ मुलाकात के दौरान ट्रम्प के दाहिने हाथ पर चोट के निशान दिखा था, जिसे मेकअप से छुपाने की कोशिश की गई थी।

**ट्रम्प इज डेड की अफवाहें पूरी तरह से सोशल मीडिया पर आधारित किसी विश्वसनीय स्रोत से पुष्टि नहीं**

जुलाई में व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा था कि राष्ट्रपति ट्रम्प जनता के बीच सबसे ज्यादा समय बिताते हैं और रोजाना सैकड़ों लोगों से हाथ मिलाते हैं। इसके कारण ये निशान बने हैं। ट्रम्प के डाक्टर सीन बारबाबेला ने बताया कि चोट के निशान बार-बार हाथ मिलाने और एस्पिरिन (पेनकिलर) के उपयोग से हुए हैं, जो हृदय रोग की रोकथाम के लिए लिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह एक सामान्य और हल्की समस्या है, जिसमें कोई गंभीर बीमारी नहीं पाई गई। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के साथ मुलाकात के दौरान ट्रम्प के दाहिने हाथ पर चोट के निशान दिखा था। जेडी वेंस के बयान के बाद एक बार फिर सोशल मीडिया पर ट्रम्प के हेल्थ को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है। एक्स पर कई यूजर्स ने दावा किया कि ट्रम्प पिछले 24 घंटों से सार्वजनिक तौर पर नहीं दिखे हैं।



बिहार। सारण जिले में 'मतदाता अधिकार यात्रा' के दौरान लोकसभा में एलओपी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी।

## गाजा में आईएस के सबसे वरिष्ठ सदस्य को मार गिराया: इजरायली सेना

**यरूशलम।** इज़रायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि उसने पिछले सप्ताह गाज़ा पट्टी में इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के एक वरिष्ठ सदस्य को मार गिराया। आईडीएफ ने उस व्यक्ति की पहचान मुहम्मद अब्द अल-अजीज अबू ज़ुबैदा के रूप में की है, जो गाज़ा पट्टी में आईएस के फलस्तीनी जिले के प्रमुख के रूप में कार्यरत था साथ ही इस क्षेत्र में समूह के भीतर सबसे वरिष्ठ पद था। आईडीएफ के बयान के अनुसार, अबू ज़ुबैदा को खुफिया मार्गदर्शन में किए गए हवाई हमले में निशाना बनाया गया था। वह कथित तौर पर पश्चिमी तट, गाज़ा और मिस्र के सिनाई प्रायद्वीप में नीति निर्धारण, अभियानों की योजना बनाने और आईएस गतिविधियों की निगरानी के लिए जिम्मेदार था। आईडीएफ ने कहा कि आईएस लड़ाके गाज़ा में इज़रायली सेना के खिलाफ सीधे तौर पर लड़ाई में शामिल थे और समूह पर युद्धक उपकरण स्थानांतरित करने के साथ-साथ पश्चिमी तट से गाज़ा पट्टी में महत्वपूर्ण धन जुटाने का आरोप लगाया।

## संक्षिप्त समाचार

### ले होई टुंग वियतनाम के नए कार्यवाहक विदेश मंत्री बने

**हनोई।** वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह ने शनिवार को राजधानी हनोई में एक समारोह की अध्यक्षता में ले होई टुंग को आधिकारिक रूप से विदेश मामलों का कार्यवाहक मंत्री नियुक्त किया गया। वियतनाम समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, टुंग को पार्टी केंद्रीय समिति कार्यालय के प्रमुख पद से हटाकर विदेश मंत्रालय का कार्यभार सौंपा गया है।

### अफगानिस्तान में बारिश-बाढ़ से पांच की मौत, आठ घायल

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत में भारी बारिश और बाढ़ से पांच लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य आठ लोग घायल हो गए। यह जानकारी सरकारी समाचार एजेंसी बख्तर ने शनिवार को दी। प्रांतीय सूचना एवं संस्कृति निदेशक मावलवी सेदिकुल्लाह कुरैशी के हवाले से सरकारी समाचार एजेंसी ने कहा कि शुक्रवार को रोडात, हस्का मीना और चपरहार जिलों में आई बाढ़ से पांच लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य आठ लोग घायल हो गए।

### महबूबा ने तबाही के लिए केंद्रीय पैकेज का किया आग्रह

**श्रीनगरी।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को केंद्र सरकार से केंद्र शासित प्रदेश में हाल ही में आई बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन से प्रभावित लोगों के लिए तत्काल वित्तीय राहत पैकेज की घोषणा करने का आग्रह किया। 'एक्स' पर एक पोस्ट में सुश्री मुफ्ती ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुई तबाही ने कई परिवारों को बेघर कर दिया है।

# ट्रम्प प्रशासन को संघीय कोर्ट का झटका

## हिरासत में लिए गए अवैध प्रवासियों के तेजी से निर्वासन पर लगाई अस्थायी रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका के डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन को उस समय बड़ा झटका लगा, जब एक संघीय जज ने हिरासत में लिए गए अवैध प्रवासियों के तेजी से निर्वासन पर अस्थाई रोक लगा दी। ट्रम्प प्रशासन संघीय कानूनी दायरा बढ़ाकर अवैध प्रवासियों को बिना जज के सामने पेश किए जल्द देश से बाहर निकलना चाहता था।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2024 के चुनावी अभियान में वादा किया था कि अगर वह दोबारा व्हाइट हाउस लौटते हैं, तो वह बड़े बड़े पैमाने पर निर्वासन अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा था कि वह अपने दूसरे कार्यकाल में सालाना दस लाख लोगों को निर्वासन करना चाहते हैं। हालांकि, वाशिंगटन डीसी की यूएस डिस्ट्रिक्ट जज जिया काब ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन की तेजी से निर्वासित करने की नीति से लोगों के कानूनी अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। काब ने 48 पन्नों की अपनी राय में लिखा, सरकार इस संक्षिप्त प्रक्रिया का बचाव करते हुए एक चौंकाने वाली दलील देती है-जो लोग देश में अवैध रूप से प्रवेश करते हैं, उन्हें संविधान के पांचवें संशोधन के तहत कोई कानूनी प्रक्रिया का अधिकार नहीं है, बल्कि उन्हें कांग्रेस (संसद) जो भी कृपा दे, उसे ही स्वीकार करना होगा। अगर यह दलील सही मानी जाए, तो फिर न केवल गैर-नागरिक, बल्कि हर किसी के अधिकार खतरे में पड़ सकते हैं। जनवरी में ट्रम्प के पद संभालने के बाद होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने अवैध प्रवासियों के तेजी से निर्वासन की घोषणा की थी। इस प्रक्रिया में उन अवैध प्रवासियों को जल्दी देश से बाहर निकालना था जो अमेरिका में दो साल से कम समय से हैं। इस प्रयास के खिलाफ अमेरिकी नागरिक स्वतंत्रता संगठन और प्रवासी अधिकार समूहों ने मुकदमे दायर किए हैं। पहले तेजी से निर्वासन की प्रक्रिया केवल उन्हीं प्रवासियों पर लागू होती थी जिन्हें अमेरिका-मैक्सिको सीमा से 100 मील के दायरे में पकड़ा जाता था और जो अमेरिका में 14 दिन या उससे कम समय से रह रहे होते थे। बाद में ट्रम्प प्रशासन ने इस प्रक्रिया का विस्तार किया। जज काब ने न तो इस कानून की सांविधानिकता पर सवाल उठाया और न ही इसे सीमा पर लागू किए जाने को लेकर कोई आपत्ति जताई। काब पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा नियुक्त की गई थीं। उन्होंने लिखा, मुद्दा यह है कि जब इस कानून को देश के अंदर रह रहे बड़ी संख्या में लोगों पर लागू किया जाता है, जिन्हें पहले तेजी से निर्वासन का सामना नहीं करना पड़ा, तो सरकार को उन्हें उचित कानूनी प्रक्रिया प्रदान करनी होगी।



ट्रम्प ने कहा था: वह दोबारा व्हाइट हाउस लौटते हैं, तो वह बड़े बड़े पैमाने पर निर्वासन अभियान चलाएंगे

## फोन कॉल कांड के बाद थाईलैंड की पीएम को हटाया गया

**बैंकॉक।** थाईलैंड की एक अदालत ने प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा को पद से हटा दिया है। अदालत ने कहा कि कंबोडिया के पूर्व नेता के साथ उनकी विवादास्पद फोन कॉल ने नैतिकता के नियमों का उल्लंघन किया है। इस कदम से देश में एक नया राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार शक्तिशाली शिनावात्रा राजनीतिक परिवार की सदस्य पैतोंगतार्न अगस्त 2024 में देश की सबसे युवा प्रधानमंत्री बनीं और उन्होंने केवल एक वर्ष ही पद संभाला है। थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने शुक्रवार को 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाया कि पैतोंगतार्न के पास थाई संविधान के तहत 'योग्यताएँ नहीं हैं और उनमें निषिद्ध विशेषताएं हैं', जिसके कारण उनका कार्यकाल समाप्त हो गया।

# यूक्रेन युद्ध के लिए भारत नहीं अमेरिकी अधिकारी जिम्मेदार

**न्यूयार्क।** अमेरिका के एक यहूदी संगठन ने उन अधिकारियों की आलोचना की है, जिन्होंने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत की निंदा की है। संगठन ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के लिए भारत जिम्मेदार नहीं है और अमेरिका-भारत संबंधों को फिर से सुधारने की जरूरत है।

ट्रम्प प्रशासन के कुछ सदस्यों ने हाल ही में भारत आरोप लगाया है कि रूस से उर्जा खरीदकर भारत राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की युद्ध मशीन को फंडिंग कर रहा है। अमेरिकी यहूदी समिति ने कहा कि व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की ओर से भारत पर लगाए गए आरोप 'गलत और अपमानजनक' हैं। नवारो ने इसे 'मोदी का युद्ध' कहा और यह भी कहा कि शांति की राह 'नई दिल्ली से होकर' गुजरती है।

**यहूदी संगठन ने की ट्रम्प प्रशासन की आलोचना**

यहूदी संगठन ने कहा, हम समझते हैं कि भारत उर्जा जरूरतों के कारण रूस से तेल खरीदता है, लेकिन भारत पुतिन के युद्ध अपराधों का दोषी नहीं है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार भी है। संगठन ने कहा अब इन अहम संबंधों को फिर से मजबूत करने का समय है। नवारो ने पिछले कुछ दिनों में भारत को निशाना बनाया है। उनकी ओर से ये बयान तब सामने आए, जब वाशिंगटन और दिल्ली के बीच व्यापार और टैरिफ को लेकर तनाव बढ़ा। ट्रम्प ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया है। साथ ही रूस से तेल खरीदने पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ भी लगाया है।

# इंडोनेशिया में भीड़ ने संसद भवन फूंका, तीन की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में लगातार बढ़ते विरोध प्रदर्शनों ने हिंसक रूप ले लिया है। साउथ सुलावेसी प्रांत की राजधानी मकास्सार में गुस्साई भीड़ ने शुक्रवार देर रात स्थानीय संसद भवन में आग लगा दी।

इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जलने और इमारत से कूदने के कारण चोटें आईं। घटनास्थल से शनिवार सुबह शव बरामद किए गए। स्थानीय रिपोर्ट में बताया गया कि पूरी इमारत आग की लपटों से घिर गई और रातभर क्षेत्र नारंगी रोशनी में डूबा रहा। इसके अलावा वेस्ट जावा के बांडुंग शहर में भी प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्रीय संसद भवन को आग के हवाले कर दिया। सुराबाया शहर में गुस्साई भीड़ ने पुलिस मुख्यालय पर धावा बोला, वाहनों को आग के हवाले किया और बैरिकेड तोड़ दिए। पुलिस ने भीड़ को काबू करने के लिए आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने पटाखों और लकड़ी की छड़ों से जवाब दिया। जकार्ता में शनिवार को स्थिति कुछ हद तक सामान्य रही। सुरक्षा बलों ने जली हुई गाड़ियां, पुलिस चौकियां और बस स्टाप हटाने का काम किया। दरअसल, प्रदर्शन की शुरुआत सोमवार को हुई थी जब यह खुलासा हुआ कि संसद के सभी 580 सांसदों को वेतन के अलावा हर महीने 50 मिलियन रुपिया (करीब 3075 डालर) आवास भत्ता दिया जा रहा है।

**घायलों को जलने और इमारत से कूदने के कारण चोटें आईं**

# मोदी ने की जापानी गर्वनरों के साथ मुलाकात

## राज्यों और जापानी प्रांतों के बीच सहयोग बढ़ाना समय की जरूरत

**टोक्यो/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां जापान के विभिन्न प्रांतों के गर्वनरों के साथ मुलाकात की और कहा कि दोनों देशों के संबंधों का विस्तार अब उनके राज्यों तथा प्रांतों के बीच भी किये जाने की जरूरत है जिससे वे विकास यात्रा में साझीदार बन सकें। जापान यात्रा के दूसरे दिन मोदी ने यहां जापान के 16 प्रांतों के गर्वनरों के साथ विस्तार से बातचीत की।

बातचीत के बाद उन्होंने कहा कि भारत के राज्यों और जापान के प्रान्तों के बीच सहयोग भारत-जापान मैत्री का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि आज सुबह टोक्यो में जापान के 16 प्रान्तों के गर्वनरों के साथ बातचीत की। राज्य-प्रान्त सहयोग भारत-जापान मैत्री का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। यही कारण है कि कल 15वें वार्षिक भारत-जापान शिखर सम्मेलन के दौरान इस पर एक अलग पहल शुरू की गई। व्यापार, नवाचार, उद्यमिता आदि क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। स्टार्टअप, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे भविष्योन्मुखी क्षेत्र भी लाभकारी हो सकते हैं। गर्वनरों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा भारत-जापान के समकालीन संबंध दोनों देशों के बीच सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों से शक्ति प्राप्त करते हुए निरंतर फल-फूल रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की गति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि अब समय आ गया है कि टोक्यो और दिल्ली तक सीमित संबंधों से आगे बढ़कर राज्य-प्रान्तों के बीच संबंधों को नए सिरे से बढ़ावा दिया जाए।



### पीएम ने जापान के प्रधानमंत्री के साथ बुलेट ट्रेन में की यात्रा

**टोक्यो।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान यात्रा के आज दूसरे दिन शनिवार को प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ बुलेट ट्रेन में यात्रा की। मोदी ने जापान में बुलेट ट्रेन की सवारी की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। जापान के प्रधानमंत्री इशिबा ने मोदी के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, ष्प्रधानमंत्री मोदी के साथ सेंडई की ओर जा रहा हूं। कल रात से ही सिलसिला जारी है और मैं आपके साथ कार में रहूंगा। मोदी जापानी प्रधानमंत्री इशिबा बुलेट ट्रेन से सफर करते दिखे। प्रधानमंत्री मोदी और जापानी प्रधानमंत्री दोनों ने बुलेट ट्रेन से जापान के सेंडाई शहर तक की सवारी की। इस दौरान उन्होंने पूर्वी जापान रेलवे कंपनी में प्रशिक्षण ले रहे भारतीय ट्रेन ड्राइवरों से मुलाकात की।

## मोदी ने इशिबा को भेंट किया कीमती पत्थर का बाउल, उनकी पत्नी को पश्मीना शॉल

**टोक्यो/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान यात्रा के दौरान जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा और उनकी पत्नी को शानदार उपहार भेंट किये जिनमें इशिबा के लिए कीमती पत्थर से बना बाउल का सेट और उनकी पत्नी के लिए पश्मीना शॉल शामिल हैं। चांदी की चॉपस्टिक्स से सजे विंटेज कीमती पत्थर के बाउल भारतीय कलात्मकता और जापानी पाक कला की परंपरा का अनूठा मिश्रण हैं। चार छोटे बाउल और चांदी की चॉपस्टिक्स के साथ भूरे रंग के मूनस्टोन से बने बड़े बाउल से सुसज्जित यह सेट जापान के डोनबुरी और सोबा अनुष्ठानों से प्रेरित है। आंध्र प्रदेश से प्राप्त यह मूनस्टोन बेहद चमकीना और प्रेम, संतुलन तथा सुरक्षा का प्रतीक है।

# यूक्रेन के पूर्व संसद की गोली मारकर हत्या

**कीव।** यूक्रेन के प्रमुख राजनेता और पूर्व संसद अध्यक्ष आंद्री पारुबी की 30 अगस्त को गोली मारकर हत्या कर दी गई।

पुलिस के अनुसार, दक्षिणी फ्रैंकिव्स्की जिले में दोपहर करीब 12 बजे गोलीबारी की सूचना मिली। हमलावर ने पारुबी पर कई गोलियां चलाईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। यूरोपियन सालिडैरिटी पार्टी की सांसद इरीना हेराशचेंको ने पुष्टि की कि मृतक आंद्री पारुबी ही थे। मीडिया के मुताबिक हमलावर डिलीवरी बॉय की वेशभूषा में था और इलेक्ट्रिक साइकिल पर सवार था। उसने पारुबी पर गोलियां चलाईं और फिर साइकिल से भाग गया। घटनास्थल पर सात गोली के खोल मिले। 54 साल के पारुबी लंबे समय तक सांसद रहे थे। उन्होंने 2004 की आरेंज क्रांति और 2013-14 की यूरोमैदान क्रांति में हिस्सा लिया था। 2014 में रूस द्वारा क्रीमिया पर कब्जे और डोनबास में युद्ध शुरू होने के दौरान वे राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव रहे। इनकी पार्टी यूरोपियन सालिडैरिटी ने इसे आतंकी हमला करार दिया है।


**डिलीवरी बॉय बनकर आया हमलावर, सात गोलियां दागी**

# पुतिन दिसम्बर में भारत दौरे पर आएंगे

## यूक्रेन युद्ध के बाद पहली इंडिया विजिट

**मास्को/नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति पुतिन इस साल दिसम्बर में भारत आएंगे। रूस के राष्ट्रपति आफिस क्रेमलिन ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।

2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पुतिन का यह पहला भारत दौरा होगा। यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब भारत और रूस अपनी साझेदारी को और मजबूत कर रहे हैं, जबकि अमेरिका भारत पर रूस से तेल खरीदने की वजह से आर्थिक दबाव बढ़ा रहा है। पुतिन सोमवार को चीन में होने वाली एससीओ समिट के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान उनकी भारत यात्रा की तैयारियों पर भी चर्चा होगी। रूस की तरफ से यह घोषणा तब आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत के निर्यात पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए हैं। इसमें से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ रूसी तेल खरीद की वजह से लगाया गया है। अमेरिका का कहना है कि इससे रूस को यूक्रेन युद्ध जारी रखने में मदद मिल रही है। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने इस महीने की शुरुआत में मास्को यात्रा के दौरान क्रेमलिन में पुतिन से मुलाकात की थी। यह मुलाकात सुरक्षा, आर्थिक और ऊर्जा सहयोग पर द्विपक्षीय वार्ता के लिए हुई थी। इस दौरान भारतीय एनएसए ने कहा था कि हमारा रिश्ता बहुत खास और पुराना है। हम अपनी रणनीतिक साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं। हमें राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की खबर से बहुत खुशी है।



सोमवार को चीन में पीएम मोदी से मिलेंगे रूसी राष्ट्रपति

## पुतिन ने संरार, अमुको में सुधारों की वकालत की

**मॉस्को/बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चीनी शहर तियानजिन में आगामी शिघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन से पहले वित्त, संस्कृति, शिक्षा, खेल, राजनीति सहित सभी क्षेत्रों में रूस और चीन के संबंधों की सराहना की, साथ ही उन्होंने दोनों देशों द्वारा संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसी अन्य वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की निरंतर वकालत को दोहराया, ताकि आधुनिक राजनीतिक वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिबित किया जा सके और विकासशील दुनिया के लिए व्यापक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जा सके।

# इजरायली एयरस्ट्राइक में हूती लड़ाकों के प्रधानमंत्री की मौत

**सना।** यमन की राजधानी सना में इजरायली एयरस्ट्राइक में हूती लड़ाकों के प्रधानमंत्री अहमद अल-रहावी की मौत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन हमलों में हूती रक्षा मंत्री मोहम्मद अल-अती और चीफ आफ स्टाफ मोहम्मद अब्द अल-करीम अल-घमारी को भी निशाना बनाया गया, जिनके मारे जाने की आशंका है।

इजरायली आर्मी (आईडीएफ) ने 28 अगस्त को सना में हमले किए थे। इससे पहले हूती लड़ाकों ने इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया था। आईडीएफ ने कहा कि एयरस्ट्राइक में हूती मिलिट्री ठिकानों और राष्ट्रपति भवन को निशाना बनाया गया। वहीं, यमन के अधिकारियों के मुताबिक, इन हमलों में कम से कम 10 लोग मारे गए और 90 घायल हुए। इजरायल के विदेश मंत्री ने कहा कि हमने चेतावनी दी थी कि जो भी इजरायल के खिलाफ हथियार उठाएगा, उसे सजा मिलेगी। उन्होंने कहा: हमने हूतियों को पहले चेताया था कि बुरे काम का बुरा अंजाम होगा। एक इजरायली सैन्य अधिकारी ने मीडिया को बताया: हमने सही समय पर सटीक जानकारी के आधार पर तेजी से हमला किया।

**रक्षा मंत्री के भी मारे जाने की आशंका, हमले में 10 की मौत, 90 घायल**



# संजना सांघी बनी प्रतिष्ठित जज पैनल का हिस्सा

**मुंबई।** अभिनेत्री संजना सांघी को संयुक्त राष्ट्र युथ ऑफिस द्वारा यंग लीडर्स फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स के पांचवें कोहोर्ट के लिए डिस्टिंग्विश्ड जजेस पैनल का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह प्रतिष्ठित उपलब्धि, वैश्विक सकारात्मक बदलाव की आवाज बनने की संजना की यात्रा में एक और अहम उपलब्धि है।

यंग लीडर्स फॉर एसडीजी पहल हर साल 17 असाधारण युवाओं को सम्मानित करती है, जो दुनिया की सबसे गंभीर चुनौतियों से निपटने और सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए काम कर रहे हैं। डिस्टिंग्विश्ड जजेस पैनल में यूएन, सिविल सोसाइटी, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री और प्राइवेट सेक्टर के प्रभावशाली नेता शामिल होते हैं, जो इन बदलाव लाने वाले युवाओं का चयन करते हैं। संजना ने इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते कहा कि संयुक्त राष्ट्र युथ ऑफिस द्वारा मुझे डिस्टिंग्विश्ड जजेस पैनल का हिस्सा चुना जाना मेरे लिए अब तक के सबसे बड़े सम्मानों में से एक है। मुझे मलाला यूसुफजई, कोडी सिम्पसन, लिली सिंह, दिया मिर्ज़ा और उन तमाम वैश्विक आइकन्स के साथ चुना गया है, जिन्होंने मेरी यात्रा को काफी प्रेरित किया है। यह उस काम की पुष्टि है, जो हम सब कर रहे हैं। संजना ने कहा, पिछले साल यूएन जनरल असें. बली में समिट ऑफ द फ्यूचर के उद्घाटन पर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधन देने के बाद, मेरा सामूहिक प्रयास की शक्ति पर विश्वास और गहरा हो गया। यह देखना कि कैसे वे शब्द वैश्विक स्तर पर गूंजे और कैसे युवा सीमाओं के पार एक-दूसरे को मजबूत बना रहे हैं, मेरे विश्वास को और मजबूत कर गया। हमारा भविष्य सिर्फ उज्ज्वल ही नहीं है, यह अभी, हम सबके द्वारा मिलकर गढ़ा जा रहा है। संजना सांघी अब मलाला यूसुफजई, कोडी सिम्पसन, लिली सिंह, दिया मिर्ज़ा और फॉरेस्ट व्हिटेकर जैसे वैश्विक आइकन्स की सूची में शामिल हो चुकी हैं। इस पैनल पर उनकी भूमिका उन्हें युवा नेताओं की आवाज को और मजबूत करने और यह साबित करने का मौका देगी कि आज के युवा महज कल के नेता ही नहीं, बल्कि हमारे वर्तमान के भी निर्माता हैं।

# मोहब्बतें के बाद मेरी चार फिल्में कभी रिलीज नहीं हुईं: शमिता



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शमिता शेट्टी का कहना है कि फिल्म मोहब्बतें के बाद उन्होंने चार फिल्में की शूटिंग की थी जो कभी रिलीज नहीं हुईं।

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी की बहन शमिता शेट्टी ने यशराज फिल्म्स की मोहब्बतें से अपना डेब्यू किया था। हाल ही में अपने करियर की चुनौतियों पर खुलकर बात की है। शमिता ने एक इंटरव्यू में बताया कि मोहब्बतें के बाद उन्होंने चार फिल्मों की शूटिंग की थी, जिनमें संजय दत्त, चंद्रचूड़ सिंह और आर माधवन जैसे कलाकारों के साथ प्रोजेक्ट शामिल थे,लेकिन इनमें से कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हो पाई।

इस अचानक आए झटके ने उनके करियर की रफ्तार को बेहद अहम समय पर रोक दिया।

शमिता की पिछली फिल्म द टेनेंट को भी कई रुकावटों का सामना करना पड़ा। कई बार टलने के बाद, फिल्म कुछ चुनिंदा सिनेमाघरों में बिना किसी खास मार्केटिंग या प्रमोशन के रिलीज़ हुई ,जिसकी वजह से फिल्म को वो पहचान नहीं मिल पाई जिसकी उम्मीद शमिता ने की थी।

शमिता ने कहा, लोगों को यह बताने में कोई शर्म या बुराई नहीं है कि आप उपलब्ध हैं और काम करना चाहते हैं। इन चुनौतियों के बावजूद, शमिता अपने काम के प्रति समर्पित हैं और उम्मीद कर रही हैं कि उन्हें ऐसे बेहतर मौके मिलेंगे जिनसे उनकी असली प्रतिभा बड़े पर्दे पर नजर आ सके।

# कॉमेडी-ड्रामा डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर किया लॉन्च



**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी अभिनीत कॉमेडी-ड्रामा डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर रिलीज कर दिया है।

कॉमेडी-ड्रामा सीरीज़ डू यू वाना पार्टनर, धर्मेटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्मित है, जिसके निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला और अपूर्व मेहता हैं, जबकि शोमेन मिश्रा और अर्चित कुमार एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं। इस सीरीज़ का निर्देशन कॉलिन डी कुन्हा और अर्चित कुमार ने किया है। पटकथा नंदिनी गुप्ता, आर्ष वोरा और मिथुन गांगोपाध्याय ने लिखी है, जबकि इसकी रचना मिथुन गांगोपाध्याय और निशांत नायक ने की है। इसमें मुख्य भूमिकाओं में तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी नज़र आएंगी, इनके साथ ही जावेद जाफ़री, नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, नीरज काबी, सूफ़ी मोतीवाला और रणविजय सिन्हा भी अहम किरदारों में दिखाई देंगे। डू यू वाना पार्टनर का प्रीमियर भारत सहित दुनिया के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में 12 सितंबर को विशेष रूप से केवल प्राइम वीडियो पर किया जाएगा। तमन्ना भाटिया ने कहा, यह दोस्ती, संघर्ष और सबसे अजीबोगरीब विचारों को हक़ीक़त में बदलने के साहस का जश्न है।

# द बैड्स ऑफ बॉलीवुड का दूसरा गाना रिलीज

**मुंबई।** आर्यन खान के निर्देशन में बनी पहली सीरीज़ द बैड्स ऑफ बॉलीवुड का दूसरा गाना तू पहली तू आखिरी रिलीज हो गया है। शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान इन दिनों बतौर निर्देशक बॉलीवुड में डेब्यू को लेकर चर्चा में हैं। वह अपकमिग सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के साथ डेब्यू करने वाले हैं। इस सीरीज का दूसरा गाना तू पहली तू आखिरी रिलीज हो गया है। यह गाना एक दिल छू लेने वाली रोमांटिक धुन है, जो मोहब्बत और अमर रिश्ते की गहराई को पकड़ता है। लक्ष्य और सहेर बंबा पर फिल्माया गया यह गीत रोमांस के प्रति एक नाजुक अर्पण की तरह खुलता है, जो दर्शकों को आर्यन खान की बनाई दुनिया की और भी अंतरंग झलक देता है। शशवत सचदेव द्वारा कंपोज, प्रोड्यूस और अरेंज किया गया, कुमार के बोल और अरिजीत सिंह की आवाज के साथ, तू पहली तू आखिरी टी-सीरीज लेबल के तहत रिलीज हुआ है। द बैड्स ऑफ बॉलीवुड 18 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस सीरीज का निर्माण रेड चिलीज एंटरटेनमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया है। बिलाल सिद्दीकी और मानव चौहान सह-निर्माता हैं।






इस शो में बॉबी देओल, लक्ष्य, सहेर बंबा, मनोज पाहवा, मोना सिह, मनीष चौधरी, राघव जुयाल, अन्या सिंह, विजयंत कोहली, गौतमी कपूर और रजत बेदी नजर आएंगे।

# अनुपमा के पांच साल पूरे होने पर भावुक हुईं रूपाली गांगुली

**मुंबई।** अभिनेत्री रूपाली गांगुली स्टार प्लस के लोकप्रिय शो अनुपमा के पांच साल पूरे होने पर भावुक हो गई। शो अनुपमा ने हाल ही में टीवी पर शानदार पांच साल पूरे कर लिए। मेकर्स ने इस खास मौके का जश्न मनाने के लिए एक छोटा से गेट टुगेदर का आयोजन किया। अनुपमा का किरदार निभाने वाली रूपाली गांगुली ने इस मौके पर अपना आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर रूपाली गांगुली ने अनुपमा को लेकर एक इमोशनल नोट शेयर किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए अनुपमा मेरे पापा का सपना पूरा होना है, मेरी मम्मा का सपना पूरा होना है। ये मेरे पेरेंट्स की ब्लेसिग है यह मेरे पति की ख्वाहिश है कि मुझे नई पहचान मिले। यह शो मेरी चाहत नहीं बल्कि मेरी ज़रूरत था और यह शो मैंने मांगा था। भगवान ने राजन शाही के ज़रिए मुझे यह शो दिया। अनुपमा मेरे लिए आत्म-सम्मान है, अनुपमा मेरे लिए आत्म-प्रेम है, अनुपमा मेरे लिए आत्म-विश्वास है, जो मेरी जिंदगी के बहुत संघर्ष भरे दिनों के बाद आया।

# गुरु रंधावा ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए राहत कैंप लगाए



**मुंबई।** जानेमाने गायक गुरु रंधावा ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए अपने गांव और आसपास राहत कैंप लगाए। गुरु रंधावा अपने संगीत से लोगों के दिल जीतते आए हैं। अब अपने हालिया कदम से उन्होंने यह साबित कर दिया है कि वह न केवल एक बेहतरीन गायक हैं, बल्कि एक शानदार इंसान भी हैं। हाल ही में पंजाब में भारी बारिश और बाढ़ की वजह से आई आपदा के समय, गुरु रंधावा एक बड़ी मदद के रूप में सामने आए हैं। उन्होंने अपने गांव और आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए राहत कैंप लगाए हैं। इस बात की घोषणा करते हुए गुरु रंधावा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, पंजाब और अन्य सभी बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए प्रार्थनाएं। आइए, हम सभी अपनी-अपनी तरफ से मदद करें। मैंने अपने क्षेत्र डेरा बाबा नानक और अपने गांव धारोवाली के पास हेल्प कैंप लगाया है। किसी भी मदद के लिए संपर्क करें-9177196 54739, गुरु रंधावा का यह कदम उनके प्रशंसकों को बेहद प्रभावित कर गया है।







